फाल्गुन कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 64, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 01 अप्रैल 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

सुलग रहा बंगालः

हावड़ा में फिर भड़की हिंसा

कोलकाताः बंगाल के हावड़ा के शिवपुर में रामनवमी के जुलूस पर गुरुवार को मुस्लिम बहुल बस्ती में छतों से पथराव के बाद हुई हिंसा शुक्रवार सुबह फिर भड़क उठी। आसपास के हिंदुओं के घरों पर हमला किया गया है और जमकर पत्थरबाजी हुई है। हालात पर काबू पाने के लिए आरएएफ को उतारना पड़ा है। इलाके में स्थिति बेहद तनावपूर्ण है। वहीं दूसरी ओर इस घटना की सीबीआइ जांच की मांग को लेकर नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उनकी याचिका स्वीकार कर ली गई है। सोमवार को इस पर सुनवाई है। उन्होंने एनआइए जांच की भी मांग की है।

जानबूझकर हिंदुओं को निशाना बनाया गयाः सुवेंदु ने पत्रकारों से बातचीत में खुद इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मुख्य न्यायाधीश की अदालत ने उनकी याचिका को स्वीकार कर लिया है और सोमवार को इसपर सुनवाई होगी। सुवेंदु ने हिंसा के लिए सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस व राज्य सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि इस घटना में तृणमूल के गुंडे व देशविरोधी ताकतें शामिल है। जानबूझकर हिंदुओं को

निशाना बनाया गया है। भाजपा नेता ने कहा कि जुलूस में शामिल लोगों पर पेट्रोल बम तक से हमला किया गया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी तुष्टीकरण की राजनीति कर रही है। उन्होंने दावा किया कि पिछले साल बोगटुई में हुई हिंसा और हाल में मुर्शिदाबाद जिले के सागरदीघि विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में हार के बाद खिसकते मुस्लिम वोट को संभालने के लिए इस घटना को अंजाम दिया गया है।

राजधर्म का पालन करें ममताः सुवेंदु

सुवेंदु ने मुख्यमंत्री से राजधर्म का पालन करने की भी अपील की। सुवेंदु ने इसके साथ ही आरोप लगाया कि जुलूस पर हमले व हिंसा की घटना के सिलसिले में पुलिस ने जिन 35 लोगों को गिरफ्तार किया है उसमें 28 हिंदू लड़के हैं जबकि सिर्फ सात मुस्लिम हैं। उन्होंने कहा कि जिन्होंने हमले को अंजाम दिया, उसको पुलिस बचा रही है और हिंदू-हिंदू कर रही है।

उल्लेखनीय है कि हावड़ा के शिवपुर थाना अंतर्गत काजीपाड़ा इलाके में विश्व हिंदू परिषद, बंजरग दल और अंजनी पुत्र सेना की ओर से गुरुवार शाम में जब रामनवमी का जुलूस निकाला जा रहा था।

घरों पर पथराव होने के बाद रैपिड एक्शन फोर्स ने संभाला मोर्चा; बीजेपी ने हाईकोर्ट में की सीबीआई जांच की मांग

महाराष्ट्र में मंदिरों पर फिर हुई पत्थरबाजी

महाराष्ट्र में मंदिरों पर फिर हुई पत्थरबाजी

बंगाल और महाराष्ट्र में रामनवमी के एक दिन बाद शुक्रवार को फिर हिंसा भड़क गई। उपद्रवियों ने हावड़ा और संभाजीनगर में मंदिरों पर पत्थरबाजी की। इससे पहले गुरुवार को देशभर में रामनवमी के मौके पर राज्यों में हिंसा और आगजनी की खबरें भी सामने आई थीं। गुजरात के वडोदरा, महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर-जलगांव, पश्चिम बंगाल के हावड़ा-इस्लामपुर और लखनऊ में दो समुदायों के बीच झड़प के बाद पथराव और आगजनी की घटनाएं हुईं। अब तक तीन राज्यों में हिंसा के केस में 80 लोगों को हिरासत में लिया गया है। इनमें गुजरात में 24, महाराष्ट्र में 20 और बंगाल में 36 लोग शामिल हैं।

पीएम मोदी की डिग्री दिखाने की मांग वाली याचिका

गुजरात हाईकोर्ट ने केजरीवाल पर लगाया 25,000 का जुर्माना

अहमदाबादः गुजरात हाई कोर्ट से शुक्रवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बड़ा झटका लगा। हाई कोर्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री कार्यालय को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की डिग्री और स्नातकोत्तर डिग्री प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है।

हाई कोर्ट ने सीईसी के आदेश को किया रद्दः हाई कोर्ट ने मुख्य सूचना आयोग (सीईसी) के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें पीएमओ के जन सूचना अधिकारी और गुजरात विश्वविद्यालय और दिल्ली विश्वविद्यालय के पीआईओ को प्रधानमंत्री मोदी की स्नातक और स्नातकोत्तर डिग्री दिखाने का निर्देश दिया था।

केजरीवाल पर लगा जुर्मानाः इसके अलावा हाई कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल पर 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। प्रधानमंत्री मोदी की डिग्री दिखाने की मांग वाली याचिका हाई कोर्ट से खारिज होने के बाद अरविंद केजरीवाल की प्रतिक्रिया भी सामने आई। उन्होंने कहा कि क्या देश को ये जानने का भी अधिकार नहीं है कि उनके प्रधानमंत्री कितने पढ़े हैं?

केजरीवाल की प्रतिक्रिया आई सामनेः अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट किया, "क्या देश को ये जानने का भी अधिकार नहीं है कि उनके पीएम कितना पढ़े हैं? कोर्ट में इन्होंने डिग्री दिखाए जाने का जबरदस्त विरोध किया। क्यों? और उनकी डिग्री देखने की मांग करने वालों पर जुमार्ना लगा दिया जायेगा? ये क्या हो रहा है? अनपढ़ या कम पढ़े लिखे पीएम देश के लिए बेहद खतरनाक हैं।"

'छिपाने के लिए कुछ भी नहीं': प्रधानमंत्री मोदी के मुताबिक, उन्होंने 1978 में गुजरात विश्वविद्यालय से स्नातक और 1983 में दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी की। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पिछले महीने हुई सुनवाई में विश्वविद्यालय की ओर से पेश होकर तर्क दिया कि जब छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है, तब भी विश्वविद्यालय को जानकारी का खुलासा करने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता है। सॉलिसिटर जनरल ने तर्क दिया था, "लोकतंत्र में यह मायने नहीं रखता कि पदधारक डॉक्टरेट या अनपढ़ है। साथ ही इस मुद्दे में कोई जनहित शामिल नहीं है।

मुद्रा संकट से जूझ रहे देशों के साथ रुपये में ट्रेड को तैयार है भारतः वाणिज्य सचिव

नई दिल्लीः भारत उन सभी देशों के साथ भारतीय मुद्रा रुपये में व्यापार करने को तैयार है, जो देश डॉलर की कमी या मुद्रा संकट का सामना कर रहे हैं। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने शुक्रवार को नई विदेश व्यापार नीति (एफटीपी) लॉन्च होने के बाद यह बात कही। वाणिज्य सचिव ने विदेशी व्यापार नीति 2023-28 की घोषणा होने के बाद कहा कि भारत सरकार रुपये में भुगतान की प्रणाली को मजबूत करने पर ध्यान दे रही है। उन्होंने बताया कि भारतीय रुपये को वैश्विक मुद्रा बनाने के।

व्यवधान से त्रस्त है संसदः उपराष्ट्रपति

नई दिल्लीः उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि संसद व्यवधान से त्रस्त है।

संसद में अव्यवस्था सामान्य व्यवस्था बन गई है। उन्होंने यह भी कहा कि गतिशील लोकतंत्र में ऐसा कभी नहीं होगा जब कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका के बीच कोई मतभेद न हो। इन्हें आपसी सहयोग से हल करने की आवश्यकता है। एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने ये बातें कहीं।

बाधित रही है सदन की कार्यवाहीः बता दें कि 13 मार्च को बजट सत्र के दूसरे चरण की शुरूआत के बाद से लोकसभा में लगातार व्यवधान देखा जा रहा है। विपक्षी सदस्य अदाणी मुद्दे की संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से जांच की मांग कर रहे हैं। उपराष्ट्रपति ने आगाह किया, लोगों को देश के भीतर और बाहर काम करने वाली वैश्विक मशीनरी द्वारा भारत की अखंडता के खिलाफ सुनियोजित छद्म युद्ध के प्रति जागरूक होने की आवश्यकता है। भारत के विकास को बाधित करने, लोकतांत्रिक संस्थानों को बदनाम करने के लिए भीतर और बाहर कपटी ताकतें काम कर रही हैं।

बिहार 10वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम घोषित, 79 प्रतिशत छात्र सफल

पटनाः बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने शुक्रवार को 10वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया। शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर ने ऑनलाइन परीक्षा परिणाम जारी किया। इस बार टॉप-10 में कुल 69 विद्यार्थी शामिल हैं। इसमें 33 लड़कियां हैं। शिक्षा मंत्री ने बताया कि 79 प्रतिशत छात्र सफल हुए हैं। परीक्षा में शेखपुरा के मोहम्मद रुम्मान अशरफ ने टॉप किया है। उन्हें 97.8 फीसदी (489) अंक मिले हैं। मो. रूम्मान अशरफ इस्लामिया हाई स्कूल के छात्र हैं। दूसरे नंबर पर भोजपुर की नम्रता और

औरंगाबाद की ज्ञानी अनुपमा रहीं। इन्हें 97.2 फीसदी (486) अंक मिले हैं। तीसरे स्थान पर नालंदा की संजु कुमारी, पश्चिमी चंपारण की भावना कुमारी और लखीसराय के जयानंदन कुमार पंडित रहीं। परीक्षा में कुल 04 लाख 73 हजार 615 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। पांच लाख 11 हजार 623 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी और दो लाख 99 हजार 518 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी में पास हुए हैं। उल्लेखनीय है।

40 सीटों पर एनडीए जीतेगी चुनावः सम्राट चौधरी

नवादाः भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा है कि नीतीश कुमार बिहार की जनता के साथ ही अपनी पार्टी में भी विश्वसनीयता खो चुके हैं ।जिस कारण अब वे किसी काम के लायक नहीं बचे हैं ।आगामी लोकसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन बिहार के 40 सीटों पर चुनाव जीतकर अपना परचम लहराएगी ।वे शुक्रवार को नवादा में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे । उन्होंने कहा कि नवादा के हिसुआ इंटर स्कूल के मैदान में 2 अप्रैल को देश के गृह मंत्री अमित शाह प्रवास कार्यक्रम के तहत पहुंच रहे हैं ।इसी कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने नवादा पहुंचे हैं ।उन्होंने कहा कि प्रवास कार्यक्रम में नवादा जिले के लाखों लोग उपस्थित होंगे ।उमड़ी जनसमूह यह बताने के लिए काफी होगी कि बिहार का आने वाला भविष्य क्या होगा । उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार सदा छल करके सत्ता हासिल करते रहे हैं ।लेकिन अब उनके दिन लद चुके हैं । मेरे रहते अब किसी भी कीमत पर उन्हें भाजपा में अब एंट्री नहीं मिलेगी। बिहार में अपराधियों का शासन कायम हो चुका है।

उप्र : पांच आईपीएस अधिकारियों का स्थानांतरण

लखनऊ। राज्य सरकार ने शुक्रवार को पांच आईपीएस अधिकारियों का स्थानांतरण किया है। आईपीएस आनंद कुमार को कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग के पद से हटाकर नई तैनाती मिली है। पुलिस मुख्यालय से जारी सूची के अनुसार अपर पुलिस महानिदेशक, कानून एवं व्यवस्था की जिम्मेदारी संभाल रहे प्रशांत कुमार को विशेष पुलिस महानिदेशक (अपराध) एवं अपराध संगठन का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। विजय कुमार को पुलिस महानिदेशक, सीबीसीआईडी एवं निदेशक सतर्कता का अतिरिक्त जार्च मिला है।

14 सांसद अयोग्य हुए, लेकिन गांधी परिवार खुद को मानता है कानून से ऊपर''

नई दिल्लीः सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि लालू प्रसाद यादव समेत 14 सांसदों को आपराधिक मामलों में दोषी ठहराए जाने के बाद अयोग्य ठहराया गया है, लेकिन गांधी परिवार खुद को कानून से ऊपर मानता है और राहुल गांधी को लोकसभा सदस्यता के अयोग्य ठहराने पर आंसू बहा रहा है। एक कार्यक्रम में अनुराग ठाकुर ने प्रियंका गांधी वाड्रा के उनके परिवार का देश के लिए बलिदान के दावे पर पलटवार करते हुए कहा कि नेहरू-गांधी परिवार की तीन पीढ़ियों ने 60 वर्षों तक देश पर शासन किया है, जबकि स्वतंत्रता संघर्ष में योगदान देने वाले हजारों लोग संसद तक भी नहीं पहुंच सके। उन्होंने कहा कि गांधी परिवार खुद को कानून, संसद और देश से ऊपर मान रहा है और जर्मनी, अमेरिका व ब्रिटेन के आगे घुटने टेक रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, ''वे भूल गए कि मतदान भारत के लोग करते हैं। वे विदेश में आंसू बहा सकते हैं, लेकिन यहां गुजरात से त्रिपुरा, मेघालय व नगालैंड, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मणिपुर, गोवा तक.. हर जगह भाजपा जीत दर्ज कर रही है।'' ठाकुर ने आरोप लगाया कि राजनीतिक परिध्श्य से राहुल गांधी को हटाने के लिए कांग्रेस के अंदर ही साजिश रची गई। उन्होंने आश्चर्य जताते हुए कहा, 'न तो प्रियंका गांधी और न ही किसी अन्य कांग्रेस नेता ने राहुल गांधी को राजनीतिक परिध्श्य से हटाने की साजिश के आरोपों पर जवाब दिया। ये कौन लोग हैं जो राहुल गांधी से छुटकारा पाना चाहते हैं? किसने यह सुनियोजित साजिश रची है।' केंद्रीय मंत्री ने कहा, ''लोग उनके समर्थन में बाहर निकलने को तैयार नहीं हैं।

रबी सीजन में तीन लाख टन प्याज खरीदेगी सरकार

मुंबईः केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि सर्दियों की फसल (रबी सीजन) आने के बाद सरकारी एजेंसियां तीन लाख टन प्याज खरीदेंगी। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग संभालने वाले गोयल ने कहा कि पिछले साल की रबी फसल के दौरान 2.5 लाख टन प्याज की खरीद की गई थी और इस साल इसे बढ़ाकर तीन लाख टन करने का आदेश दे दिया गया है।

बाजार में नहीं है अधिक प्याज उपलब्धः उन्होंने कहा कि नेशनल कोआपरेटिव कंज्यूमर फेडरेशन (एनसीसीएफ) और

नेशनल एग्रीकल्चरल कोआपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन आफ इंडिया (नेफेड) को भी खरीफ फसल में होने वाले प्याज को खरीदकर स्टाक बनाने का निर्देश दिया गया था, लेकिन बाजार में अभी बहुत ज्यादा प्याज उपलब्ध नहीं है। पिछले महीने प्याज की कीमतों में भारी गिरावट ।

कानपुर मार्केट अग्निकांडः अग्निकांड का राजनीतिकरण न करें: बृजेश पाठक

कानपुरः उत्तर प्रदेश के सबसे बड़े रेडीमेड गारमेंट्स बाजार हमराज सहित कई टावरों में लगी आग बेहद दुखद घटना है। इससे करीब छह सौ से अधिक दुकानें जलकर खाक हो गई हैं और व्यापारियों का बड़ा नुकसान हुआ है। सरकार पूरी तरह से नजर बनाये हुए है और व्यापारियों का अहित नहीं होगा। बीमा कंपनियों के साथ सरकार व्यापारियों के हुए नुकसान का पूरा मुआवजा देगी। यह बातें शुक्रवार को मौके पर पहुंचे उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने

कही। अनवरगंज थाना क्षेत्र बासमंडी चौराहे के पास देर रात रेडीमेड गारमेंट्स बाजार हमराज कॉम्पलेक्स सहित चार टावरों में भीषण आग लग गई थी। आग इतनी विकराल है कि कानपुर सहित आस पास के जनपदों की सैकड़ों फायर ब्रिगेड की गाड़ियां करीब 14 घंटे से कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाने का प्रयास कर रही हैं। भीषण आग से करीब आठ सौ दुकानें जलकर खाक हो गईं और हजारों करोड़ रुपये का नुकसान हो गया। आग को बुझाने के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस, फायर बिग्रेड और सेना के जवान जुटे हुए हैं। प्रशासन का पूरा अमला भी मौजूद है और आलाधिकारी बराबर मॉनिटरिंग कर रहे हैं। भीषण आग की घटना को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक भी मौके पर पहुंचे।

24 घंटे में कोरोना के 3,095 मामले दर्ज किए गए हैं

लगातार दूसरे दिन 3 हजार से ज्यादा कोरोना के मामले

नई दिल्लीः देश में कोरोना के मामलों में मामूली बढ़ोतरी देखने को मिली है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि बीते 24 घंटे में कोरोना के 3,095 मामले दर्ज किए गए हैं। वहीं, इससे पहले कल यानी गुरुवार को कुल 3,016 मामले सामने आए थे। एक दिन में कोरोना के मामले 79 बढ़ गए हैं।

एक्टिव केस 15 हजार के पारः

सीएम केजरीवाल ने बुलाई बैठकः उधर, दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने कोरोना की स्थिति पर समीक्षा के लिए शुक्रवार को एक बैठक बुलाई है। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज के

अलावा वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहेंगे। इससे पहले, गुरुवार को सौरभ भारद्वाज ने स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ मुलाकात कर हालात का जायजा लिया था।

220.65 करोड़ से ज्यादा लगी वैक्सीनः देश में कोरोना वैक्सीन की अब तक 220.65 करोड़ से ज्यादा खुराक दी जा चुकी है। 102.73 करोड़ से ज्यादा लोगों को पहली डोज लग चुकी है। 95.19 करोड़ से ज्यादा दूसरी खुराक दी गई है। इसके अलावा देश में 22.72 करोड़ से ज्यादा लोगों को प्रीकॉशन डोज भी लग चुकी है।

मेरे खिलाफ एक भी शब्द बोलकर दिखाएं केजरीवालः असम सीएम

गुवाहाटीः असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने शुक्रवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल मेरे खिलाफ एक भी शब्द बोलकर दिखाएं। अगले दिन मैं उन पर मानहानि का मुकदमा करूंगा।

क्या है पूरा मामला ?ः हाल ही में अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली विधानसभा में कहा था कि ईडी और सीबीआई ने देश के सभी भ्रष्ट लोगों को एक पार्टी में इकट्ठा कर दिया। ईडी-सीबीआई ने छापा मारते हैं और बंदूक रखते हैं और कहते हैं कि जेल जाना है या फिर भाजपा में जाना है। मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के यहां पर बंदूक रखी। उन्होंने आगे कहा था कि हिमंत बिस्वा सरमा के यहां पर गए, तो उन्होंने कहा कि भाजपा में जाना मंजूर है। उन्होंने चोरी कर रखी थी। इसी प्रकार नारायण राणे, सुवेंदु अधिकारी समेत तमाम लोग भाजपा में शामिल हो गए। जिस दिन प्रधानमंत्री मोदी पीएम नहीं रहेंगे, भारत 'भ्रष्टाचार मुक्त भारत' बन जाएगा... जिस दिन उनकी सरकार सत्ता से बाहर हो जाएगी, भाजपा के लोगों को सलाखों के पीछे डाल देंगे, देश भ्रष्टाचार मुक्त होगा।

हिमंत बिस्वा सरमा ने केजरीवाल को दी चुनौतीः इसी बीच हिमंत बिस्वा सरमा ने अरविंद केजरीवाल पर पलटवार करते हुए उन्हें चुनौती दे डाली। उन्होंने कहा कि क्या मेरे खिलाफ कोई एफआईआर है?

मैं मानहानि का मुकदमा दायर

खबर संक्षेप

पति ने किया अप्राकृतिक मैथुन

मऊआइम। दहेज में दस लाख रुपये की मांग न पूरी होने पर ससुरालियों ने विवाहिता का जमकर उत्पीड़न किये। विवाहिता के लाख मना करने के बावजूद पति बराबर अप्राकृतिक मैथुन करता रहा। विवाहिता को मार पीट कर भगा दिए। विवाहिता ने मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर पति सहित चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम चकहाफिज उर्फ पूरे शीतल निवासी एक युवती की शादी 21 अप्रैल 2022 को सोरांव थाना क्षेत्र के ग्राम महमदपुर नौगवां निवासी सूरज सिंह पटेल पुत्र स्वर्गीय राम किशुन के साथ हुई थी। विवाहिता का आरोप है कि शादी के बाद ससुरालियों ने दस लाख नगदी दहेज की मांग की मांग न पूरी होने पर उसे नाना प्रकार का उत्पीड़ित किया जाने लगा। आरोप है कि पति तमाम विरोधों के बावजूद उसके साथ निरंतर अप्राकृतिक बलात्कार करता रहा। उधर ससुरालियों ने दस लाख की मांग पर अडे रहे। विवाहिता का आरोप है कि उसे मार पीट कर भगा दिया गया। विवाहिता ने मऊआइमा थाने में पति सूरज सिंह पटेल ,सास गायत्री देवी, ननदें रेखा और रूबी निवासीगण महमदपुर नौगवां के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है।

बे मौसम बारिश ओलावृष्टि से गेहूं की फसल बर्बाद

अखण्ड भारत संदेश

लेड़ियारी। तहसील कोरांव के गावों में बे मौसम मूसलाधार बारिश और ओलावृष्टि से किसानों की फसल पूरी तरह बरबाद हो गई है। तहसील कोरांव के गावों में तीसरी बार बे मौसम बारिश तथा ओलावृष्टि हुई हैअब किसानों की सारी उम्मीदें समाप्त हो गई है इतने दिनों तक जो फसल ओलावृष्टि से बची थी वह तीसरी बार बे मौसम मूसलाधार बारिश से गेहूँ की फसल पूरी तरह नष्ट हो गई हैशुक्रवार को कोरांव क्षेत्र में तीसरी बार तेज बारिश तथा ओलावृष्टि से डीही खुर्द, अरुआरी, कोलसरा, पवांरी, डील, सेमरी, देई बांध, पथरपुर,देवरी, मोजरा,खोंचा, गड़री,किहुनी कलां, किहुनी खुर्द मझगवां आदि गावों में किसानों की फसल चौपट हो जाने से उनके सामने अब खाने के लाले पड़ जाएगें

अधिकारी सर्वे में नुकसान नहीं मानते : इतने पर कृषि विभाग तथा राजस्व विभाग भाग सर्वे करने के बाद आकलन नहीं कर पा रहा हैजबकि पानी से किसानों की फसल अधिक खराब हो चुकी है।गेहूँ के दाने खराब हो चुके हैंकेवल खेतों में गेहूँ की फसल का डांठ खड़ा है किसानों का कहना है कि गेहूँ की फसल में अब दम नहीं है।

तेज तूफान से गिरे पेड बारिश और झमाझम ओले के साथ हुई बारिश

कई गांवों में जनजीवन प्रभावित किसानों की फसलों को हुई क्षति

करछना। विकास खंड करछना के अंतर्गत शुक्रवार सायंकाल अचानक तेज हवा के साथ बारिश एवं ओले पड़ने से किसानों को काफी नुकसान हुआ बताया जाता है कि विकासखंड के महोरी रीवा गांव बरदहा कैथी आदि आधा दर्जन से अधिक गांवों में तेज हवा के साथ हुई बारिश और झमाझम ओले पड़ने से व्यापक पैमाने पर फसलों का नुकसान हुआ है ग्राम प्रधान महोरी रीवा राजकुमार पटेल ने बताया कि गांव के जाने वाले मार्ग पर कई हरे पेड़ तेज तूफान के कारण गिर कर धराशाई हो गए जिससे आवागमन बाधित हो गया था जिसे मजदूरों को लगाकर रास्ते को खाली कराया गया वहीं बिजली के खंभे टूटने से भी गांव में बिजली की समस्या भी उत्पन्न हो गई है बताया जाता है कि शुक्रवार को बारिश अचानक होने से क्षेत्र में काफी जनजीवन के साथ-साथ किसानों की फसलों गेहूं आदि खेतो में सब नष्ट हो गए हैं तथा खेतों में पानी लग जाने से पूरी फसल बर्बाद हो गई है।

स्वास्थ्य ही जीवन का आधार है : डॉ रीता जोशी

अखंड भारत संदेश

बृज मंगल इंटर कालेज रामपुर में ब्लाक स्तरीय स्वास्थ मेले का सांसद ने किया उद्धघाटन

करछना। प्रधानमंत्री जन स्वास्थ योजना और मुख्यमंत्री स्वास्थ योजनाओं के तहत गांव-गांव में इनका लाभ पहुंचाने के लिए विभागीय सक्रियता को और भी बढाने की आवश्यकता है।आयुष्मान भारत जैसी विशेष योजनाएं आज तमाम गरीब भाइयों के लिए लाभदायक बन चुकी है। हमारी सरकार लोगों के अच्छे स्वास्थ के प्रति पूरी तरह सजग है।

यह बातें रामपुर स्थित बृज मंगल सिंह इंटर कालेज के परिसर में आयोजित एक दिवसीय ब्लाक स्तरीय स्वास्थ मेले में उद्धघाटन अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद डा.रीता बहुगुणा जोशी ने कही।उन्होने स्वास्थ ही जीवन का आधार है।विधायक पीयूष रंजन निषाद ने भी सरकार और आम आदमी के बीच की कड़ी के रूप में सेवाओं का लाभ पहुंचाने वाले विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को इसमे कोई कोताही न बरतने की बात कही। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.आंसू पांडेय ने भी लोगों को विभागीय स्वास्थ योजनाओं की जानकारी दी, विद्यालय के प्रबंधक डॉ.भगवत पांडेय ने सभी का स्वागत करते हुए स्वास्थ संबधी जानकारियां भी दी।कार्यक्रम के दौरान बाल विकास परियोजना के तहत कुपोषित श्रेणी में रिदा फातमा,हंसी और हेल्दी बेबी के लिए रूमेशा और कृष्णा की माताओं को साडी और 2100 रुपए नगद से सम्मानित किया गया वहीं स्वास्थ विभाग द्वारा विद्यालय में अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए मेधावी छात्रा खुशबू पांडेय,नेहा तिवारी,वैष्णवी मिश्रा को तमन्ना इंस्टीटूयूट द्वारा प्रदान नगद धनराशि और प्रशस्ति पत्र देकर सांसद ने सम्मानित किया।सीएचसी करछना के अधीक्षक डॉ.केबी सिंह ने अतिथियों को बुके प्रदान कर स्वागत करते हुए सभी के प्रति आभार प्रकट किया। समारोह की अध्यक्षता भाजपा के यमुनापार विभवनाथ भारती और संचालन हास्य कवि अशोक बेशरम ने किया।

किसान नेताओं ने खराब सड़क और बसों के संचालन की शिकायत मंत्रियों से किया

अखंड भारत संदेश

कोरांव। कस्बा कोरांव और क्षेत्र के बदहाल सड़कों की समस्या और को लेकर राजू चौबे जिलाध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन भानु के नेतृत्व में किसानों का एक प्रतिनिधिमंडल उत्तर प्रदेश के लोक निर्माण विभाग मंत्री जितिन प्रसाद और परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह से लखनऊ कार्यालय में एक साथ मुलाकात किया। इस मौके पर किसान नेताओं ने पीडब्ल्यूडी के अंतर्गत आने वाली नगर पंचायत कोरांव और विभिन्न ग्राम सभाओं को जोड़ने वाली मुख्य मार्गो की बदहाली का मुद्दा पुरजोर तरीके से उठाते हुए निदान की मांग किया है और साथ ही साथ आगामी 22अप्रेल को तहसील कोरांव अंतर्गत ग्राम सभा बढ़वारी में बन रहे भगवान परशुराम के मंदिर उदघाटन के मौके पर आने के निमंत्रण भी दिया। किसानों ने लोक निर्माण मंत्री के अलावा परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह से भी कोरांव से प्रयागराज के लिए नियमित रूप से बसों का संचालन की मांग किया है और परिवहन मंत्री को कोरांव क्षेत्र में चल रही डग्गामार वाहनों एवम उनके द्वारा यात्रियों के हो रहे शोषण साथ ही साथ जर्जर पड़े बस स्टैंड को कायाकल्प कराने हेतु अवगत कराया जिस पर दोनो विभाग के मंत्रियों ने गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए शीघ्र ही समस्या से निजात दिलाने का आश्वासन दिया। इस मौके किसान नेता राजू चौबे ने कहा की नर सेवा ही नारायण सेवा है और नगर वासियों के समस्या के निदान के लिए हर संभव प्रयास करुंगा और अगर मांगे शीघ्र ही न मानी गई तो आवश्यकता पड़ने पर सड़को पर भी उतरना पड़ा तो पीछे नहीं हटूंगा। युवा किसान नेता राजेश पांडे ने कहा कि नगर पंचायत कोरांव में सरकारी बसों के संचालन न होने से यात्रियों को शहर जाने के लिए काफी मशक्कत का सामना करना पड़ता है प्राइवेट वाहनों द्वारा यात्रियों का जबरदस्त शोषण किया जाता है मनमाना किराया वसूला जाता है और विरोध करने पर आए दिन वाद-विवाद की स्थिति देखी जाती है जोकि निंदनीय है हालांकि परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने इस समस्या से निजात दिलाने का पुरजोर आश्वासन दिया है और कहा है कि डग्गा मारी वाले वाहन स्वामियों के ऊपर सख्त कार्रवाई किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से पिंटू चौबे जिला पंचायत सदस्य प्रयागराज प्रमोद मिश्र पयासी विपुल दुबे मंगला कोल आदि लोग उपस्थित रहे।

मौलानाओ ने बताया जकात का पैसा देखावा कर के देना बिलकुल गलत

मऊआइमा। मऊआइमा नगर पंचायत अध्यक्ष चुनाव की आरक्षण सूची आते ही भावी चेयरमैन पद के प्रत्याशी जो आज तक रमजानुल मुबारक के पाक महीने में उनके जकात का ढाई प्रतीशत जकात जो अनिवार्य है पता नहीं चलता था। बताते हैं कि इस बार भावी प्रत्याशियों द्वारा जकात के पैसों का घर घर राशन सामग्रियां बांट रहे हैं। इस बाबत मौलाना मोहम्मद आदिल नदवी ने बताया कि यह सरासर गलत है। यदि महज वोट के लिए जकात भी बंट जाए और वोट भी मिल जाए सरासर गलत है। यह अपना आखिरत दुनिया दोनों खराब कर रहे हैं। देखावा करना बिल्कुल हराम है।मौलाना आदिल नदवी ने सख्त लहजे में कहा कि ऐसे लोगों को अल्लाह माफ नहीं करेगा।अल्लाह का अजाब सख्त है। गरीबों को देखावा करके जकात देना गरीबों का मजाक उडाना है। मौलाना उबैद उल्ला ने कहा कि जकात देना साहबेहैशिय पर अनिवार्य है परन्तु यह दिल से दिया गया हो। परन्तु वोट ,जकात दोनों के लिए सरासर बिदअत है। ऐसे लोग इस्लाम में नहीं आते। मौलाना ने एक हदीस के हवाले से कहा कि पाक रसूल ने सख्ती से मना फरमाया है।मुफ्ती मौलाना हिबजुल रहमान ने कहा कि ऐसे लोगों पर अल्लाह की फटकार है इन्हें न वोट मिलेगा न सवाब। यह अपना आखिरत बर्बाद कर रहे हैं।

मऊआइमा के तीन अलग अलग गांवों में हुई चोरी

मऊआइमा। मऊआइमा में तीन अलग अलग गांवों में चोरी की वारदातों से हडकंप मच गया है। एक गांव में बाइक एक जगह ई रिक्शा, जबकि मोबाइल टावर के उपकरण चोरी तीनों मामलों में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम ग्राम घीनपुर में फोर जी मोबाइल का टावय लगा हुआ है। जब टेक्नीशियन देखने गया तो हजारों रुपए का मोबाइल का उप करण अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। टेक्निकल पंकज तिवारी ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। उधर ग्राम जमखुरी निवासी राम कुमार पुत्र राम लाल अपनी बाइक से ब्लाक चौराहे पर आया था। बताया गया है कि वह बाइक खडी करके सामान खरीदने लगा जिसे अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। राम कुमार ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।ग्राम गदियानी निवासी मोहम्मद रहीम पुत्र मोहम्मद शरीफ अपना ई रिक्शा चालक है। रात में अपना ई रिक्शा घर के सामने खडी करके सोने चला गया जब सुबह देखा तो ई रिक्शा चोरी हो चुका था।मोहम्मद रहीम ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। पुलिस चोरी की घटनाओं के बाबत चोरों का पता लगाने में जुटी हुई है।

कृष्ण और सुदामा की मित्रता का गुणगान किया

अखंड भारत संदेश

करछना। साप्ताहिक संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान कथा के सातवें व अंतिम दिन करछना के लिगदहिया गांव में कथा सुनने के लिए स्थानीय श्रद्धालु भक्त श्रोता लोगो की भीड़ रही। कथावाचक के रूप में प्रयागराज से पधारे व्यासपीठ पर विराजमान आचार्य हरिहर महाराज जी ने कथा के सातवें दिन श्री कृष्ण -सुदामा की मित्रता व परीक्षित मोक्ष की कथा विस्तार से कही। उन्होंने कृष्ण -सुदामा की मित्रता का बखान करते हुए बताया कि संसार में चार या पांच प्रकार की मित्रता अच्छी व सच्ची मित्रता है । जिस में राम और सुग्रीव की मित्रता दुर्योधन और कर्ण की मित्रता कृष्ण और सुदामा की मित्रता कृष्ण और अर्जुन की मित्रता व दूध और पानी की मित्रता है । उन्होंने दूध और पानी की मित्रता का गुणगान करते हुए बताया कि दूध पानी को भी अपने रंग में कर लेता है । और पानी भी स्वयं जल जाता है । लेकिन दूध को जलने नहीं देता । वही दूध भी पानी के गायब हो जाने पर व्याकुल होकर बाहर होने लगता है । लेकिन मित्र पानी को पाकर वह शांत हो जाता है । इस अवसर पर कलाकारों की ओर से कृष्ण व सुदामा की सुंदर व आकर्षक झांकी भी निकाली गयी। कथा के मुख्य श्रोता यजमान फूल चंद्र सिंह व अमृता देवी की ओर से कथा व्यास सहित आचार्य लोगों का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया। कथा के आयोजक राजेश सिंह संतोष सिंह संयोजक विनोद सिंह नीलेश सिंह बबलू व्यवस्थापक सूबेदार सिंह व अरविंद सिंह की ओर से सभी के प्रति आभार जताया गया। इस मौके पर पं रमाकांत शास्त्री प्रधानाचार्य महेंद्र कुमार तिवारी नीरज रामसेवक सिंह ज्ञान सिंह पटेल अनिल कुमार मिश्रा सहित आदि भक्त लोग मौजूद रहे।

रामनवमी पर हुआ हुआ अखण्ड रामचरित मानस पाठ एवं भंडारा

लालापुर। क्षेत्र के मझियारी गांव मे अवधूत नाथ स्वामी की प्राचीन कुटी पर अवधूत नाथ स्वामी सेवा समिति के अध्यक्ष अंकुश पाण्डेय अंश की अध्यक्षता मे रामनवमी के अवसर पर अखण्ड रामचरित मानस पाठ फिर पूर्णाहुति हवन एवं भंडारा का कार्यक्रम रखा गया जिसमे समस्त ग्राम वासियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया अंकुश पाण्डेय से बात करने पर पता चला की अवधूत नाथ स्वामी सिद्ध पुरुष थे आज भी मझियारी गांव के लोग महराज जी को देव तुल्य पूजते हैं लेकिन कुछ अराजक तत्वों द्वारा महराज जी की कुटी पर शराब जुआ की शुरूवात हो गयी थी फिर युवा समाजसेवी अंकुश पाण्डेय ने इसका विरोध किया तथा अपनी हिन्दू आस्था को जगाने मे लग गए इसी क्रम मे इस रामनवमी पर अंकुश पाण्डेय अंश ने समस्त ग्रामवासियो के साथ मिलकर अखण्ड रामचरित मानस पाठ और भंडारे का आयोजन हुआ और संकल्प लिया गया की गांव की इस विरासत को अब सवारना है तथा प्रत्येक रामनवमी पर अखण्ड रामचरित मानस पाठ और भंडारे का आयोजन किया जायेगा। इस कार्यक्रम मे भाजपा मण्डल अध्यक्ष वंदना सिंह, मुकेश द्विवेदी, विनोद पाण्डेय, कुलदीप सिंह, राहुल पाण्डेय, शिवम् पाण्डेय, विवेक सिंह भदौरिया, विराट पाण्डेय एवं समस्त ग्रामवासी एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

हरीसेनगंज के प्राचीन हनुमान मंदिर पर किया गया यज्ञ का आयोजन

मऊआइमा। मऊआइमा विकास खण्ड के हरिसेनगंज स्थित प्राचीन मन्दिर में राम भूषण शास्त्री के देख रेख में यज्ञ का आयोजन राम नवमनी के अवसर पर किया गया। उसके बाद पूरे हरीसेनगंज में शोभा यात्रा निकाली गई और फिर प्रवचन का कार्यक्रम हुआ तत्पश्चत कन्या पूजन करके कन्या भोज करवाकर कार्यक्रम का समापन किया। संचालन आचार्य शिव कुमार ब्रह्मचारी ने किया ,सुरेश कुमार कौशल ,शंकर लाल गुप्ता ,राकेश कुमार पटेल ग्राम प्रधान पति माही कौशल आदि उपस्थित थे।

पहुंच और रसूख वालों के अवैध कारोबार पर नहीं लग रहा अंकुश!

आधा दर्जन नदी घाटों पर बेधड़क हो रहा अवैध खनन

अखंड भारत संदेश

रत्योरा। पहुंच व रसूख वालों के अवैध कारोबार पर अंकुश लगता नहीं दिख रहा है। क्षेत्र के आधा दर्जन नदी घाटों पर बिना परमिट के बेधड़क अवैध खनन का कारोबार जारी है। सोशल मीडिया में वायरल हो रहे वीडियो अवैध खनन के कारोबार की जहां कलई खोल रहे हैं, वहीं स्थानीय पुलिस प्रशासन पर भी लोग सवालिया निशान लगा रहे हैं। सोशल मीडिया में वायरल हो रहे वीडियो में साफ तौर पर दिख रहा है कि बांसगांव के बेलन नदी घाट पर नाव से बालू छानकर निकाली जाती है। ट्रैक्टरों पर लादकर ढुलाई की जा रही है। इसी तरह बेलन नदी के भोगन घाट, खिवली घाट, मटियार घाट समेत आधा दर्जन घाटों पर अवैध बालू निकासी का कारोबार चल रहा है। जिन गांव के घाटों पर अवैध खनन का कारोबार चल रहा है वहां के ग्रामीणों की बातों पर गौर करें तो उनका कहना है कि स्थानीय पुलिस और प्रशासन से अवैध कारोबार की शिकायत की जाती है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होती है। इतना ही नहीं ग्रामीण शिकायत कताओं के द्वारा अवैध खनन के कारोबार में संलिप्त पहुंच व रसूख वालों का नाम भी सोशल मीडिया में वायरल किया जा रहा है। बावजूद इसके कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। चर्चा है कि कार्रवाई के नाम पर पहुंच व रसूख की खनन माफिया धौंस भी जमाते हैं। कोराव एवं खीरी थाना क्षेत्रों में जहां नदियों से अवैध बालू खनन का कारोबार चल रहा है, वहीं क्षेत्रीय पहाड़ों पर गिट्टी पत्थर व बोल्डर तोड़ने व परिवहन करने का भी कार्य बेधड़क चल रहा है। इस अवैध कारोबार पर स्थानीय जिम्मेदार आंख पर काला चश्मा लगाकर इस तरह निकल जाते हैं जैसे कोल्हू का बैल शिकायत के बाद अवैध कारोबार पर अंकुश न लगना सरकार व विभागीय उच्चाधिकारियों की भी किरकिरी करा रहा है। शिकायतकर्ता कार्रवाई न होने को लेकर तरह-तरह की चचाएं करते रहते हैं।

बांस देवघाट भोगन में अवैध बालू निकासी को लेकर भाकियू ने दिया ज्ञापन

रत्योरा। कोरांव क्षेत्र में अवैध खनन को लेकर शिकायतों पर कार्रवाई न होने से नाराज भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के कार्यकताओं ने प्रभावी कार्यवाही के लिए तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है। भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) टिकैत गुट के ब्लॉक अध्यक्ष रामराज सिंह एवं तहसील अध्यक्ष अनिल कुमार के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकताओं ने पहुंचकर अवैध खनन पर प्रभावी कार्यवाही के लिए तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में टिकैत गुट के पदाधिकारियों ने बताया है कि बांस, बड़ोखर, देवघाट, भोगन में बिना लीज व पट्टे के अवैध बालू निकासी का कारोबार चल रहा है। शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। ज्ञापन में कहा गया है कि नाव के द्वारा बालू छान का पानी से निकाली जा रही है। जिसकी दूने दाम में बिक्री की की जा रही है। पूरे मामले को लेकर प्रशासन मौन बना हुआ है। ज्ञापन सौंप रहे लोगों ने तहसील प्रशासन से इस अवैध कारोबार पर अंकुश लगाए जाने की मांग की है। तहसीलदार अनिल कुमार वर्मा ने ज्ञापन दे रहे लोगों को आश्वस्त किया कि निश्चित तौर पर प्रभावी कार्यवाही की जाएगी।

न्यूज झरोखा

बकाया भुगतान के लिए कोटेदारो ने बैठक कर बनाई रणनीति

करछना। घटवा गांव में शुक्रवार को तहसील करछना के तीनों ब्लॉक के कोटेदारों ने संघ के अध्यक्ष शिवपूजन केसरवानी के आवास पर बैठक की। इस दौरान लंबित मांगों को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक कि अध्यक्षता तहसील करछना शिव पूजन केशरवानी ने किया। बैठक में उपस्थिति कोटेदार संघ करछना ब्लाक अध्यक्ष रमा शंकर पांण्डे ने कहा कि कोटेदारों का कमीशन 300 रुपए कुंतल किया जाए या 50 हजार रुपए प्रतिमाह वेतन दिया जाए। कोटेदारों का बकाया भाड़ा 2001 से 2015 तक उठाए गए खाद्यान्न का लाभांश व भाड़ा तत्काल दिया जाए। साथ ही प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्य योजन व नियमित खाद्यान्न का जल्द बकाया लाभांश दिया जाए। विगत वर्ष से अब तक कई कोटेदारों का कोरोना संक्रमण से निधन हो गया है। ऐसे पीड़ित परिवार को लाभ दिया जाए और कार्यरत कोटेदारों को अन्य विभागों की तरह बीमा की सुविधा मुहैया कराई जाए। राशन उठान करते समय पल्लेदारी का खर्च न दिया जाए। करछना कोटेदार संघ के उपाध्यक्ष महेन्द्र प्रसाद द्विवेदी ने कहा डोर डिलीवरी होने के बाद भी कोटेदारों से भाड़ा व पल्लेदारी की वसूली कि जा रही है जो शासनादेश मे यह व्यवस्था उदेश्य के विपरीत है। बैठक में इंद्रजीत पटेल ने कहा कि अगर कोटेदारों की बकाया भुगतान जल्द नहीं कराया जाता तो करछना तहसील के सामूहिक रूप से सभी विक्रेता ई-पाँश मशीने जिला आपूर्ति अधिकारी के जमा करके राशन वितरण का बहिष्कार कर देंगे। बैठक में प्रमुख रुप सेसुनील कुमार शुक्ला, सूर्य मणि द्विवेदी, बनवारी लाल, भरत नारायण, राम तीरथ, रामसूरत, बनवारी लाल, जगन्नाथ पटेल, हीरालाल, लालाराम, विकास, जगत नाथ, राज कुमार, रामबाबू गुप्ता कोटेदार उपस्थित रहे।

राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की वार्षिक आम सभा की बैठक संपन्न

पसना। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन विकास खंड कोरांव की वार्षिक आम सभा की बैठक का आयोजन विकास खंड परिसर में आयोजित किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक राजमणि कोल व विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख मुकेश कुमार कोल उपस्थित रहे।खंड विकास अधिकारी मुकेश कुमार ने आए हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए समूह की महिलाओं द्वारा ब्लाक स्तर पर किए जा रहे कार्यों की संक्षिप्त जानकारी सभा में रखी।मुख्य अतिथि द्वारा समूह में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को प्रशस्ति पत्र एवम ट्राफी प्रदान की गई। सभी समूह के अध्यक्ष द्वारा गांवो में समूह के माध्यम से किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी सभा में दी गई। सभा में प्रमुख रूप से भारतीय किसान संघ के प्रांत मंत्री भोला सिंह मुन्ना,किसान संघ की काशी प्रांत महिला सभा अध्यक्ष उर्मिला सिंह,धीरज सागर,एवम समूह के सभी अधिकारी मौजूद रहे।

लालापुर पहुंचे जस्टिस गौतम चौधरी किया पूजन अर्चन

लालापुर। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश गौतम चौधरी परिवार के साथ शुक्रवार को लालापुर पहुंचे। वहां उन्होंने मनकामेश्वर धाम लालापुर व अमिलिया तरहार गांव स्थित माता मसुरिया का दर्शन व पूजन किया। उनके साथ एसडीएम बारा सीओ बारा संत लाल सरोज लालापुर पुलिस के साथ मौजूद रहे। इस मौके पर अभय राज यादव, मिथिलेश मिश्र, अखिलेश कुमार, ग्राम प्रधान लालापुर शंकरलाल पांडेय, प्रधान अमिलिया देवेंद्र उपाध्याय, पुजारी गज्जू, भोला, धनंजय, जितेंद्र कुमार,कुलदीप पांडेय, त्रिलोकी नाथ त्रिपाठी, पप्पू मोदनवाल, पप्पू गर्ग सहित कई लोग मौजूद रहे।

छेड़खानी के दो अभियुक्त किये गये गिरफ्तार

शंकरगढ़। शंकरगढ़ पुलिस ने कपारी चौराहे से छेड़खानी के मुकदमे में वांछित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है।एसओ शंकरगढ़ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र के कपारी चौराहे से छेड़खानी के वांछित अभियुक्त सत्यम उर्फ विपिन पुत्र सर्वजीत व वीरेंद्र उर्फ मुकेश पुत्र नंदलाल निवासीगण शिवराजपुर को गिरफ्तार किया गया। दोनों अभियुक्तों से पूछताछ के बाद चालान भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अमरेंद्र सिंह, कांस्टेबल ओम जी, कांस्टेबल शशिकांत यादव व प्रदीप यादव शामिल है।

गमगीन माहौल में सेवानिवृत्त शिक्षिका की हुई विदाई

करछना। विकास खंड के अंतर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय करछना में सेवानिवृत्त शिक्षिका की विदाई की गई तथा शिक्षण संस्थान से जुड़े शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं ने, सेवा निवृत्त शिक्षिका सुमन शुक्ला को उपहार स्वरूप अंगवस्त्र से सम्मानित कर गमगीन माहौल में विदा किया इस मौके पर खन्ड शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार , के साथ ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अवतार किशन सिंह एडवोकेट के साथ शिक्षक शिक्षिका मौजूद रही विदाई की बेला पर कक्षा आठ के छात्र छात्राओं की भी विदाई की गई शिक्षिका सुमन शुक्ला की विदाई के मौके पर छात्राओं ने उनसे लिपट कर फुट फुट कर रोने लगी इस मौके पर सभी लोग भी भावुक हो उठे।

जमुना प्रसाद मौर्या और चंद्रशेखर पांडेय चुने गये निर्विरोध

मऊआइमा। विकास खंड मऊआइमा के सहकारी संघ लिमिटेड भाजपा के जमुना प्रसाद मौर्या और जमखुरी से भाजपा के चन्द्र शेखर पांडेय निर्विरोध चुने गए। जिससे भाजपाइयों में खुशी की लहर दौड़ गई। इस अवसर पर भाजपा के दोनों मंडल अध्यक्ष शारदा प्रसाद शुक्ला एवं राम सुंदर मिश्रा जिला उपाध्यक्ष राम पलट पटेल प्रकाश त्रिपाठी आदेश पांडेय विजय सिंह जी प्रकाश अभिषेक यादव राम कैलाश पटेल , दिवाकर मिश्रा , जय प्रकाश पटेल राहुल ठाकुर , डॉक्टर संतोष त्रिपाठी, दिनेश मिश्रा , राम भजन यादव ,दखनी लाल गुप्ता अवधेश पांडेय घनश्याम यादव धर्मेंद्र कुमार एवं समस्त पदाधिकारीगणों ने बधाई देते हुए खुशी का इजहार किए।

निधन पर आयोजित हुई श्रद्धांजलि सभा

शंकरगढ़। आरएसएस के पूर्व तहसील कार्यवाह ओम प्रकाश आहूजा के निधन पर स्वयंसेवकों एवं व्यापारियों ने शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि दिया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व तहसील कार्यवाह और शंकरगढ़ निवासी ओम प्रकाश आहूजा का निधन 30 मार्च को हो गया।निधन से आहत नगर के स्वयंसेवकों एवं व्यापारियों ने शोक एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया,जिसमें खंड कार्यवाह नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि भाई साहब का पूरा जीवन संघ के लिए समर्पित रहा। सभा में मुख्य रूप से पूर्व संचालक सुनील जी, व्यापार मंडल अध्यक्ष मूलचंद गुप्ता, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष अनूप केसरवानी, अवधेश नारायण, संतराम गुप्ता, मुकेश पाठक, सुनील आहूजा, हरीश, दीपक, सचिन, गुड्डू आदि लोग सम्मिलित हुए।

फाफामऊ गंगा पुल पर भीषण हादसा

वाहन से टक्कर के बाद ट्रक पुल से नीचे गिरा, तीन की मौत

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। शुक्रवार को फाफामऊ गंगा पुल पर भीषण हादसा हो गया। ट्रक से टकराकर दूसरी ट्रक रेलिंग तोड़ते हुए पुल से नीचे गिर गया। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। घटना के बाद पुल पर आवागमन बाधित हो गया। दूसरी ट्रक रेलिंग में फंस गई। उसका आधा हिस्सा पुल के बाहर और आधा पुल पर है। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई। क्रेन से पुल पर फंसे ट्क को सुरक्षित निकाला गया। घटना के चलते पुल पर घंटों आवागमन प्रभावित रहा। देर शाम तक पुलिस आवागमन को व्यवस्थित करने में जुटी रही। हादसे में जिन लोगों की मौत हुई है, उनमें मिनी ट्रक ड्राइवर और हेल्पर हिमांशु साहू (23), अंश साहू (20) पुत्रगण अनिल साहू निवासी अंबवा थाना नगराम कमिश्नरेट लखनऊ और बजरंग बहादुर सिंह पुत्र सतीश बहादुर सिंह निवासी पचदेवरा अटरामपुर थाना नवाबगंज प्रयागराज शामिल हैं। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

अन्न दाताओं पर हुएं कुदरत के प्रहार पर जल्द सरकार कदम उठाए : रेवती रमण

सपा के पूर्व सांसद ने सरकार से की मांग, बिजली बिल व केसीसी को माफ करें सरकार

करछना। यमुनापार में हुई बेमौशम बारिश और ओलावृष्टि से किसान टूट चुके हैं। बची फसलों को शुक्रवार की ओलावृ?ष्टि ने नष्ट कर दिया। सरकार और अधिकारी तत्काल सर्वे करके किसानों को मुआवजा उपलब्ध कराएं। उक्त बातें सपा नेता और पूर्व सांसद रेवती रमणं सिंह ने करछना में कही। उन्होंने किसानों से संवाद किया। साथ ही मदद दिलाने का आश्वासन दिया। कहा कि बारिश के कारण कोरांव, बारा, मेजा और करछना के किसानों को काफी नुकसान पहुंचा है। सरकार तत्काल बिजली बिल और केसीसी को माफ करे। किसान इस समय संकट से जूझ रहे हैं। क्षेत्र के बरांव, बरदहा, कैथी, मड़वा, बस्तर,महोरी रीवा घोड़ेडीह और बबुरा आदि गांवों में हुई क्षति के बारे में किसानों से जानकारी ली। किसान कृष्ण देव कोटार्य,राजकुमार पटेल, शीतला कुशवाहा, और राम जतन और विश्व नाथ यादव ने बताया कि खेत में पकी फसल ओले के कारण जमींदोज हो गई। किसान समर जीत,अनिल कुमार, सदाशिव, ने बताया कि सबसे ज्यादा नुकसान देरी से बुवाई करने वाले किसानों को पहुंचा है। वहीं एक अप्रैल से क्रय केंद्रों पर गेहूं की खरीद भी शुरू हो गई लेकिन अब तक किसानों की फसल खेतों में ही पड़ी है। पूर्व सांसद ने कहा कि पूरे मामले की जानकारी मुख्यमंत्री और प्रशासन को देकर राहत सामग्री और मुआवजा दिलाया जाएगा। इसके लिए जरुरत पड़ी तो आंदोलन करेंगे। इसके अलावा बरांव समेत दर्जन भर गांवों में पानी और ओलावृष्टि के कारण कई घरों के टीनशेड टूट गए। वाहनों को भी क्षति पहुंची है।

न्यूज झरोखा

ग्रामीणांचल में ब्लड बैंक की स्थापना का मिलेगा लाभ : एसपी सिंह

नारीबारी में ब्लड बैंक और कंपोनेंट सेंटर का शुभारंभ

शंकरगढ़। मां शारदा हास्पिटल ब्लड बैंक एवं कंपोनेंट सेंटर नारीबारी का उद्घाटन गुरूवार की रात्रि बतौर चीफ गेस्ट एसआरएन के प्राचार्य डा. एसपी सिंह ने किया। प्राचार्य डा. एसपी सिंह ने कहा, ब्लड डोनेशन, ब्लड बैंक की स्थापना करना बड़ी है। वह भी ग्रामीण क्षेत्रों में, जब ब्लड़ की एक्सीडेंटल आदि केसेज में आवश्यकता पड़ेगी तो यह ब्लड़ बैंक जीवन रक्षक का कार्य करेगा। प्राचार्य ने डा. मनोज सिंह को बधाई देते हुए कहा समाज हित में की गई ब्लड बैक की स्थापना से स्थानीय मरीजों को बड़ा फायदा होगा। इससे पूर्व डा. मनोज सिंह ने अतिथियों को बुके भेंटकर स्वागत किया। प्राचार्य डा. एसपी सिंह ने ब्लड बैंक परिसर में लगी अत्याधुनिक मशीनों, संसाधनों का निरीक्षण किया। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने कहा उत्तर प्रदेश मध्यप्रदेश के सीमा से सटे नारीबारी में डा. मनोज सिंह के द्वारा ब्लड बैक की स्थापना आपातकाल स्थितियों के लिए दोनों सीमावर्ती राज्य के जनता के लिए वरदान सावित होगी। इस अवसर पर डा. संतोष सिंह, अनिल कुमार सिंह, समाजसेवी घनश्याम शुक्ल, नरेंद्र शुक्ल, प्रदीप कुमार केसरवानी, सोनू सिंह, राहुल सिंह, प्रमोद सिंह, नवीन सिंह, रावेंद्र सिंह, अनिल सिंह, आकाश सिंह मौजूद रहे। ब्लड बैंक की स्थापना के उपलक्ष्य में श्रीरामचरित मानस का पाठ भी किया गया।

जिला जज और डीएम ने किया नैनी जेल का निरीक्षण

नैनी। डीएम प्रयागराज संजय कुमार खत्री और डिस्ट्रिक्ट जज संतोष राय त्रैमासिक निरीक्षण के लिए नैनी सेंट्रल जेल पहुंचे थे। 3:30 बजे से लेकर करीब 5:30 बजे तक नैनी सेंट्रल जेल के अंदर रहे। दोनो अफसर हर बैरक में जाकर कैदियों से पर्सनली बातचीत की। जेल में व्यवस्था के बारे में पूछा। समस्याओं के बारे में पूछा। जिसमें ज्यादातर कैदियों ने खाने को लेकर दिक्कत बताई। बाहर निकले डीएम संजय कुमार खत्री ने बताया कि वैसे तो कोई गंभीर शिकायत कैदियों ने नहीं की है, लेकिन 4000 कैदियों वाले नैनी सेंट्रल जेल में खाने की शिकायत सामने आई है। कैदियों ने कहा है कि उन्हें पकी हुई रोटी दी जाए खाना पका दिया जाए।

माता रानी का जागरण का हुआ भव्य आयोजन

नैनी। चीनी मील मलिन बस्ती द्वारा नवरात्रि के पावन अवसर पर गुरुवार को भगवती जागरण का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। उक्त अवसर पर मोहल्ले एवं आसपास की भारी संख्या में पुरुष एवं बच्चे एवं महिलाये मौजूद थी और पूरी रात्रि एक से एक झांकियां होती रही भक्तिरस मे डूबे देवीगीत, प्रस्तुत करते हुए जागरण हुआ। वही कमेटी के लोगों ने व्यापार मंडल नैनी अध्यक्ष राकेश जायसवाल को माला पहनाकर स्वागत किया संतोष कुलदीप कुंजी उमेश माधव लखन आदि की प्रमुख भूमिका रही। रात्रि जागरण के उपरान्त भोर मे विशेष आरती पूजन कर सुबह प्रसाद वितरण के साथ माता का जगराता सम्पन्न हुआ। वही नैनी रेलवे क्रॉसिंग के पास दुर्गा मंदिर में नवमी के उपलक्ष में विशाल भंडारे का आयोजन हुआ भंडारे में दूर-दूर से लोग आकर प्रसाद ग्रहण किए भंडारे के मुख आयोजक गोलू केसरवानी दिनेश केसरवानी कमलेश केसरवानी अध्यक्ष राकेश जायसवाल और लोग भक्ति भाव से लोगों को भंडारा खिलाते रहे।

चाका में किया गया भंडारा का आयोजन

नैनी। माँ काली शक्तिपिट मंदिर छोटा चाका मे नवरात्री के अवसर पर भंडारा का आयोजन किया गया। है। जिसमे लोगो ने भंडारा का प्रसाद ग्रहण किया। भंडारा के पहले पूजा पाठ करके प्रसाद वितरण किया गया। मंदिर के पुजारी पंडित दीपू महाजन ने आये हुये लोगो को धन्यवाद ज्ञापीत किया। इस मौके पर सुभाष केशरवानी, सुधाकर द्विवेदी, रंदीप शर्मा, शिवबोध शर्मा, संदीप शर्मा, पंकज शर्मा, भरत लाल, सरजू, ज्ञानू, कौशल, चंदन, छोटू शर्मा आदि लोग है।

इंटरव्यू के बाद 70 प्रशिक्षणार्थियों का चयन किया गया

नैनी। आईटीआई में शुक्रवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नैनी प्रयागराज में अप्रेंटिस मेला शासन के निदेर्शानुसार राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नैनी प्रयागराज के पधानाचार्य सुजीत कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में आयोजन किया गया जिसमें सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित करके किया गया इसमें अनेक कंपनियों ने प्रतिभाग किया जिसमें वीके कनेक्टर , यूनाइटेड बजाज , एलिन इलेक्ट्रॉनिक लिमिटेड , निहारिका इंटरप्राइजेज इत्यादि इसमें सैकड़ों प्रशिक्षणार्थियों ने प्रतिभाग कियाइसमें इंटरव्यू के बाद लगभग 70 का चयन किया गया । इस अप्रेंटिस मेले में यस प्रसाद , अमृत लाल गुप्ता , राकेश शर्मा , नंदकिशोर बिंद , भोलानाथ , सूर्यमणि , फुल प्रकाश , कामदेव , रंजना शुक्ला प्रियंका विश्वकर्मा , अनीता सरोज , रश्मि श्रीवास्तव इत्यादि के अलावा संस्थान के कर्मचारियों ने सहयोग किया ।

वारी में भगवान श्रीराम की निकली भव्य शोभा यात्रा

जंघई। वारी के निवासियों एवं विश्व हिन्दू परिषद के तत्वावधान में श्री राम नवमी के अवसर पर वारी में भगवान श्री राम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें भगवान श्री राम के जयकारों से आसमान गूंजायमान हो गया। शोभायात्रा के सफल आयोजन के लिए विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल सहित विभिन्न हिंदूवादी संगठनों की ओर से समस्त क्षेत्रवासियों ने बढ़ चढ़कर कार्यक्रम में हिस्सा लिया कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री राम की आरती एवं माल्यार्पण के साथ किया गया।आरती भये प्रगट कृपाला दीनदयाला, कौशल्या हितकारी गूंज उठे।डीजे ढोल नगाड़ों गाजे बाजे के साथ भगवान राम के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में निकाली जा गई विशाल झांकी व जुलूस में शामिल होने के लिए हिंदू धर्माम्बलियों का जत्था रवाना हुआ जिसमें सैकड़ों भक्त उपस्थित रहे।इस अवसर पर अरविंद सिंह बबलू, पिंटू सिंह, मटरु दुबे प्रधान, जितेन्द्र दुबे, दादे दुबे, अशोक दुबे अध्यक्ष विहिप, राजा मौर्या भाजपा, मनीष केशरवानी विहिप, रिंकू सिंह, आशुतोष सिंह, किशन पाठक विहिप, अनुराग ठाकुर, सोमेश केशरवानी विहिप, बृजेश विहिप सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

डिप्टीसीएम के मेजा आगमन से अधिवक्ताओं में हर्ष

सिरसा। सूबे के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के मेजा तहसील अंतर्गत गोसौरा कला (मेजारोड) स्थित दुर्गावती इंटरनेशनल स्कूल & कालेज के लोकार्पण कार्यक्रम में शिरकत को लेकर अधिवक्ताओं में हर्ष व्याप्त है। बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष तुलसीदास तिवारी की अध्यक्षता में तहसील परिसर में अधिवक्ताओं ने बैठक कर 2 अप्रैल दिन रविवार को भारी संख्या में कार्यक्रम में शिरकत की अपील की । श्री तिवारी ने बताया ब्रजेश पाठक जी अधिवक्ता होने के साथ साथ पूर्व में कानून एवं विधि मंत्री रहे है, अधिवक्ताओं के हितैसी है । कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ अधिवक्ता सतीश चंद्र दुबे , अरुण तिवारी, कुशल द्वेवदी, रामेश्वर प्रसाद मिश्र, राजेन्द्र तिवारी, राज कुमार तिवारी, कमलेश मिश्र, ओमकार मिश्रा, अजित सिंह, शिवाकांत शुक्ला राजेश पांडेय, राकेश दुबे, निमिष दुबे, सतेंद्र मल्होत्रा सहित दर्जनों अधिवक्ता उपस्थित रहे।

चौपाल में सरकारी योजनाओं से कराया रूबरू, सुनी समस्याएं

मांडा। महेवा कलां ग्राम सचिवालय में एडीओ पंचायत विनोद कुमार दुबे की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल लगाई गई। चौपाल में पहुंचे ग्रामीणों ने पीएम आवास सूची से नाम कटने, आवेदन के बावजूद पेंशन नही मिलने आदि समस्या से अफसरों को अवगत कराया। वहीं चौपाल को संबोधित करते हुए एडीओ पंचायत विनोद कुमार दुबे ने सीएम सामुहिक विवाह, मनरेगा, पेंशन, पीएम आवास, रोजगार ऋण सहित विभिन्न विकास योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी। एडीओ ने प्रधान व सचिव को निर्देशित किया कि गांव में विधवा, वृद्धा, दिव्यांग पेंशन प्राप्त करने वाले लाभार्थियों को चिन्हित कराया जाए और राशन प्राप्त करने से अछूते पेंशनधारकों का राशन कार्ड बनवाया जाए। इस दौरान ग्राम प्रधान दीपक कुमार, सचिव चंद्रशेखर सिंह, रोजगार सेवक विनीत कुमार, पूनम देवी, सतीश सतीश प्रजापति, नंदलाल वर्मा, श्रीनाथ सोनकर, रामधनी यादव, विनोद कुमार, रन्नो सोनकर, दयाशंकर यादव, जमुना निषाद, देवराज,प्रकाश आदि रहे।

वर्षों से कट रहा ईपीएफ खाते में नहीं जमा होने से ग्राम रोजगार सेवकों ने दी आंदोलन की चेतावनी

अखंड भारत संदेश

उपायुक्त श्रम एवं रोजगार को समस्याओं से सम्बन्धित ज्ञापन सौंपते जिलाध्यक्ष अरूण यादव

प्रयागराज। ग्राम रोजगार सेवकों के मानदेय से प्रत्येक महीने हो रही ईपीएफ कटौती की धनराशि को खाते में जमा न करने तथा शासन के स्पष्ट आदेश के बाद भी प्रयागराज जनपद के विभिन्न ब्लाकों में मानदेय का डोंगल न लगाने से नाराज ग्राम रोजगार सेवकों ने शुक्रवार को मुख्य विकास अधिकारी के साथ ही उपायुक्त श्रम एवं रोजगार को ज्ञापन सौंपा।

ग्राम रोजगार सेवक पंचायत मित्र वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश पटेल व जिलाध्यक्ष अरुण यादव के नेतृत्व में जुटे सैकड़ों ग्राम रोजगार सेवक विकास भवन स्थित उपायुक्त मनरेगा कपिल कुमार के कार्यालय पर मानदेय सहित विभिन्न मांगों को लेकर धरने पर बैठ गए। ग्राम रोजगार सेवकों के आक्रोश को देखते हुए विकास भवन के कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारियों ने भी अपना समर्थन देते हुए मानदेय सहित अन्य मांगों को पूरा करने के लिए अधिकारियों से बात की। दोपहर बाद पहुंचे उपायुक्त मनरेगा कपिल कुमार ने समस्याओं के निराकरण करने का आश्वासन देते हुए बकाया मानदेय के भुगतान के लिए सभी विकास खंडों के अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा व खंड विकास अधिकारियों को फोन से मानदेय का तुरंत भुगतान करने के लिए निर्देशित किया। संगठन के जिला उपाध्यक्ष राकेश पटेल ने कहा कि ईपीएफ की समस्या का समाधान नहीं होता है तो आंदोलन की शुरूआत विकास भवन से ही शुरू होगी। संगठन के जिला मीडिया प्रभारी हरिओम प्रकाश ने बताया कि अधिकारियों द्वारा मानदेय व ईपीएफ के साथ ही अन्य समस्याओं का समाधान करने की बात कही गई। जिलाध्यक्ष अरुण यादव ने कहा कि संगठन के आवाहन पर 3 अप्रैल को लखनऊ स्थित इको गार्डन में अखिल भारतीय मनरेगा कर्मचारी महासंघ का धरना प्रदर्शन प्रस्तावित है। जिसमें नियमितीकरण सहित अन्य मुद्दों पर संघर्ष किया जाएगा। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष सैदाबाद वीरेंद्र कुमार गौतम, पंकज सिंह पटेल, अमरेश कुमार, सतीश कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में रोजगार सेवक मौजूद रहे।

कल्याणी देवी मंदिर पर सुचारिता एवं जया ने बहाई भक्ति गीतों की रसधार

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। शहर के कल्याणी देवी मंदिर पर लोक एवं जनजाति कला संस्कृति संस्थान लखनऊ एवं प्रयागराज प्रशासन के सहयोग से आयोजित नवधा कार्यक्रम में बनारस से आई प्रतिष्ठित लोक गायिका श्रीमती सुचारिता गुप्ता एवं जया पांडे ने कार्यक्रम में लोगों को भक्ति रस से ओतप्रोत भजन सुनाकर समां बांध दिया। दर्शक घंटों नवधा के कार्यक्रम में भक्तिरस में डूबे रहे। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरूआत प्रयागराज की जया बोस ने मनमोहक गणेश वंदना प्रस्तुत किया फिर मां कल्याणी देवी का गुणगान एवं बखान करते सुनाया..... जय जय जय हे कल्याणी महारानी भजन की प्रस्तुति दी जिस पर उपस्थित श्रोता भाव विभोर हो उठे। तत्पश्चात कई और भजन सुनाया। गर्व किया सोई हारो रे मैया एवं चलो दियना बार आए हमारे अंगना मैया, मोर महारानी विंध्याचल की रानी, आदि भावपूर्ण प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में संगत कलाकार के रूप में तबले पर डॉ. विपुल पांडे, ढोलक पर राजेंद्र जी, कीबोर्ड पर जॉय जीत जी पैड पर सुरेंद्र जी एवं हारमोनियम पर अमित राय ने जबरदस्त संगत की।

तदुपरांत सुचारिता गुप्ता जी ने अपनी गायकी से श्रोताओं को झूमने के लिए मजबूर कर दिया। उन्होंने कार्यक्रम की शुरूआत नवदुर्गा स्तुति से की इसके पश्चात सुरेश्वरी भगवती की प्रस्तुति दी इसके पश्चात शिव भजन कृपा करो देवाधि देव गीतों से भक्तों को भावविभोर कर दिया। नवधा द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में भाजपा नगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी एवं आयोजक समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ आभा श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर निदेशक अतुल द्विवेदी जी ने कार्यक्रम की सफलता पर आये सभी कलाकारों को शुभकामना संदेश दिया।

उप मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे मेजा एसडीएम

सिरसा। मेजा क्षेत्र के विकास खण्ड उरूवा में 2 अप्रैल को क्षेत्र के गोशौरा कला स्थित दुर्गावती इंटरनेशनल स्कूल एंड कालेज चंपारण स्टेट में सूबे के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक विधायल प्रंगण में बने हॉस्टल का लोकार्पण करने पहुँच रहे हैं। उसी को लेकर कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने दुर्गावती इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज प्रांगण में पहुचे एसडीएम मेजा विनोद कुमार पांडे. विद्यालय के चेयरमैन सुशील मिश्रा एवं प्रबंधक डॉक्टर स्वतंत्र के साथ हर बिंदु की बारीकी से जांच किया प्रवेश मार्ग मंच एवं अन्य सभी स्थानों का निरीक्षण करके ऊपर रिपोर्ट प्रेषित किया। माननीय उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के कार्यक्रम को देखते हुए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने कसा मोर्चा अवर अभियंता बी0के0 चौरसिया के नेतृत्व में पूरी फौज दुर्गावती इंटरनेशनल स्कूल एंड कालेज के प्रांगण में जुटी हुई हैं।

मकान का बारजा गिरा दो गम्भीर रूप से घायल

सिरसा। मेजा थाना क्षेत्र के बंधवा गांव में उस वक्त हड़कंप मच गया जब अचानक हवाओं के बीच एक मकान धराशाई हो गया जिसकी चपेट में आने से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। बता देगी नसीबा देवी पत्नी स्वर्गीय जवाहरलाल तथा जया देवी पत्नी विजय यादव अपने मवेशियों को बांधने के लिए घर के बगल खड़ी थी इस दौरान बूंदाबांदी शुरू हो गई बूंदाबांदी से बचने के लिए दोनों महिलाएं घर के बार्जे के पास खड़ी हो गई और तभी अचानक मकान का बार्जा धराशाई हो गया जिसकी चपेट में आने से दोनों महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई आनन-फानन में दोनों महिलाओं को निजी हॉस्पिटल में इलाज में भर्ती कराया गया जहां नशीबा देवी की हालत गंभीर देख परिजनों के द्वारा लखनऊ पीजीआई इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। अचानक हुई घटना से परिजनों में हड़कंप मचा रहा।

नपं शंकरगढ़ : चुनाव लड़ने की उम्मीदों पर फिरा पानी

अखंड भारत संदेश

शंकरगढ़। नगर पंचायत का चुनाव लड़ने की इच्छा लेकर बैठे कई दिग्गजों को गुरुवार की शाम शासन की आरक्षण सूची ने गच्चा दे दिया। नगर पंचायत शंकरगढ़ के अध्यक्ष पद की सीट अनुसूचित जाति महिला के लिए रिजर्व की गई है। ऐसे में ज्यादातर दावेदारों की चुनाव लड़ने की उम्मीद टूट गई और अब उन लोगों ने भी अपने मनमुताबिक कैंडीडेट की तलाश तेज कर दी है। शासन की तरफ से जारी की गई आरक्षण सूची में नगर पंचायत शंकरगढ़ के चेयरमैन की सीट को अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित किया गया है। जबकि, इस सीट के सामान्य होने का अनुमान लगाया जा रहा था। इसी अनुमान के आधार पर कई दिग्गज बीते कई माह से चुनावी जमीन तैयार कर रहे थे। पर, आरक्षण बदल जाने से अब वही दावेदार मनमुताबिक दावेदार की तलाश शुरू कर दी है। नगर पंचायत शंकरगढ़ के चेयरमैन की कुर्सी अनुसूचित जाति महिला के खाते में जाने से दावेदारों की बेचैनी साफ-साफ देखी जा सकती है। अनुसूचित जाति महिला की सीट घोषित होने से तमाम दावेदार मायूस दिखाई दे रहे हैं। उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की सीमा पर स्थित यह सीट कई मायनों में बेहद अहम मानी जाती है। पिछली बार की तरह इस बार भी यहां सबसे अधिक चर्चा आरक्षण सूची पर हो रही है। नगर पंचायत शंकरगढ़ में सामान्य सीट से अनूप केसरवानी, सुधा गुप्ता, रोहित केसरवानी, सुजीत केसरवानी और अन्य पिछड़ा वर्ग महिला सीट के दावेदार पूर्व चेयरमैन अनुपमा वैश्य पत्नी सचिन वैश्य, माया देवी पत्नी मसुरिया दीन वर्मा, सतीश विश्वकर्मा की माता कमलेश देवी, रंजना सिंह पत्नी दिनेश सिंह, शहजादी पत्नी महमूद अली, रेखा सोनी पत्नी कुलदीप वैश्य, रश्मि सोनी पत्नी आशीष वैश्य समेत तमाम कैंडिडेट मायूस दिखाई दे रहे हैं।

अनुसूचित जाति के महिला प्रत्याशियों की तलाश तेज,गुरुवार शाम शासन द्वारा जारी की गई आरक्षण सूची से दिग्गजों को लगा करारा झटका

नगर पंचायत के 12 वार्डों का आरक्षण

नगर पंचायत शंकरगढ़ में कुल 12 वार्ड हैं। इसमें चिकान टोला को पिछड़ा वर्ग महिला के लिए आरक्षित किया गया है। इसी क्रम में चमरौटी टोला की सीट पिछड़ा वर्ग, गुड़िया तालाब को अनुसूचित जाति महिला, लाला का पुरवा को पिछड़ा वर्ग को दिया गया है। इसी तरह मोटियान टोला और धर्मनगर को अनुसूचित जाति के हवाले कर दिया गया है। जबकि मोदीनगर, पटेलनगर, सिंधी टोला और राजा कोठी की सीट अनारक्षित और हज्जी टोला और सदर बाजार को महिला के लिए रिजर्व किया गया है।

मऊआइमा नगर पंचायत अध्यक्ष पद पिछड़ी जाति हो जाने से कहीं खुशी कहीं गम!

मऊआइमा नगर पंचायत क्षेत्र बुनकर अंसारी बहुल्य क्षेत्र है, अब तक चार बार सामान्य जाति, जबकि आठ बार अंसारी, एक बार कुरैश (कस्साब)बिरादरी के चेयरमैन हुए हैं

मऊआइमा। गुरूवार को देर शाम निकाय चुनाव की सूची जारी होते ही क्षेत्र में हलचल मच गई। अधिकांश लोग इस पद के लिए पिछडी जाति किए जाने से खुशी का इजहार किया गया जबकि सामान्य लोगों में चुनाव न लड पाने का उनमें मायूसी है। मऊआइमा नगर पंचायत अत्यंत पुरानी नगर पंचायत है। गुरूवार को देर शाम चेयरमैनी पद पिछली जाति के लिए सुरक्षित कर दिए जाने से अधिकांश लोगों में खुशी व्याप्त है। जब कि सामान्य जाति के अध्यक्ष पद के दावेदार मायूस हो गए हैं। बता दें कि मऊआइमा नगर पंचायत क्षेत्र पिछले जाति बहुल्य है। यहां मोमिन अंसार जाति जो पिछडी जाति में आते हैं। बहुसंख्यक में हैं। यहां जब से नगर पंचायत अध्यक्ष पद का सवाल है यदि अतित में देखा जाए तो फैजुल्ला, अय्यूब मियां, तुफैल मियां, मोहम्मद उमर एडवोकेट शेख सामान्य जाति से अध्यक्ष बन चुके हैं। जबकि अब्दुल समद ,मोहम्मद इसहाक, अब्दुल हकीम, अब्दुल रशीद, इस्लाहुन निशां, दो बार मोहम्मद शोएब, फिर उनकी पत्नी फात्मा अंजुम अंसारी वर्ग से चेयरमैन रह चुके हैं जबकि मोहम्मद नोमान कुरैश बिरादरी(कस्साब)पिछडी जाति के चेयरमैन हो चुके हैं। तीन पंच वर्षीय चुनाव को देखा जाए तो पहला पंच वर्षीय सामान्य, दूसरा पंच वर्षीय पिछड़ा, तीसरा महिला ,इस बार पिछडा वर्ग के लिए सुरक्षित घोषित होते ही मुजफ्फर हुसैन अपना दल जो शेख बिरादरी से हैं तथा भाजपा से दावेदार निमिष खत्री जो सामान्य जाति है.। उदास हो गए हैं। हालांकि अभी छह अप्रैल तक आपत्ति जताई जा सकती है। बहरहाल पिछली जाति सीट हो जाने से मऊआइमा में उत्साह व्याप्त है। सपा से लगातार दो बार शोएब अंसारी, फिर उनकी पत्नी फात्मा अंजुम तीन बार अध्यक्ष पद पर कब्जा बनाए हुए। अब देखना है कि चौथी बार चेयरमैन पद क्या शोएब अंसारी फिर कब्जा कर लेंगें हालांकि इस बार भाजपा मोहम्मद आलम पर अपना दांव लगाने जा रही है।जहां तक बसपा का सवाल है अध्यक्ष पद के लिए अय्यूब अंसारी का चुनाव में उतरना तय माना गया है।

बच्चे देश का भविष्य, उनका उत्साह बढ़ाएं शिक्षकः सांसद

अखंड भारत संदेश

आनंदवन इंटर कालेज का वार्षिकोत्सव सम्पन्न

प्रतापगढ़। शहर के शुकुलपुर शक्तिनगर स्थित आंनदवन इन्टरमीडिएट कालेज का वार्षिकोत्सव समारोह बड़े धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि शामिल सांसद संगम लाल गुप्ता द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित व पुष्प अर्पित कर किया। इसके बाद विद्यालय के छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

इस मौके पर विद्यालय के नन्हें-मुन्हों बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियां जहां दिखी वहीं विद्यालय के अन्य छात्र-छात्राओं द्वारा विविध सांस्कृतिक व ऐतिहासिक, देशभक्ति एवं सामाजिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इसके पूर्व कार्यक्रम में शामिल होने आए अतिथियों में सांसद संगम लाल गुप्ता, सदर

वार्षिकोत्सव समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं।

विधायक राजेंद्र कुमार मौर्या, प्रदेश कार्यसमिति भाजपा के सदस्य शिव प्रकाश मिश्र सेनानी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रमोद मौर्या, भाजपा अध्यक्ष हरिओम शुक्ला, प्रधानाचार्य राघवेंद्र नाथ शुक्ल व विद्यालय के शिक्षकों द्वारा स्वागत किया। इस मौके पर जिले के सांसद संगम लाल गुप्ता ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें संघर्ष के जरिए मुकाम हासिल करने की प्रेरणा देते हुए कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं। ऐसे मे समाज का भी दायित्व है कि शिक्षा के परिवेश को मजबूती देने मे सार्थक भूमिका निभाएं। इस मौके पर उपस्थित सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य ने कहा कि सत्र की समाप्ति के दौरान आनंदवन इंटर कॉलेज द्वारा जो एक विशेष उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने विशेष रूचि तथा अपने कलात्मक प्रतिभा को ऐसा प्रदर्शित किया कि लगा जीवांत है जो प्रशंसनीय है। इस मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य शिव प्रकाश मिश्र सेनानी व भाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र ने भी अपने विचार रखे। समारोह की अध्यक्षता कर रहे विद्यालय के प्रबंधक विश्वनाथ शुक्ल ने प्रारंभिक शिक्षा को भविष्य निर्माण की नींव ठहराते हुए गुणवत्तापरक पठनपाठन के माहौल पर जोर देते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य राघवेंद्र नाथ शुक्ल ने शैक्षिक मूल्यो पर प्रकाश डालते हुए सभी अतिथियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह का संचालन आशीष ने किया। कार्यक्रम के मौके पर प्रमुख रूप से जूनियर बार के पूर्व महामंत्री जयप्रकाश मिश्र जेपी, परमानंद मिश्र, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला महामंत्री राजेश मिश्र, संजय द्विवेदी, आदित्य मिश्र,मनोज तिवारी, अजीत सिंह, बृजेश पांडेय,प्रदीप शुक्ला, उदयराज सिंह, विराज सिंह सम्राट सर सरिता गुप्ता,रीना शुक्ला, दिव्या मिश्र,अनुपमा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

गहमागहमी के बीच हुए चुनाव में सहकारी संघ धारूपुर की सभापति बनीं रंजीता त्रिपाठी

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। सहकारी संघ धारूपुर में शुक्रवार को सम्पन्न हुए चुनाव में रंजीता त्रिपाठी सभापति निर्वाचित हुई। उन्होनें कुल आठ मत हासिल किया। जबकि भाजपा समर्थित विनोद कुमार मिश्र को सिर्फ चार मत मिले और उन्हें हार का सामना करना पड़ा। गहमागहमी के बीच सम्पन्न हुए चुनाव में रंजीता की जीत पर समर्थकों ने जश्न मनाया।

इस मौके पर साधन सहकारी समिति के सभापति गोविंद नारायण पाण्डेय, सुरेशचंद्र यादव, भुवनेश्वर शुक्ल, राजेश तिवारी, मोनू पाण्डेय, प्रमोद कुमार समेत निर्वाचन अधिकारी सुरेन्द्र कुमार व रामसुमेर पाल मौजूद रहे। उधर सांगीपुर विकासखण्ड के सहकारी संघ अठेहा में शुक्रवार को चुनाव सम्पन्न हुआ। जिसमे मुरैनी निवासी प्रमोद कुमार मिश्र निर्विरोध अध्यक्ष चुनें गये। उपाध्यक्ष पद पर महेन्द्र प्रताप सिंह निर्विरोध चुने गये। ओमप्रकाश पाण्डेय को जिला मुख्यालय द्वारा सदस्य के रूप मे नामित किया गया। इस मौके पर चुनाव अधिकारी मनोज सिंह, सचिव भानु प्रताप सिंह, रवीन्द्र पाल मिश्र, रामनाथ, रामधनी, केके सिंह आदि मौजूद रहे।

हनुमान जी के भंडारे में उमड़ी भीड़

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। डाक्टर सोनेलाल पटेल स्वशासी मेडिकल कालेज से संबद्ध राजा प्रताप बहादुर अस्पताल परिसर में स्थित हनुमान मंदिर पर जनहितार्थ आयोजित रामचरित मानस पाठ का समापन हुआ। इस मौके पर आयोजित भंडारे में महाप्रसाद लेने वालों की भारी भीड़ रही। भंडारे में मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल, डाक्टरों, स्टाफ, मरीजों के तीमारदारों के अलावा समाज के प्रबुद्धजनों ने महाप्रसाद ग्रहण। आयोजक फिजिशियन डाक्टर मनोज खत्री ने बताया कि आरती और पूजन के बाद दोपहर से भंडारा शुरू हो गया। जो देर शाम तक चला।

नहीं आए डिप्टी सीएम, धरी की धरी रह गई सारी तैयारी

अखंड भारत संदेश

मौसम खराब होने के कारण निरस्त हुआ कार्यक्रम

प्रतापगढ़। डिप्टी सीएम बृजेष पाठक का आज शुक्रवार को प्रतापगढ़ आगमन का कार्यक्रम मौसम खराब होने के कारण निरस्त हो गया। अधिकारी व कर्मचारियों ने डिप्टी सीएम के आगमन को लेकर दो दिनों तक कड़ी मेहनत कर तैयारी की थी।

डिप्टी सीएम का कार्यक्रम निरस्त होने से राजकीय मेडिकल कालेज के नए भवन का लोकार्पण भी नहीं हो सका लेकिन आज नए भवन में मरीजों का पर्चा बनाने का काम शुरू हो गया। एक अप्रैल से ओपीडी चलाने की भी योजना है। अब ज्यादातर चिकित्सक नए भवन की ओपीडी में बैठेंगे। इसके अलावा बराछा स्थित नगर पालिका की गोषाला में साफ-सफाई कर तैयारी की गई थी।

नए भवन की ओपीडी में पर्चा बनवाने मरीज।

गुरुवार को एडीएम ने साफ-सफाई का निरीक्षण भी किया था। अनुमान था कि गोषाला का भी निरीक्षण कर सकते हैं। इसके अलावा डाक बंगला, मीरा भवन, सिटी रोड स्थित भाजपा कार्यालय जाने का कार्यक्रम निरस्त हो जाने से लोग मौसम को कोसते रहे। बता दें कि शुक्रवार को भोर से ही वर्षा होने लगी थी और नौ बजे तक बूंदाबांदी जारी रही। सुबह मौसम खराब होने से ज्यादातर स्कूली बच्चों को दिक्कत हुई क्योंकि आज प्रायः सभी विद्यालयों में रिजल्ट का वितरण हुआ लेकिन सुबह नौ बजे के बाद वर्षा थम जाने से लोगों ने राहत की सांस ली।

दहेज के लिए विवाहिता को ससुरालीजनों ने मारपीट कर भगाया

पट्टी, प्रतापगढ़। ससुराली जनों ने विवाहिता को दहेज के लिए घर से मारपीट कर भगा दिया पीड़ित विवाहिता ने पट्टी कोतवाली में अपने ससुराली जनों के विरुद्ध शिकायती पत्र दिया है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के असुढी गांव की रहने वाली पिंकी पुत्र रामफेर शादी कंधई थाना क्षेत्र के परसनी गांव में हुई थी शादी के बाद से ही विवाहिता का पति सास ससुर देवर जेठ उसे परेशान करने लगे काफी दिन तक तो विवाहिता उत्पीड़न सहती रही, लेकिन ससुराली जनों ने पिंकी को घर से मारपीट कर भगा दिया इस संबंध में पट्टी कोतवाली में पिंकी ने शिकायती पत्र देकर ससुराली जनों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत करने की मांग की है।

मरीजों के अधिकारों का ध्यान रखना न्याय पूर्ण जिम्मेदारी हैः सीएचसी अधीक्षक

एएनएम व आशाओं को किया गया जागरुक

अखंड भारत संदेश

पट्टी प्रतापगढ़। तरुण चेतना व आर्थिक अनुसंधान केंद्र के तत्वाधान में रोगी अधिकार जागरूकता अभियान के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पट्टी के सभागार में एएनएम व आशाओं को रोगी अधिकार के विषय में जागरूक करते हुए सी एच सी अधीक्षक डॉक्टर अखिलेश जयसवाल ने कहा कि अधिकार मानव जीवन की वो परिस्थितियां है जिनके बिना कोई व्यक्ति अपना पूर्ण विकास नहीं कर सकता है। अधिकार न्याय की उस समान व्यवस्था का परिणाम है।

हमारे सभी स्वास्थ्य कर्मी को मरीजों के अधिकारों का ध्यान रखना न्याय पूर्ण जिम्मेदारी है।

रोगी अधिकार जागरुकता अभियान कार्यक्रम में बोलते सीएचसी अधीक्षक

अधीक्षक ने कहा कि बिना किसी भेदभाव के हर मरीज को स्वास्थ्य की सुविधाएं पाने का अधिकार है। तरुण चेतना के वरिष्ठ कार्यकर्ता हकीम अंसारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि मरीजों के अधिकार को लेकर समुदाय के लोगो की भी जागरूक होना आवश्यक है जिसके लिए संस्था गांव में जाकर लगातार प्रयास कर रही हैं। श्री अंसारी ने सवाल उठाया कि सरकारी अस्पताल में गरीबों की सुनवाई नहीं होती है जिसकी वजह से प्राइवेट अस्पतालों में जाना पड़ता है। वहां लोगों से मनमानी तरीके से धन उगाही करते हैं। चाइल्डलाइन के सदस्य मेहताब खान ने मरीजों के 13 अधिकार पर चर्चा करते हुए कहा कि उपलब्ध सभी जांच उपचार और सुविधाओं के शुल्क की दरें स्थानीय भाषा में अस्पताल के अंदर प्रदर्शित होना चाहिए। अस्पताल में मरीजों की निजी गोपनीयता का ध्यान रखना आवश्यक है। सहायक शोध अधिकारी श्रीकांत ने कहा कि यह प्रयास तरुण चेतना का बहुत ही सराहनीय है इस अभियान से मरीजों को शोषण से बचाने का बेहतर प्रयास है। इस कार्यशाला में स्वास्थ्य पर्यवेक्षक ओमकारेश्वर, राकेश गिरी, शकुंतला देवी, एएनएम पद्मावती, स्नेहलता, ज्योति, चंदा, मंजू लता सिंह, आदि लोग उपस्थित रहे।

वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में मेधावियों को मिला मेडल, खिल उठे चेहरे

लालगंज, प्रतापगढ़। घुइसरनाथ धाम स्थित एडीसन पब्लिक स्कूल मे शुक्रवार को अंक पत्र एवं वार्षिक पुरस्कार वितरण सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि वीरेन्द्रमणि तिवारी ने अलग अलग कक्षाओं मे अव्वल आने वाले मेधावी जान्हवी यादव, अंशिका उपाध्याय, शौर्य गुप्ता, आयुषी मौर्या, आराधना वर्मा, शिवा रजक, पल्लवी पटेल, शिवांगिनी तिवारी, रिया यादव व आदर्श गौतम को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रबंधक विपिन प्रकाश त्रिपाठी व संयोजन मनोज त्रिपाठी ने किया। प्रधानाचार्य इसरार ने शैक्षिक प्रगति आख्या प्रस्तुत की। इस मौके पर राजेन्द्र वर्मा, अमरपाल, देवेश तिवारी, लवली ओझा, मंजू ओझा, शिव बहादुर वर्मा, सत्यम तिवारी, रिंकी तिवारी, दिलीप शर्मा, साधना सिंह आदि मौजूद रहे।

अधेड़ की हत्या के मामले में पांच आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं मे केस दर्ज

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। जमीनी विवाद मे कुल्हाडी मारकर की गयी अधेड़ की हत्या के मामले में पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। लीलापुर थाना क्षेत्र के गाबी महुआवन निवासी मो. जिब्राइल ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि गांव के रफीक पुत्र रहमत, नफीस, फिरोज, अबूतालिब पुत्रगण रफीक व रफीक की पत्नी मोमिना गांव के कच्चे रास्ते पर मिटटी डालकर रास्ता बंद कर रहे थे। जानकारी होने पर उसका भाई इसराईल वहां पहुंचा और रास्ता बंद करने से रोकने लगा। इस दौरान आरोपियो ने कुल्हाडी व लाठी डंडा लेकर उसके भाई पर हमला बोल दिया। आरोपियो ने इसराईल के सिर पर जान से मारने की नीयत से कुल्हाडी से वार कर दिया। परिजन नाजुक हालत मे उसे प्रयागराज ले गये। जहां उसकी मौत हो गयी थी। मामले मे मृतक के भाई की तहरीर पर रफीक समेत पांच आरोपियो के खिलाफ हत्या, बलवा, गालीगलौज समेत गंभीर धाराओं मे मुकदमा दर्ज किया गया है। लीलापुर एसओ सुभाष यादव ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया गया है। हत्यारोपियो को गिरफ्तार कर शीघ्र ही जेल भेजा जाएगा।

शिक्षक के निधन पर जताया गया दुःख

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। लालगंज ब्लाक के केशवपुर पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुंदर लाल सरोज 58 का हृदयगति रूकने से गुरूवार की देर रात आकस्मिक निधन हो गया। सांगीपुर वार्ड निवासी सुन्दरलाल सरोज लालगंज ब्लाक के पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष भी थे। साथी के निधन की जानकारी होने पर शुक्रवार को परिषदीय विद्यालयों के शिक्षको मे शोक छा गया। क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना व शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी तथा राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने शिक्षक के निधन पर गहरा दुःख जताया है। वहीं चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, पूर्व प्रधान श्रीनाथ तिवारी, झुन्ना तिवारी, छोटे लाल सरोज, शिवकुमार दुबे, ज्ञानप्रकाश शुक्ल आदि ने निधन की जानकारी पर दिवंगत शिक्षक के आवास पर पहुंचकर परिजनों से मिलकर संवेदना प्रकट की। इधर शिक्षक नेता प्रभाकर द्विवेदी, नवीन शुक्ल, सुधाकर शुक्ल, राजेश वर्मा, संतोष मिश्र, डा. वीरेश सिंह, अंजनी अमोघ, संजीव द्विवेदी, गिरिजानंद कनौजिया, अरूण शुक्ला, सुभाषचंद्र पाण्डेय, रामकिशुन सरोज, सुमन सरोज, सुशील सरोज, नीलम पाण्डेय, गीता शुक्ला, ऋषि द्विवेदी, विष्णु सिंह आदि ने भी बैठक के जरिए साथी शिक्षक सुन्दरलाल के शैक्षिक क्षेत्र में दिये गये योगदान को अविस्मरणीय ठहराया।

कबड्डी प्रतियोगिता में सेवन स्टार आलापुर व कालाकांकर की टीम रही विजेता

एमएमपीजी कालेज कालाकांकर की खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन

अखंड भारत संदेश

परियावां, प्रतापगढ़। एम एम पी जी कालेज कालाकांकर में शुक्रवार को सांसद खेल कूद प्रतियोगिता का समापन बड़े ही उत्साह के साथ समापन हुआ। खेलकूद में कबड्डी बालक वर्ग में सेवन स्टार आलापुर तथा बालिका वर्ग में एम.एम.पी.जी. कॉलेज कालाकाँकर की टीम विजेता रही। वहीं वॉली बॉल बालक वर्ग में पूरे अली नकी मानिकपुर तथा बालिका वर्ग में चन्द्रगुप्त मौर्य इण्टर कॉलेज मानिकपुर की टीम ने खिताबी जीत हासिल किया खो-खो बालक वर्ग में कालाकाँकर ग्राउण्ड ने ब्लॉक चैम्पियन बनने का गौरव हासिल किया। अब ये समस्त विजेता मंझनपुर कौशाम्बी में जिलास्तरीय प्रतियोगिता में विकास खण्ड कालाकांकर का प्रतिनिधित्व करेंगे। सांसद खेल प्रतियोगिता को सम्पन्न कराने की जिम्मेदारी बेसिक शिक्षा विभाग के खेल शिक्षकों को दी गई थी जिसे ब्लॉक व्यायाम शिक्षक आदित्य त्रिपाठी के नेतृत्व में अमरनाथ यादव, अखिलेश्वर, विनोद सिंह, उमेश सिंह, हरिनारायण सोनकर, अनूप गुप्ता, अनन्तराम, घनश्याम, अबरार अहमद, दीपिका श्रीवास, निधि त्रिपाठी ने सकुशल सम्पन्न कराया, जिसमे एम.एम.पी.जी. कॉलेज कालाकाँकर के शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष एस.पी.सिंह चैहान का

खेलकूद प्रतियोगिता के विजयी खिलाड़ीगण।

सराहनीय कार्य रहे। आयोजन की समस्त जिम्मेदारी एडीओ पंचायत कालाकांकर सन्तोष शुक्ला और उनकी टीम, क्षेत्रीय युवा कार्यक्रम कल्याण अधिकारी देशदीपक जोशी के कंधों पर रही।

हादसे मे अधिवक्ता घायल, ट्रामा सेण्टर में भर्ती

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। सांगीपुर थाना क्षेत्र के भोजपुर निवासी राजीव तिवारी लालगंज तहसील मे अधिवक्ता हैं। शुक्रवार को सुबह साढे नौ बजे वह बाइक से तहसील आ रहे थे। लालगंज-सांगीपुर मार्ग पर डभियार गांव के समीप सामने कुत्ता आ जाने से बाइक अनियंत्रित होकर पलट गयी। हादसे मे अधिवक्ता लहूलुहान हो गये। आननफानन मे उन्हें लालगंज स्थित ट्रामा सेंटर मे भर्ती कराया गया है।

दो को आएगी जनजागरण स्वाभिमान यात्रा

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की स्वर्ण जयंती के उपलक्ष में एक जनजागरण स्वाभिमान यात्रा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मुकुंद बिहारी मिश्रा, महामंत्री राजेन्द्र गुप्ता व दिलीप सेठ ब अन्य 25 पदाधिकारियों के नेतृत्व में यात्रा का आगमन 02 अप्रैल दिन रविवार को आगमन होगा। रथ यात्रा का स्वागत प्रतापगढ़ के बार्डर देल्हुपुर में प्रातः 10 बजे किया एगा जिसमें कारों, मोटरसाइकिल, स्कूटर आदि काफिले में शमिल होंगे, स्वागत के बाद विश्वनाथगंज बाजार का भी व्यापारी अपने नेताओ का स्वागत फूल मालाओं द्वारा करेंगे। यह जानकारी जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष मंजीत सिंह गोबिंद ने दी।

सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर प्रारम्भ

लालगंज, प्रतापगढ़। क्षेत्र के धारूपुर स्थित रानी नीलिमा कुमारी महिला महाविद्यालय में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर का शुभारंभ हुआ। डेरवा महाविद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता प्रो. मनीष द्विवेदी ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होनें शिविरार्थियो से एनएसएस के माध्यम से सामाजिक कुरीतियों को मिटाने का आहवान किया। कार्यक्रमाधिकारी लक्ष्मीशंकर यादव ने सात दिवसीय शिविर के ध्येय पर प्रकाश डाला। प्राचार्या डा. रंजना शुक्ला ने अतिथियों के प्रति आभार ज्ञापित किया।

अडानी के मुद्दे पर भाजपा पर बिफरे कांग्रेसी

कांग्रेस ने राष्ट्रपति को जिला प्रशासन के माध्यम से भेजा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के निर्देश एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बृजलाल खाबरी के आवाहन पर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ लाल जी त्रिपाठी के नेतृत्व में राष्ट्रपति को संबोधित पांच सूत्रीय मांग पत्र नारेबाजी करते हुए (अतिरिक्त) उप जिलाधिकारी रविंद्र पाल को सौंपा गया।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ लालजी त्रिपाठी ने पत्रकारवार्ता के दौरान कहा कि विगत दिनों लोकसभा की कार्यवाही के दौरान कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से

पत्रकारवार्ता में बोलते जिलाध्यक्ष डा0 लालजी त्रिपाठी।

देश के प्रमुख उद्योगपति गौतम अडानी के संबंध में कुछ प्रश्न पूछे गए जिसका जवाब उत्तर प्रदेश के किसी भी पटल से मिलना असंभव है अतः उम्मीद की अंतिम किरण आप, देश की प्रथम नागरिक है, अतः आपसे अनुरोध है कि न्याय हित और देश हित में उपरोक्त प्रश्नों के उत्तर दिलाने की कृपा करें।

पूर्व जिलाध्यक्ष नरसिंह प्रकाश मिश्रा ने सवाल किया कि पीएम नरेंद्र मोदी और गौतम अडानी के बीच क्या रिश्ता है? ज्ञापन देने में मुख्य रूप से वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. वी के सिंह, पीसीसी सदस्य डॉ प्रशांत देव शुक्ला, यूथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष एवं कार्यालय प्रभारी वेदांत तिवारी, अशोक सिंह मुन्ना, पूर्व प्रत्याशी रानीगंज मौलाना वाहीद, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राम शिरोमणि वर्मा, अश्वनी उपाध्याय, महिला कांग्रेस अध्यक्ष सरोज कश्यप, एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष उत्सव भूषण पाल, राम धन यादव, अब्दुल रहमान, जमुना प्रसाद पांडेय, संजय इस्तियाक, श्याम शंकर तिवारी, अजित सिंह, बबलू पांडेय, विश्वास सिंह आदि उपस्थित रहे।

साथियों ने लालगंज संयुक्त अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों को किया सम्मानित

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। स्थानीय कलेक्ट्रेट कचहरी में शुक्रवार को साथी अधिवक्ताओं ने लालगंज संयुक्त अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को समारोहपूर्वक सम्मानित किया। आल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के तत्वाधान में अधिवक्ताओं ने नवनिर्वाचित लालगंज तहसील अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेन्द्र चतुर्वेदी, उपाध्यक्ष लाल विनोद कुमार सिंह व महामंत्री धीरेन्द्र शुक्ल का माल्यार्पण कर स्वागत किया। अधिवक्ताओं ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को लडडू खिलाकर मुंह मीठा कराया।

मुख्य अतिथि के रूप में अधिवक्ताओ को संबोधित करते हुए एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि इस समय अधिवक्ताओं की सुरक्षा एवं उनके मान सम्मान के जारी संघर्ष में प्रत्येक अधिवक्ता संगठनों को निर्णायक संघर्ष की भूमिका मे होना चाहिए। उन्होने कहा कि अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम लागू कराए जाने वकीलों के संघर्ष की पहली प्राथमिकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष मुक्कू ओझा व संचालन जिलाध्यक्ष अंजनी सिंह बाबा ने किया। लालगंज अध्यक्ष अनिल महेश ने साथियों द्वारा मिले सम्मान के प्रति अपनी कार्यकारिणी की ओर से आभार जताया। इसके पूर्व संयुक्त अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह तथा जिलाधिकारी डा. नितिन बंसल व पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल से शिष्टाचार मुलाकात कर लालगंज तहसील एवं दीवानी के अधिवक्ताओं से जुडी समस्याओं से अवगत भी कराया। सम्मान कार्यक्रम में जूनियर बार के उपाध्यक्ष विवेक शुक्ल, पूर्व महामंत्री जेपी मिश्र, पूर्व अध्यक्ष विकास मिश्र, दिवाकर सिंह, अश्विनी सिंह, विभाकर शुक्ला, अरुण सिंह राजू, हरिशंकर पुरी, कौशलेंद्र सिंह रतन, अमजद खान, मनोज कुमार, राहुल गुप्ता, अरुण पासवान, विवेक शुक्ला, अनिल तिवारी, आशीष श्रीवास्तव, जितेंद्र सिंह भोले आदि मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

डकैती व लूट के छः अभियुक्तों को 10-10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा

कौशाम्बी। थाना कौशाम्बी अंतर्गत 21 फरवरी 91 को वादी सुखलाल पुत्र राम निहोर निवासी दायी का पुरा थाना कौशाम्बी द्वारा सूचना दी गयी थी कि अभियुक्तगणों द्वारा एकराय होकर हत्या करने की नियत से मार-पीट कर घायल कर देना व लाइसेंसी बन्दूक छीन लेने के सम्बन्ध में मुकदमा पंजीकृत कर छः अभियुक्तों ज्ञान पुत्र रामफल रामसुख पुत्र रामफल हरिश्चन्द्र पुत्र श्री पासी गोविन्द पुत्र राम कृपाल जगरूप पुत्र सम्भर व शिवाकान्त पुत्र रामफल निवासीगण दायी का पुरा थाना कौशाम्बी को न्यायालय एडीजे प्रथम द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर अभियुक्तों को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से प्रत्येक को 10-10 वर्ष सश्रम कारावास तथा 10-10 हजार रुपए के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया अर्थ दण्ड म अदा करने पर 03-03 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई गयी।

डीएम ने गर्भवती महिलाओं की गोद भराई रस्म को अदा कर बच्चों को कराया अन्नप्राशन

जनपद स्तरीय पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर डीएम ने किया शुभारम्भ, सीडीओ ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली मुख्य सेविका एवं ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

अखंड भारत संदेश

महिलाओं की गोद भराई करते डीएम

कौशाम्बी। जिलाधिकारी सुजीत कुमार एवं मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी द्वारा उदयन सभागार में आयोजित जनपद स्तरीय पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया गया जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने गर्भवती महिलाओं की गोदभराई के रस्म को अदा किया तथा बच्चों को अन्नप्राशन एवं पोषण पोटली का वितरण किया। मुख्य विकास अधिकारी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली मुख्य सेविका, नगर-बालमती सिंह, मुख्य सेविका, मूरतगंज-गीता देवी एवं मुख्य सेविका, मंझनपुर-मंजू सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार उत्कृष्ट कार्य करने वाली ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियां को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सीडीपीओ मूरतगंज रेनू वर्मा ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए बताया कि पोषण अभियान के अन्तर्गत दिनॉक 20 मार्च से 03 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा मनाया जा रहा है, जिसके तहत विशेष रूप से 03 गतिविधियॉ की जा रहीं है यथा-श्रीअन्न मोटा अनाज मिलेट के उपभोग के लिए प्रोत्साहन एवं जनजागरूकता कार्यक्रम, स्वस्थ्य बालक-बालिका स्पर्धा कार्यक्रम एवं सक्षम ऑगनबाड़ी केन्द्रों को प्रोत्साहन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। मोटा अनाज-ज्वार, बाजरा एवं मक्का इत्यादि स्वास्थ्य के लिए अत्यधिक लाभदायक होता है। उन्होंने बताया कि पोषण पखवाड़ा के तहत रेसिपी प्रतियोगिता, पोषण पंचायत की बैठक, पोषण बैली, बच्चों का वजन, स्वस्थ्य बच्चों को पुरस्कार वितरण एवं कुपोषित बच्चों को पोषण पोटली का वितरण आदि कार्य किया जा रहा है इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरेश कुमार गुप्ता सहित सीडीपीओ नेवादा शिव कुमार मिश्रा मंझनपुर सुशील वर्मा एवं सिराथू मनोज कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

बाइक से ड्यूटी पर जा रहे सिपाही को ट्रक ने रौंदा, गंभीर घायल

कौशाम्बी। जिले के कोखराज थाना क्षेत्र के बजहा अपने गांव छुट्टी पर आया सिपाही छुट्टी के बाद बाइक से ड्यूटी पर जा रहा था,ड्यूटी पर जा रहे सिपाही को ट्रक ने रौंद दिया,हादसे में सिपाही गंभीर घायल हो गया,जिसे तत्काल अस्पताल में भर्ती किया गया जहा से उसे प्रयागराज फिर लखनऊ रेफर कर दिया गया,वही आरोपी ट्रक चालक और क्लीनर को पुलिस नेअरेस्ट कर लिया और जांच में जुट गई है। घटना कोखराज थाना क्षेत्र के कशिया पश्चिम गांव के पास नेशनल हाइवे में देर शाम की है जहा 2011 बैच का सिपाही अखिलेश यादव अपने गांव बजहाँ छुट्टी पर आया हुआ था,छुट्टी समाप्त कर वह बाइक से रायबरेली ड्यूटी पर जा रहा था,जैसे ही वह कशिया गांव के पास पहुंचा तभी एक ट्रक जिसका चालक नींद में था उसने बाइक सवार सिपाही को रौंद दिया,हादसे में सिपाही अखिलेश यादव गंभीर घायल हो गए।घटना की सूचना पर पहुंची कोखराज थाना पुलिस ने घायल सिपाही को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया जहा से उसे प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया लेकिन हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया।वही पुलिस ने ट्रक चालक और क्लीनर को पकड़ लिया है और जांच में जुटी हुई है।

न्यूज झरोखा

कस्तूरबा गॉधी आवासीय बालिका विद्यालय का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

कौशाम्बी। जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने शुक्रवार को कस्तूरबा गॉधी आवासीय बालिका विद्यालय, मंझनपुर का निरीक्षण किया जिलाधिकारी ने क्लॉस रूम के निरीक्षण के दौरान छात्राओ की उपस्थिति आदि जानकारी प्राप्त करते हुए अध्यापिकाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्होंने रसोई घर के निरीक्षण के दौरान मानक के अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन प्रदान करने के भी निर्देश दियें। उन्होंने स्टोर रूम में रखे खाद्य सामग्रियों के गुणवत्ता को भी परखा तथा जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को विद्यालय परिसर में पौधारोपण के साथ ही फूल के पौधे लगवाने तथा ई0ओ0, मंझनपुर को चहारदीवारी की रंगाई-पुताई कराने के निर्देश दियें इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी प्रकाश सिंह एवं ईओ सुनील मिश्रा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

चैत्र नवरात्रि एवं राम नवमी के अवसर पर साणा नाथ बाबा कुटी में बंदरों का भंडारा



कौशांबी। सिराथू तहसील के भदवॉ गाँव में प्रचीन मंदिर साणा नाथ बाबा कुटी में महंत राजेन्द्र दास महराज कृपा पात्र स्वराजी बाबा महराज जी के कृपा से नवरात्रि नवमी पर बंदरों का भंडारा होता है जिसमें बेजुबान बंदरों को मीठी पूडी का प्रसाद पेट भर ग्रहण कराया जाता है जिस अवसर पर चैत्र नवरात्रि नवमी को शिष्य अनिल कुमार तिवारी व नागेश्वर नाथ करन तिवारी के द्वारा बुला बुला कर साणा नाथ बाबा के बंदरों को मीठी पूडी खिलाई गयी और राम जी की सेना को चिरंजीव होने की कामना की गयी।

वामा सारथी द्वारा पुलिस लाइन स्थित भव्य मंदिर में कलश स्थापना

कौशाम्बी। वामा सारथी उत्तर प्रदेश पुलिस वेलफेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में जनपद के पुलिस लाइन में चैत्र नवरात्रि त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए वामा सारथी अध्यक्षा श्रीमती रीना श्रीवास्तव द्वारा पुलिस लाइन स्थित भव्य मंदिर में कलश स्थापना कर पूजा अर्चना एवं भजन-कीर्तन का आयोजन कराया गया , जिसमें पुलिस लाइन के आवासीय परिसर में आवासित समस्त महिलाओं एवं बच्चों द्वारा सम्मिलित होकर पूरे 9 दिवस तक पूजा-अर्चना एवं भजन-कीर्तन किया गया एवं नवरात्रि के अंतिम दिन रामनवमी के शुभ अवसर पर हवन कन्या पूजन कर भण्डारे का आयोजन भी कराया गया। इस शुभ अवसर पर बृजेश कुमार श्रीवास्तव पुलिस अधीक्षक समर बहादुर अपर पुलिस अधीक्षक सहित सभी क्षेत्राधिकारीगण एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण अपने-अपने परिवार सहित सम्मिलित रहे।

मंझनपुर ब्लॉक क्षेत्र के अषाढ़ा ग्राम सभा में पेयजल की भारी किल्लत 48 घंटों से पानी बंद!

दानपुर कौशाम्बी। मंझनपुर ब्लॉक क्षेत्र के अषाढ़ा समेत 5 गांवों में पेयजल योजना का निर्माण कार्य होने के बाद भी गांवों तक शुद्ध जल नहीं पहुंच रहा हैं। अषाढ़ा ग्राम सभा में लगभग 48 घंटों से पानी की किल्लत से ग्रामीण परेशान है ग्रामीणों ने बताया कि एक तरफ जहां चापानल ने भी पानी देना बंद कर दिया जिससे बूंद पानी के लिए ग्रामीण तरस रहे हैं लोगों ने बताया कि हर वर्ष गर्मी शुरू होने के साथ ही पेयजल संकट गहराने लगता है। भीषण गर्मी में पानी के लिए प्रत्येक वर्ष सैकड़ो ग्रामीण तरसते हैं पेयजल योजना का निर्माण कार्य शुरू हुआ तो लोगों को खुशी हुई थी कि अब हर घर तक शुद्ध जल की आपूर्ति होगी लेकिन जहां ऐसा कुछ भी नहीं हुआ है, हर वर्ष गर्मी में पानी की आपूर्ति बंद हो जाती है आए दिन टंकी व मशीन में समस्या बताकर पानी सप्लाई रोक दी जाती है। गर्मी शुरू होते ही क्षेत्र के 5 गांव में पानी की समस्या से ग्रामीण परेशान हो रहे हैं सुबह से ही हैंडपंपों में पानी भरने के लिए ग्रामीणों की भीड़ लग जाती है घंटों बाद हैंडपंप से ग्रामीणों को पानी मिल पाता है ग्रामीणों का अन्य दिनचर्या का काम बाधित होता है स्थिति यह है कि पेयजल योजना सिर्फ शोभा बन कर रह गयी है पेयजल योजना से जुड़े अधिकारियों को बार-बार सूचना देने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है जिससे ग्रामीणों के सामने पानी की समस्या विकराल रूप धारण कर चुकी हैं इलाके के लोगों ने शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए क्षेत्र में पानी की समस्या के समाधान करने की मांग की है।

ग्राम चौपाल में छाया रहा विधवा विकलांग पेंशन का मुद्दा

अखंड भारत संदेश

कार्यालय में काम ना करने वाले अधिकारियों से चौपाल में विधवा विकलांग पेंशन की मंजूरी लाभार्थियों को मिल पाएगी!

कोखराज कौशांबी। गरीब कमजोर विधवा विकलांग लोगों को पेंशन की आड़ में आर्थिक मदद देकर सरकार उनके जीवन को सुधारने का प्रयास कर रही है लेकिन कई दशक से संचालित योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है सिराथू तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोखराज में शुक्रवार को ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया इस चौपाल में उपस्थित सैकड़ों महिला पुरुषों ने विधवा विकलांग पेंशन दिलाए जाने के लिए आवाज बुलंद की उनका कहना है कि तमाम प्रयास के बाद भी पात्र होने के बाद उन्हें विधवा विकलांग पेंशन नहीं मिल सकी हैं अब सवाल उठता है कि यदि योजना से जुड़े अधिकारियों ने कार्यालय में बैठकर योजना के पात्र लोगों को विधवा विकलांग पेंशन की मंजूरी दे दी होती तो चौपाल में लोगों को आवाज क्यों बुलंद करना पड़ता कार्यालय में काम ना करने वाले अधिकारियों से चौपाल में विधवा विकलांग पेंशन की मंजूरी लाभार्थियों को मिल पाएगी। अब सवाल उठता है कि आखिर गरीबों को योजना का लाभ देने में यह अधिकारी इतनी लापरवाही क्यों कर रहे हैं यदि कार्यालय में बैठकर अधिकारियों द्वारा योजनाओं का सही तरीके से संचालन कर दिया जाए तो तहसील समाधान दिवस थाना समाधान दिवस ब्लाक समाधान दिवस और ग्राम चौपाल के आयोजन की जरूरत ही नहीं रह जाएगी लेकिन कार्यालयों में बैठने वाले अधिकारी भी बड़े लापरवाह हो गए हैं योगी सरकार को इन लापरवाह अधिकारियों के कारनामों को गंभीरता से लेकर इन्हें दंडित किए जाने की जरूरत है तभी सरकारी योजना पारदर्शी तरीके से गांव गरीब के घर तक पहुंच सकेगी। सिराथू तहसील के कोखराज ग्राम पंचायत मे शुक्रवार को ग्राम चौपाल का आयोजन कर बैठक किया गया बैठक में मुख्य अतिथि डीपीआरओ बाल गोविन्द श्रीवास्तव ने लोगों की जन समस्याओं को सुना दिव्यांगजन अधिकारी अभिषेक उपाध्याय ने आम जनमानस को सरकार की योजनाओं की जानकारी दिया व सामूहिक विवाह में भाग लेने के लिए भी प्रेरित किया दिव्यांग लोगों के बच्चो की शादी के लिए आवेदन पत्र बिभाग में जमा करने के लिए प्रेरित किया ग्राम चौपाल के आयोजन के अवसर पर अधिकारियों ने उपस्थित जनमानस को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी एडीओ पंचायत दशरथ लाल, अशोक यादव एपीओ मनरेगा, आकाश यादव एनआरएलएम, राजेश मिश्रा सप्लाई आपूर्ति अधिकारी, छेददीदेवी बाल विकास परियोजना, मनोज सेकटूरी, लक्ष्मी मौर्य, लेखपाल लोकनाथ पाड़े, आयोजक नसीम ग्राम प्रधान,प्रतिनिधि कोखराज, रमेश मौर्य प्रधान कोखराज आदि सहयोगी व सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

एसपी ने साप्ताहिक परेड की ली सलामी

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पुलिस लाइन में शुक्रवार के परेड की सलामी ली गयी, तदुपरान्त निरीक्षण के दौरान एसपी द्वारा परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों के टर्नआउट का अवलोकन किया गया तथा बेहतर टर्नआउट वाले पुलिसकर्मियों की प्रशंसा की गई, साथ ही परेड में शामिल समस्त पुलिसकर्मियों को साफ-सुथरी एवं निर्धारित वर्दी धारण करने तथा नियमानुसार टर्नआउट मेंटेन करने हेतु निर्देशित किया गया । तत्पश्चात पुलिसकर्मियों में शारीरिक दक्षता विकसित करने हेतु दौड़ लगवाई गयी । सभी जवानों से शास्त्राभ्यास कराया गया एसपी द्वारा पुलिस लाइन स्थित समस्त शाखाओं, क्वार्टर गार्ड, पीआरवी वाहनों, डीसीआरबी कार्यालय, डायल-112 एवं एमटी शाखा का निरीक्षण कर किया गया साथ ही मेस में भोजन की गुणवत्ता को चेक किया गया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जरायम की दुनिया के बेताज बादशाह बने सफेद अपाचे सवार

थाना से लेकर पुलिस चौकी तक आए दिन देखे जाते हैं अपाचे सवार युवक

कौशाम्बी। जरायम की दुनिया में इन दिनों एक सफेद अपाचे चर्चा का विषय बनी है कोखराज थाना क्षेत्र के एक गांव की सफेद अपाचे सुबह से देर रात तक राष्ट्रीय राजमार्ग और उसके आसपास की सड़कों में घूमती रहती है संदिग्ध लोग अपाचे में सवार रहते हैं बताया जाता है कि अपाचे सवार लोग संगठित अपराध के धंधे में लंबे समय से शामिल है और साल में करोड़ों कीमत का ब्यवसाय संगठित अपराध का करते हैं इलाके में संगठित अपराध को बढ़ावा देने वाले लोगों से उनके गहरे रिश्ते हैं बताया जाता है कि गांजे के व्यवसाय से लेकर अफीम चरस के साथ साथ लूट की घटनाओं को भी सफेद अपाचे सवार अंजाम देते हैं लेकिन संगठित अपराध से जुड़े लोगों के कारनामे सार्वजनिक होने के बाद भी थाना पुलिस ने सफेद अपाचे सवार युवकों की जांच पड़ताल कर संगठित अपराध के धंधे को बंद करने का प्रयास नहीं किया है आए दिन थाना और पुलिस चौकी में भी सफेद अपाचे सवार दिखाई पड़ते हैं आखिर पुलिस से इनके क्या रिश्ते हैं यह बड़ी जांच का विषयढ है चचाओं पर जाए तो इलाके में लोगों की रेकी कर काम लगाने की सुपारी भी सफेद अपाचे सवार युवक लेते हैं लेकिन उसके बाद भी गुप्तचर से लेकर पुलिस तक की निगाह अपाचे सवार युवकों के कारनामो पर नहीं पड़ी हैं जरायम की दुनिया के बेताज बादशाह अपाचे सवार युवकों के कारनामों की ओर इलाके के ग्रामीणों ने अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट करा कर कार्यवाही की मांग की है।

मसुरियन माता मंदिर सेलरहा पश्चिम में चल रहा है अखंड रामायण का पाठ

अखंड भारत संदेश

कौशांबी। सिराथू तहसील के सेलरहा पश्चिम के सिराथू रोड पर स्थित मसुरियन माता मंदिर सेलरहा पश्चिम में नवरात्रि के पावन अवसर पर 29 मार्च को अखंड रामायण पाठ का आयोजन विद्वान पंडितो द्वारा विधि विधान पूर्वक शुरू हुआ जिसमें ग्राम प्रधान सेलरहा पश्चिम लवलेव सिंह यादव अपना पूरा सहयोग कर रहे हैं बिगत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी मसुरियन माता मंदिर में विशाल कन्या भंडारा भी हुआ जिसमें हजारों कन्याओ ने माता रानी का प्रसाद ग्रहण किया। ज्ञात हो कि कौशांबी जनपद के सिराथू बिधान सभा के सेलरहा पश्चिम गाँव में अति प्रचीन मसुरियन माता नाम से विख्यात मंदिर है जहाँ पर दिव्य हनुमान जी की भी मूर्ति प्रतिष्ठित है वहाँ लोगों की हर मनोकामना पूरी होती हैं तथा लोग हमेशा देवी जी की कृपा प्राप्त करने के लिए पूजा पाठ करते रहते है शादी ब्याह संपन्न होने पर नव वधू को लेकर बधाई पूजने का भी वहाँ प्रचलन है विगत 2022 जून में महंत राजेन्द्र दास द्वारा विशाल सतचंडी महा यज्ञ और श्री मद भागवत कथा का आयोजन 23 जून से 30 जून तक किया गया था जिसमें ग्राम प्रधान सहित क्षेत्रीय लोगों का अपार सहयोग प्राप्त हुआ था तथा कमलेश चंद्र यादव सेलरहा द्वारा निशुल्क टेन्ट फर्नीचर तथा भंडारा मे प्रयोग होने वाले बरतनो का पूर्ण सहयोग दिया चैत्र नवरात्रि से दस दिन पूर्व के डी द्विवेदी वरिष्ठ अधिवक्ता साईं धाम मंझन पुर कौशांबी अपने पुत्र प्रशांत द्विवेदी एडवोकेट हाई कोर्ट के द्वारा संगीत मय सुन्दर कांड का पाठ करा कर विधिवत मसुरियन माता और हनुमान जी की पूजा कर उपस्थित साधु-सन्तों और भक्तो का भंडारा कर बंदरों को पूडी केला लड्डू खिलाया वहाँ का सेवक ननका लाला शिष्य राजेन्द्र दास महराज प्रत्येक व्यवस्था में सेवा का भार संभालने का काम करते है वही दान पत्र में आनें वाले धन को प्रधान सेलरहा पश्चिम द्वारा एक सेठ के यहाँ एकत्रित करवा कर माता रानी के भवनों के विकास की सोच रखते है समय समय पर देवी भक्तो द्वारा यथा शक्ति सहयोग कर निर्माण कार्य भी कराया गया है शुरूआत में बंदरिया वाले बाबा के नाम से मशहूर गौ लोक वासी राम चरण दास स्वराजी बाबा महराज जी के सेवक शिष्य एक झोपड़ी डालकर देवी मा की सेवा करते थे और उनके गौ लोक वासी होने पर राम चंद्र दास व सत्य नारायण दास शिष्य श्री श्री 1008 महा मंडलेश्वर देवर्षि बाल ब्रह्मचारी महा त्यागी विरक्त वैष्णव गौ लोक वासी राम चरण दास स्वराजी बाबा महराज जी रह रहे हैं जिनका जीवनयापन माता के यहाँ के चढावा प्रसाद द्वारा होता है प्रति वर्ष माघ मेला से वापस आनें पर भी साधु-सन्तों भक्त गणों का भंडारा होता है। विगत दिनों पुलिस कप्तान कौशांबी रहे विनोद कुमार मिश्रा प्रति मंगल वार आकर हनुमान जी का दर्शन करतें थे तथा वहा मंदिर की पुताई भी करवाई और बजरंगबली जी कृपा से वहाँ संगमरमर पत्थर पर हनुमानजी की मूर्ति के दरवाजे पर पूरी हनुमान चालीसा का पाठ लिखवाया जो भक्तो द्वारा हमेशा हनुमानजी के पास पहुचने पर पढकर अपने को धन्य मानते हैं नवरात्रि नवमी दशमी को ग्राम प्रधान व जनता के सहयोग माता धाम में मेला का भी अयोजन होता है जहां क्षेत्रीय लोगों का काफी जमावड़ा होता है।

एनडी कान्वेंट स्कूल एंड कॉलेज में आयोजित हुआ शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी

अखंड भारत संदेश

संजय गुप्ता पूर्व विधायक चायल ने कहा कि समाज में हर व्यक्ति को शिक्षा का अधिकार

बच्चों के साथ मौजूद प्रधानाचार्य सीमा पवार

कौशाम्बी। भरवारी स्थित एनडी कान्वेंट स्कूल एंड कॉलेज में दिनांक 31 मार्च 2023 को शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन हुआ जिसमें बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और रिजल्ट वितरण के इस कार्यक्रम में बच्चों के चेहरे खिल उठे जब उन्हें उनके परीक्षा परिणाम प्राप्त हुए कार्यक्रम में मुख्य रूप से मां सरस्वती की पूजा अर्चना रिद्धि सिद्धि ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के चेयरमैन पूर्व विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने किया बच्चों ने अपने सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से उपस्थित जनता जनार्दन का मन मोह लियाञ कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरस्वती वंदना, गणेश वंदना ,स्कूल चले हम, मेरी बेटी मेरा स्वाभिमान आदि थे इस संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य अभिभावक और शिक्षक के बीच एक ऐसे सेतु का निर्माण करना होता है जिसमें आपसी सहमति के माध्यम से बच्चों के सर्वांगीण विकास की चर्चा करना है मुख्य अतिथि संजय कुमार गुप्ता ने अपने अभिभाषण में कहा कि एनडी कान्वेंट स्कूल एंड कॉलेज 100% परीक्षा परिणाम देने वाला संस्थान है हमारे इस संस्थान में आधुनिकतम प्रयोगशाला जिसमें वैज्ञानिक उपकरण के साथ-साथ हर वह संसाधन उपस्थित है जो बच्चों के अंदर विज्ञान को पढ़ने की और समझने की जागरूकता पैदा करता है यहां के पुस्तकालय में बच्चे आसानी से पुस्तके प्राप्त कर सकते हैं जो उन्हें चाहिए यहां के प्राइमरी सेक्शन में डिजिटल क्लासेस चल रही है जिसमें नाना प्रकार के विषयों को आसानी से समझा जा सकता है साथ ही साथ कंप्यूटर लैब भी बच्चों के लिए उपलब्ध है सबसे महत्वपूर्ण खेलकूद से संबंधित हर प्रकार के उपकरण उपलब्ध हैं जो कि बच्चों की शारीरिक एवं मानसिक विकास को व्यवस्थित करती है.. नर्सरी सेक्शन से अर्पित यादव ने प्रथम रैंक ,अभी यादव द्वितीय रैंक ,आदित्य यादव तृतीय. रैंक एलकेजी से प्रथम रैंक अभी विश्वकर्मा, द्वितीय रैंक उज्जवल केसरवानी ,तृतीय रैंक मोहम्मद बिलाल,यूकेजी से स्वीक्षा सिंह प्रथम स्थान ,अवनि शुक्ला द्वितीय स्थान तथा सॉरी यादव तृतीय स्थान ,क्लास फर्स्ट से आदित्य यादव प्रथम स्थान, पुष्पराज यादव द्वितीय स्थान, तथा रचित शर्मा तृतीय स्थान क्लास सेकंड से अक्षत केसरवानी प्रथम स्थान, श्रेया पाल द्वितीय, स्थान अमरीश जमीर तृतीय स्थान ,क्लास थर्ड से कृष्णा केसरवानी प्रथम स्थान ,पंखुड़ी केसरवानी द्वितीय स्थान, दिव्यांशी पटेल तृतीय स्थान, क्लास फोर्थ से यशी केसरवानी प्रथम स्थान ,शिवानी यादव द्वितीय स्थान, कान्हा केसरवानी तृतीय स्थान, क्लास फिफ्थ से अनुश्री प्रथम स्थान, विदित कुमार द्वितीय स्थान, अनमोल त्रिपाठी तृतीय स्थान, क्लास सिक्स्थ से अनोखी प्रथम स्थान, ध्रुव केसरवानी द्वितीय स्थान, रवि सिंह तृतीय स्थान, क्लास सिक्स्थ बी से रूद्र सिंह प्रथम स्थान, आदित्य यादव द्वितीय स्थान, नैतिक सिंह तृतीय स्थान, क्लास सेवंथ ए से सचिन केसरवानी प्रथम स्थान, स्वास्थ्य यादव द्वितीय स्थान ,साक्षी केसरवानी द्वितीय स्थान ,आरूषी शर्मा तृतीय स्थान ,क्लास सेवंथ बी से विक्रम कुमार प्रथम स्थान, वैभव सिंह द्वितीय स्थान, रचित तिवारी तृतीय स्थान ,क्लास 8 से प्रज्ञा गॉड प्रथम स्थान, अनामिका द्वितीय स्थान ,अंचल मौर्या तृतीय स्थान ,क्लास 8 सीबीएसई प्रिंस राजपूत प्रथम स्थान ,सक्षम केसरवानी द्वितीय स्थान, प्रखर शर्मा तृतीय स्थान ,सीबीएसई नाइंथ ऐ से अनन्या प्रथम स्थान, सुनिधि द्वितीय स्थान तथा जया तृतीय स्थान नाइस बी से विनीत चंद्र प्रथम स्थान, रामजी जयसवाल द्वितीय स्थान ,नरसिंह केसरवानी तृतीय स्थान वही यूपी बोर्ड से साक्षी प्रथम स्थान सुमित मौर्य द्वितीय स्थान तथा जूही ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। संस्थान की डायरेक्टर श्रीमती सीमा पवार ने सभी बच्चों को उनकी सफलता के लिए बधाई दिया इस कार्यक्रम का संचालन संस्थान के प्रधानाचार्य डॉक्टर मयंक मिश्रा ने किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से नीरज शर्मा ,उर्वशी गुप्ता, सुमन कुशवाहा ,गायत्री चावला ,आरपी चतुवेर्दी ,शैलेंद्र सिंह, रुखसार ,बद्री विशाल शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

स्कूल स्थापना के सिल्वर जुबली साल मनाने के कार्यक्रम में बच्चों ने मचाया धमाल

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे अजय सोनी ने बच्चों को बांटा पुरस्कार, की हौसला आफजाई

कौशाम्बी। मदर टेरेसा पब्लिक स्कूल मनौरी में शुक्रवार को स्कूल की स्थापना का सिल्वर जुबली साल का कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी रहे। कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की जिसमे खूब जमकर धमाल मचाया और खूब रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि रहे अजय सोनी के स्कूल प्रबंधक मनोज सोनी द्वारा माल्यार्पण के साथ हुई। इसके साथ ही अन्य तमाम लोगों ने भी मुख्य अतिथि को माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया। इसके बाद छात्राओं द्वारा स्वागत गीत गाया गया। इसके बाद स्कूल के छात्रों एवं छात्राओं द्वारा तमाम सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजय सोनी ने तमाम छात्रों एवं छात्राओं को उनके विविध तरह के कार्यक्रमों की सुंदर प्रस्तुति एवं कक्षा मे अच्छे अंकों के साथ परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर पुरस्कार देकर उनका हौसलाआफजाई किया। इस अवसर पर अजय सोनी ने कहा कि आगे बढ़ने के लिए आत्मविश्वास और आत्मबल की बहुत अहमियत होती है। बच्चों को खुद में आत्मविश्वास और आत्मबल पैदा करना चाहिए। कार्यक्रम के आयोजक मनोज सोनी ने बताया कि आज से पच्चीस साल पहले थोड़े से बच्चों को साथ लेकर शुरू किया गया मदर टेरेसा पब्लिक स्कूल आज एक वटवृक्ष हो चुका है। विद्यालय से पढ़ कर निकले पूर्व छात्र और छात्राएं आज अपने अपने क्षेत्र में प्रदेश और देश में विद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। अंत में आए हुए सभी लोगो का मनोज सोनी ने आभार व्यक्त किया और समय देने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर स्कूल की प्रधानाचार्य अंजू सोनी, रामबालक सोनी पूर्व प्रधान, सुनील सोनकर, अमन सोनी, वसीम अहमद, स्कूल के कई स्टाफ, तमाम अभिभावक सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

जन संपादकीय

कर्नाटक में चुनाव

पूर्वोत्तर के चुनाव के बाद अब दक्षिण के कर्नाटक में चुनाव की घोषणा हो चुकी है। बुधवार को चुनाव आयोग ने प्रेस कांफ्रेंस में कर्नाटक विधानसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा करते हुए बताया कि राज्य में 10 मई को मतदान होगा और 13 मई को नतीजे आएंगे। यानी एक ही चरण में सभी 224 सीटों पर मतदान हो जाएगा और तीन दिनों के भीतर मतगणना पूरी होकर नतीजे भी आ जाएंगे। वैसे तो ईवीएम के कारण चुनाव प्रक्रिया आसान हो गई है, लेकिन फिर भी 70-80 सीटों वाले प्रांतों में मतदान और मतगणना के बीच कई दिनों का अंतर चुनाव आयोग पहले रखते आया है या फिर कई चरणों में चुनाव होते हैं। ऐसे में खुशी की बात है कि कर्नाटक जैसे बड़े राज्य में एक ही चरण में चुनाव होंगे और नतीजे भी जल्दी आ जाएंगे। चुनाव आयोग ने दावा किया है कि चुनाव में धनबल का इस्तेमाल नहीं होने दिया जाएगा। सभी संबंधित एजेंसियों को इसके लिए कार्रवाई का आदेश दिया गया है। चप्पे चप्पे पर एजेंसियां निगरानी करेंगी। पारदर्शी और निष्पक्ष चुनाव के लिए यह जरूरी भी है कि चुनाव हर तरह के दबाव यानी धनबल, बाहुबल और सत्ताबल से बचे रहें। लेकिन चुनाव आयोग जैसी स्वतंत्र, संवैधानिक संस्था को इस बात का आश्वासन देना पड़े, ऐसी नौबत क्यों आई, ये विचारणीय है। कर्नाटक चुनाव भारत जोड़ो आंदोलन के बाद देश में बदलती राजनीति, अडानी मुद्दे पर घिरी भाजपा और कांग्रेस के बढ़ते प्रभाव की पृष्ठभूमि में हो रहे हैं। राहुल गांधी की सांसदी जाने के बाद विपक्षी दलों में एकता भी बढ़ रही है। इसलिए कर्नाटक चुनाव के नतीजे राज्य में ही नहीं, देश की राजनीति पर प्रभाव डालने वाले साबित होंगे। चुनाव का ऐलान होते ही भाजपा ने जीत का दावा किया है। भाजपा प्रवक्ता केके शर्मा ने कहा है कि हम रिवाज बदलेंगे और दोबारा सरकार बनाएंगे। यह समझना कठिन है कि भाजपा का अतिआत्मविश्वास है या व्यवस्थागत विश्वास की, वह चुनाव घोषणा के साथ ही जीत का दावा कर रही है। अब तक कांग्रेस ने 124 और जेडीएस ने 93 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की है। भाजपा का मुकाबला मुख्य रूप से इन्हीं दो दलों से है। अभी भाजपा के उम्मीदवारों की कोई सूची नहीं आई है, लेकिन उससे पहले ही बहुमत का ऐलान चौंकाता है। भाजपा ने देश की राजनीति में यह नया रिवाज तो बना ही दिया है कि चुनावों में जीत मिले या न मिले, सत्ता किसी न किसी तरह उसके पास आ ही जाती है। कर्नाटक भी इस रिवाज का साक्षी बना है। 2018 के चुनावों में कांग्रेस और जेडीएस ने मिलकर सरकार बनाई थी। जेडीएस के एचडी कुमारस्वामी मुख्यमंत्री बने थे। लेकिन 14 महीने बाद ही इस गठबंधन सरकार को गिरा कर बीएस येदियुरप्पा ने कांग्रेस के बागी विधायकों की मदद से भाजपा की सरकार बनाई थी। हालांकि वे खुद दो साल ही इस पद पर रहे। श्री येदियुरप्पा को हटाकर बसवराज बोम्मई को मुख्यमंत्री बनाया गया। लेकिन बोम्मई सरकार में भाजपा कई बड़े विवादों में उलझी। राज्य में हिजाब का मुद्दा उठा, जो अब तक आखिरी फैसले की बाट जोह रहा है। धार्मिक, सांप्रदायिक तनाव बोम्मई सरकार में कई बार कायम हुए। आरक्षण के मुद्दे पर राजनीति गर्म रही और भ्रष्टाचार के कई गंभीर आरोप बोम्मई सरकार पर लगे। भाजपा के एक विधायक को हाल ही में भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार किया गया है। उनके घर से करीब 8 करोड़ नकद बरामद की गई थी। एक ठेकेदार की खुदकुशी के बाद कर्नाटक सरकार के एक मंत्री को इस्तीफा तक देना पड़ा था। कांग्रेस ने तो बाकायदा पेसीएम जैसा अभियान चलाकर भाजपा को भ्रष्टाचार के मसले पर घेरा है। चुनावों में भी अब भाजपा के खिलाफ भ्रष्टाचार एक बड़ा मुद्दा बनेगा, यह तय है। शायद इसी वजह से भाजपा ने अपने बचाव की तैयारी शुरू कर दी है और विपक्षियों पर उंगली उठाने का सिलसिला शुरू हो गया है। कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष डी के शिवकुमार के एक वीडियो को लेकर भाजपा ने निशाना साधा है, जिसमें वे बस की छत से 5 सौ रूपए के नोट उड़ाते नजर आ रहे हैं। लेकिन असल बात ये है कि कांग्रेस द्वारा आयोजित प्रजा ध्वनि यात्रा में मांड्या जिले के पास बेवनाहल्ली में डी के शिवकुमार ने यात्रा के साथ चल रहे, ढोल-नगाड़े बजाते कलाकारों को 5-5 सौ रूपए के नोट दिए। चूंकि नोट बस की छत से दिए गए, तो उसे नोट उड़ाना कहा गया। लेकिन खास बात ये है कि डी के शिवकुमार ने केवल एक बार ऊपर से नोट दिए। जबकि नोट उड़ाने का मतलब होता कि शिवकुमार चलते-चलते बार-बार हवा में नोटों को उछालते। हिंदुस्तान के कई आयोजनों में ऐसे दृश्य देख चुकी जनता भी समझती है कि नोट देने और उड़ाने में क्या फर्क है। बहरहाल, कांग्रेस पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाने के बाद भी भाजपा अपने ऊपर आई जवाबदेही से बच नहीं सकती है। भ्रष्टाचार के अलावा सत्तारुढ़ भाजपा के सामने आरक्षण का मसला भी एक बड़ी चुनौती है। पिछले हफ्ते बोम्मई सरकार ने नौकरियों और शिक्षा में आरक्षण के लिए दो नई श्रेणियों की घोषणा की। सरकार ने अन्य पिछड़ा वर्ग मुसलमानों के लिए आरक्षित 4 प्रतिशत कोटा भी खत्म कर दिया। वो 4 प्रतिशत आरक्षण अब वोक्कालिगा और लिंगायत समुदायों के बीच समान रूप से बांटा गया है, जिसके जरिए भाजपा इन दो समुदायों को साधने की कोशिश करेगी। भाजपा ने अनुसूचित जाति श्रेणी के तहत विभिन्न दलित समुदायों के लिए आंतरिक आरक्षण शुरू करने के लिए चार उप-श्रेणियां भी बनाई हैं। माना जा रहा है कि मुसलमानों के लिए निर्धारित आरक्षण संबंधी लाभ को वापस लेने के लिए कर्नाटक राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की ओर से कोई सिफारिश नहीं की गई है। भाजपा ने 1995 में मुसलमानों के लिए आरक्षण की शुरूआत को अल्पसंख्यक तुष्टिकरण का उदाहरण बताया है। चुनाव से पहले आरक्षण नीति में यह बदलाव जाति और धर्म के आधार पर वोट बटोरने की रणनीति को दर्शा रहा है। लेकिन भाजपा इसके सामाजिक असर को शायद भांप नहीं पाई, क्योंकि अब इस के खिलाफ आवाज उठनी शुरू हो गई है। अनुसूचित जाति में बंजारा समुदाय के लोगों के लिए आरक्षण कम करने के आरोप में अभी पूर्व मुख्यमंत्री बी एस येदियुरप्पा के घर पर पथराव किया गया।

वैश्विक बैंकिंग संकट का तकनीकी रोजगार पर असर

के रवींद्रन

नौकरी के परिदृश्य पर बैंकिंग संकट का पूर्ण प्रभाव अभी तक स्पष्ट नहीं है। इस संकट ने वैश्विक बैंकों के शेयर की कीमतों में छठे स्थान पर गिरावट देखी है। शेयर की गिरती कीमतों का बैंकों के संचालन पर महत्वपूर्ण असर पाया गया है, जिसमें क्रेडिट और डिपॉजिट शामिल हैं, क्योंकि एक तरफ ऋ ण वितरण कम हो जाता है और जमाकर्ता अपने पैसे को सुरक्षित आश्रयों में लगाने के लिए वापस ले लेते हैं। यह तेजी से स्पष्ट होता जा रहा है कि वैश्विक बैंकिंग संकट ने अभी एक छोटी सी भी भूमिका नहीं निभाई है। यद्यपि दिवालियापन और इसी तरह के परिणामों की ओर ले जाने वाले तात्कालिक नतीजे कुछ हद तक कम हो गये हैं, बदतर स्थिति आने की आशंकाएं अभी भी बनी हुई हैं। वैश्विक अर्थव्यवस्था में मंदी की संभावनाएं पहले की तुलना में अधिक स्पष्ट हैं। सरल शब्दों में, जब लोगों को आगे परेशानी का डर होता है, तो वे पैसा खर्च करना बंद कर देते हैं, जो एक चेन रिएक्शन सेट करता है जो हर आर्थिक गतिविधि को प्रभावित करता है। फिर यह अर्थव्यवस्था के हर स्तर पर परिलक्षित होता है, जिसमें ऋण, पूंजी और निवेश शामिल हैं, जिनका पूरी अर्थव्यवस्था पर अत्यधिक प्रभाव पड़ता है। मंदी ने अब तक भारतीय अर्थव्यवस्था पर अपनी छाया उतनी नहीं डाली है, जितनी इसने अन्यत्र डाली है, क्योंकि इसने एक ऐसे बाजार के आधार पर अंतर्निहित ताकत के कारण विशिष्ट लचीलापन दिखाया है क्योंकि भारतीय बाजार इतना बड़ा है मानो यह अपने आप में एक दुनिया हो। लेकिन ऐसे क्षेत्र हैं जहां भारतीय बाजार की यह दुनिया विश्व बाजार की बड़ी दुनिया के साथ इस हद तक विलीन हो जाती है कि सीमाएं मुश्किल से पहचानी जा सकती हैं। जब प्रौद्योगिकी, ई-कॉमर्स, सेवा आदि जैसे क्षेत्रों की बात आती है तो एकीकरण पूर्ण हो जाता है। इसलिए, वैश्विक कंपनियों के लिए निहितार्थ वाले किसी भी विकास का भारत पर भी प्रभाव पड़ता है।

उदाहरण के लिए, कंसल्टेंसी दिग्गज एक्सेंचर के सभी कर्मचारियों का 40 प्रतिशत भारत में स्थित है और कंपनी ने अभी-अभी अपने कार्यबल को कम करने की योजना की घोषणा की है और यह गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, अमेजॉन, ट्विटर, और मेटा सहित लगभग हर दूसरी दिग्गज कंपनी के लिए सच है। अमेरिकी बैंकिंग संकट इस प्रक्रिया में कंपनियों की एक और परत जोड़ सकता है, क्योंकि अधिकांश प्रमुख खिलाड़ियों ने अपने बैकएंड संचालन को भारत में आउटसोर्स कर दिया है। नौकरी में कटौती के बारे में नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, 2023 के केवल तीन महीनों में छंटनी पूरे 2022 में की गई छंटनी के स्तर को पार कर गई है। इस साल 1 जनवरी से 23 मार्च के बीच कुल 518 तकनीकी कंपनियों ने 1,71,858 कर्मचारियों की छंटनी की है। 2022 में 61,411 कर्मचारियों को नौकरियों से निकाला गया था। 2023 में अब तक, अमेजॉन ने तीन चरणों में सबसे अधिक कर्मचारियों - 27,000 को नौकरी से निकाल दिया है। इसके बाद मेटा ने दो चरणों में 21,000 कर्मचारियों की छंटनी की और एक्सेंचर ने 19,000 कर्मचारियों को नौकरियों से निकाल दिया। इसी तरह, गूगल ने 12,000 नौकरियों, माइक्रोसॉफ्ट ने 10,000, एरिक्सन ने 8,500, सेल्सफोर्स ने 8,000, डेल ने 6,650 और फिलिप्स ने 6,000 की कटौती की। इस प्रकार 1,52,858 कर्मचारियों की छुट्टी की गई। यह एक्सेंचर द्वारा नौकरियों में की गई कटौती के अतिरिक्त था। नौकरी के परिदृश्य पर बैंकिंग संकट का पूर्ण प्रभाव अभी तक स्पष्ट नहीं है। इस संकट ने वैश्विक बैंकों के शेयर की कीमतों में छठे स्थान पर गिरावट देखी है। शेयर की गिरती कीमतों का बैंकों के संचालन पर महत्वपूर्ण असर पाया गया है, जिसमें क्रेडिट और डिपॉजिट शामिल हैं, क्योंकि एक तरफ ऋ ण वितरण कम हो जाता है और जमाकर्ता अपने पैसे को सुरक्षित आश्रयों में लगाने के लिए वापस ले लेते हैं। गोल्डमैन सैक्स के एक अध्ययन के अनुसार, बैंक ऋण देने के झटके का तात्पर्य अमेरिका और यूरो क्षेत्र दोनों में लगभग 0.4 प्रतिशत अंकों की वृद्धि दर की कमी से है। गोल्डमैन सैक्स समूह ने खुद ही एक कठिन आर्थिक माहौल को नेविगेट करने के लिए हजारों कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की योजना की घोषणा की है क्योंकि विलय और शेयर बाजार में मंदी के बीच निवेश बैंकिंग राजस्व गिर गया है, एक ब्लॉकबस्टर 2021 से काफी उलटफेर हुआ है जब बैंकरों को बड़े वेतन बम्प प्राप्त हुए थे। समूह इस वर्ष वार्षिक बोनस पूल में भी भारी कटौती कर रहा है। रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, यह 2021 में शीर्ष प्रदर्शन करने वाले निवेश बैंकरों के लिए 40 प्रतिशत से 50 प्रतिशत की वृद्धि के विपरीत है। ट्रेड यूनियनों ने तकनीकी दिग्गजों द्वारा छंटनी पर सवाल उठाते हुए कहा है कि कंपनियां ऐसा काम कर रही हैं जैसे वे भारतीय कानूनों से ऊपर हों। औद्योगिक विवाद अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार, नियोक्ता उपयुक्त सरकार की पूर्व अनुमति के बिना किसी भी कर्मचारी की छंटनी नहीं कर सकता है। इसका मतलब यह है कि जिन कर्मचारियों ने कम से कम एक साल तक लगातार सेवा की है, उन्हें तब तक नहीं हटाया जा सकता है जब तक कि उन्हें तीन महीने पहले नोटिस नहीं दिया जाता है और उपयुक्त सरकार से पूर्व अनुमति नहीं मिलती है, यूनियनों ने तर्क दिया है। ऐसे उदास परिदृश्य में शायद एकमात्र उम्मीद की किरण है ऑनलाइन गेमिंग स्पेस में उभर रहे तकनीकी विशेषज्ञों के लिए नौकरी के नए अवसरों की संभावना। भारत में गेमिंग उद्योग वर्तमान में लगभग 50,000 लोगों को रोजगार देता है, जिसमें प्रोग्रामर और डेवलपर्स 30 प्रतिशत कार्यबल के लिए जिम्मेदार हैं। स्टाफिंग फर्म टीमलीज डिजिटल की एक नई रिपोर्ट के अनुसार, इस उद्योग के 20-30 प्रतिशत तक बढ़ने और इस वित्तीय वर्ष के अंत तक एक लाख नये प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित करने की उम्मीद है। रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रोग्रामिंग, टेस्टिंग, एनिमेशन और डिजाइन सहित सभी क्षेत्रों में नौकरी के नये अवसर उपलब्ध होने की उम्मीद है। भारत के गेमिंग उद्योग ने मोबाइल गेमिंग सेगमेंट में सबसे बड़ी स्वीकृति देखी है। विशेषज्ञों के अनुसार, भारत में स्मार्टफोन आधारित गेमिंग में शानदार वृद्धि देखी गई है।

भारत में गेमिंग उद्योग वर्तमान में लगभग 50,000 लोगों को रोजगार देता है, जिसमें प्रोग्रामर और डेवलपर्स 30 प्रतिशत कार्यबल के लिए जिम्मेदार हैं। स्टाफिंग फर्म टीमलीज डिजिटल की एक नई रिपोर्ट के अनुसार, इस उद्योग के 20-30 प्रतिशत तक बढ़ने और इस वित्तीय वर्ष के अंत तक एक लाख नये प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित करने की उम्मीद है

बिलकिस बानो: मंच पर बलात्कारी

2002 में गोधरा कांड के बाद सामूहिक बलात्कार की शिकार बिलकिस बानो 20 साल बाद भी इंसाफ के इंतजार में हैं, ये अमृतकाल के भारत की हकीकत है। उनके दोषियों की रिहाई के खिलाफ दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही है और अदालत ने इस पर सरकार से जवाब मांगा है। सरकार क्या जवाब देती है, अभी कुछ कहा नहीं जा सकता। लेकिन इस बीच उनके दोषियों में से एक शैलेश भट्ट को गुजरात में एक सरकारी कार्यक्रम में भाजपा के दाहोद सांसद जसवंतसिंह भाभोर और लिमखेड़ा से भाजपा विधायक उनके भाई शैलेश भाभोर के साथ मंच पर देखा गया। दाहोद जिले में गुजरात जल आपूर्ति और सीवरेज बोर्ड परियोजना के शिलान्यास समारोह में शैलेश भट्ट बाकायदा बाकी अतिथियों के साथ मंच पर विराजमान था। खुद सांसद जसवंत सिंह ने इस सरकारी कार्यक्रम की तस्वीरें ट्विटर पर साझा कीं।

बलात्कार और हत्या के एक दोषी की सरकारी आयोजन में उपस्थिति पर सवाल उठे, तो इस पर सांसद महोदय ने तो कुछ नहीं कहा, लेकिन उनके भाई शैलेश भाभोर ने कहा कि विधायक होने के नाते मैं इस कार्यक्रम में इतना व्यस्त था कि मैंने यह नहीं देखा कि मंच पर और कौन बैठा है। वहीं दाहोद जिले के प्रशासनिक अधिकारियों ने कहा कि उन्हें जानकारी नहीं है कि भट्ट को कार्यक्रम में किसने आमंत्रित किया था। कमाल का सरकारी आयोजन रहा होगा, जिसमें आमंत्रितों की जानकारी आयोजकों को नहींथी। शैलेश भट्ट अगर मंच पर उपस्थित था, तो निश्चित ही उसका स्वागत भी हुआ होगा, क्योंकि अमूमन सरकारी कार्यक्रमों में ऐसा ही होता है। उसका नाम भी पुकारा ही गया होगा, और अगर नाम न भी लिया गया हो, तो क्या मंच पर उसे देखकर किसी ने वहां से उसे हटाने की जहमत नहीं उठाई। या फिर हमारा समाज और जनप्रतिनिधि सब इतने संवेदनहीन हो चुके हैं कि अपने बीच किसी बलात्कारी को बैठा देखकर भी कोई असहजता महसूस नहीं होती, एक अपराधी के साथ मंच साझा करने पर अपना अपमान महसूस नहीं होता। शैलेश भट्ट और बाकी अपराधियों को भले जेल से पहले रिहा कर दिया गया हो, लेकिन इससे ये तथ्य तो नहीं बदल जाता कि इन लोगों ने धार्मिक नफरत के कारण एक 19 बरस की गर्भवती बिलकिस बानो से सामूहिक बलात्कार किया, उसकी छोटी बच्ची समेत 7 परिजनों की हत्या कर दी थी। 3 मार्च 2002 को हुए इस भयावह अपराध में 11 लोगों को 21 जनवरी 2008 को सीबीआई की विशेष अदालत ने उम्रकैद की सजा सुनाई थी। लेकिन 15 अगस्त को अपनी क्षमा नीति के तहत गुजरात की भाजपा सरकार ने सभी 11 दोषियों को माफी दे दी और 16 अगस्त को सामूहिक बलात्कार और हत्या करने वाले लोग गोधरा के उप-कारागार से रिहा कर दिए गए। ये रिहाई बिलकिस बानो के जख्म कुरेद कर उसमें नमक छिड़कने जैसी थी। लेकिन इतना दर्द देना ही काफी नहीं था, सो इन दोषियों के जेल से बाहर आने के इन लोगों का मिठाई खिलाकर और माला पहनाकर स्वागत किया गया। इसके वीडियो सोशल मीडिया पर देखे जा सकते हैं। सोशल मीडिया पर क्रूरता और हिंसा से भरे कई वीडियो बिना किसी सेंसर के आते ही रहते हैं। लोग अपने मोबाइल में कहीं भी बैठे-लेटे बड़े आराम से देखते हैं कि चार-पांच ऊंची जाति के लोग किसी दलित या मुसलमान को पीट रहे हैं, कहीं पुलिसवाले बेरहमी से छात्रों पर डंडे चलाते दिखते हैं, कहीं गुंडे-मवाली किसी लड़की से सरेआम छेड़छाड़ करते हैं, कहीं कोई कुत्ते या बकरी जैसे मूक प्राणियों पर अत्याचार करता है। ऐसी तमाम घटनाओं को समाज अब वैसी ही सहजता से देख लेता है, जैसे किसी फिल्म का दृश्य चल रहा है। आज से 20-30 साल पहले बहुत से लोग ऐसे होते थे, जो फिल्मों में ऐसी क्रूरता देखकर आंख मूंद लिया करते थे, हिंसा देखकर दिल कांप जाता था। लेकिन अब ऐसी भावुकता के लिए जगह कम होती जा रही है। दिल तो अब भी धड़कता है, लेकिन भावनाओं की जगह व्यावहारिकता ने ले ली है। इसलिए व्यापक समाज को कोई फर्क नहीं पड़ता कि अपने मोबाइल पर जिस हिंसा को वो प्रत्यक्ष देख रहे हैं, वह उसी समाज का हिस्सा है, जिसमें वो रहते हैं। इसलिए बिलकिस बानो के दोषियों की रिहाई पर बहुत से लोगों को फर्क ही नहीं पड़ा, न ही उनका स्वागत देखकर यह विचार उठा कि क्या हमारे यही संस्कार रह गए हैं कि अब बलात्कार करने वालों का स्वागत हो। वैसे इन लोगों को भाजपा के एक विधायक ने संस्कारी बताया था और भाजपा ने उन्हें फिर से इन चुनावों में टिकट दी थी। वैसे बिलकिस बानो के दोषियों की रिहाई पर बहुत से लोगों ने आक्रोश भी जाहिर किया था। कम से कम 6,000 लोगों ने सुप्रीम कोर्ट से दोषियों की सजा माफी का निर्णय रद्द करने की अपील की थी। खुद बिलकिस बानो ने अपनी वकील के जरिये जारी एक बयान में गुजरात सरकार से इस फैसले को वापस लेने की अपील की थी। और अब सुप्रीम कोर्ट फिर से इस पर सुनवाई कर रहा है। बिलकिस बानो का यह संघर्ष कब और किस मुकाम पर जाकर खत्म होगा, यह देखना होगा। उनकी और उनके परिजनों की हिम्मत की जितनी तारीफ की जाए, कम है। क्योंकि कमजोर लोग तो शाब्दिक प्रहारों से ही ऐसे आहत हो जाते हैं कि उन्हें अपनी मानहानि लगने लगती है। बिलकिस बानो ने तो शाब्दिक ही नहीं, मानसिक और शारीरिक प्रताड़नाएं भी सहन की हैं। कल मन की बात के 99वें एपिसोड में प्रधानमंत्री ने कहा कि आज, भारत का जो सामर्थ्य नए सिरे से निखरकर सामने आ रहा है, उसमें बहुत बड़ी भूमिका हमारी नारी शक्ति की है। नारी शक्ति की ऊर्जा ही विकसित भारत की प्राणवायु है। उन्होंने आस्कर के मंच से लेकर खेल के मैदान और सेना से लेकर राजनीति तक महिलाओं की उपलब्धियों का जिक्र किया। उन्हें बिलकिस जैसी तमाम महिलाओं का भी जिक्र कभी करना चाहिए, जो 20-22 साल बाद भी इंसाफ की धैर्यपूर्वक प्रतीक्षा करती हैं।

इजरायल से उम्मीद की किरण

रक्षा, अनुसंधान, खुफिया तंत्र, तमाम लिहाज से दुनिया में अग्रणी और मजबूत माने जाना वाला देश इजरायल इस वक्त असुरक्षा के खतरे से जूझ रहा है। दरअसल इजरायल की सड़कों पर वहां की जनता सरकार के खिलाफ उतर आई है और इस विरोध प्रदर्शन में जनता के साथ रिजर्व सेना के लोग भी उतर आए हैं। वे कार्य पर नहीं जा रहे हैं। इससे इजरायल की सुरक्षा को खतरा पैदा हो गया है। यह सब न्यायपालिका की स्वतंत्रता और लोकतंत्र की रक्षा के लिए हो रहा है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पर भ्रष्टाचार के कई आरोप लगे हुए हैं। वे सत्ता में तो आ गए हैं, लेकिन उनकी सरकार न्यायपालिका में बदलाव लाने वाले न्यायिक सुधार कानूनों को लाने की तैयारी में थी। इसका विरोध करने वालों की आशंका है कि इन के लागू होते ही न्यायपालिका के अधिकार कम हो जाते। इजरायल की संसद के पास साधारण बहुमत से सुप्रीम कोर्ट के फैसलों को रद्द करने की शक्ति होती, मौजूदा सरकार को बिना किसी डर के कानून पारित करने की ताकत मिल सकती थी और सबसे बड़ी बात कि इस कानून का उपयोग प्रधानमंत्री नेतन्याहू पर चल रहे मुकदमों को खत्म करने के लिए भी किया जा सकता था। बेंजामिन नेतन्याहू ने पिछले साल नवंबर में बड़ी मुश्किल से सत्ता में वापसी की है। इससे पहले 2021 के जून में उन्हें भ्रष्टाचार के मामलों के कारण पद छोड़ना पड़ा था। नेतन्याहू सरकार ने जैसे ही न्यायिक सुधार कानून लाने की तैयारी तेज की, इजरायल की जनता सड़कों पर उतर आई। बेंजामिन नेतन्याहू के लिए बीबी घर जाओ के नारे लगने लगे, बीबी नेतन्याहू का प्रचलित नाम है। नेतन्याहू के राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी इन विरोध प्रदर्शनों की अगुआई कर रहे हैं, लेकिन इसमें उनके साथ नेतन्याहू के कई समर्थक, श्रम संगठन और रिजर्व सेना के लोग भी आ गए हैं। विरोधियों का कहना है कि सरकार ने न्यायपालिका से जुड़े कानून में जो बदलाव की कोशिश की है उनसे देश के लोकतंत्र को गंभीर खतरा पैदा हो सकता है। सरकार न्यायिक व्यवस्था को कमजोर करना चाहती है। जबकि देश में इसका इतिहास सरकारों पर अंकुश लगाए रखने का रहा है। इजरायल के कई बड़े शहरों में विरोध का दायरा बढ़ता गया और आखिरकार बेंजामिन नेतन्याहू को कहना पड़ा कि वह विवादास्पद बन चुके इन न्यायिक सुधार कानूनों पर अस्थायी रूप से रोक लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब बातचीत के माध्यम से गृहयुद्ध से बचने का विकल्प होता है, तो मैं बातचीत के लिए समय निकाल लेता हूं। यह राष्ट्रीय जिम्मेदारी है। इस ऐलान के बाद अब सड़कों से विरोधी लौटने लगे हैं और इसे लोकतंत्र की बड़ी जीत के तौर पर देखा जा रहा है। कोई भी देश सच्चे अर्थों में तभी लोकतांत्रिक रह सकता है, जब वहां सत्ता पर अंकुश लगाने की व्यवस्था हो। इस व्यवस्था को स्वतंत्र न्यायपालिका, मजबूत विपक्ष और जनतांत्रिक अधिकारों से ही बनाया जा सकता है। इनमें से कोई भी पक्ष कमजोर हो तो लोकतंत्र पर आंच आने लगती है, सत्ता के निरंकुश होने का खतरा बढ़ने लगता है। इजरायल में नेतन्याहू ने इसी तरह निरंकुश होने का रास्ता बनाने की तैयारी की थी, लेकिन जनता, विपक्ष और सत्ता के साथ खड़े कुछ लोगों ने ही मिलकर इस रास्ते को बनने से रोक दिया। क्योंकि वे इसके बाद भविष्य के खतरों को भांप रहे हैं। लोकतंत्र में जब एक बार मनमाने आचरण की छूट मिल जाए, तो फिर तानाशाही को रोकना कठिन हो जाता है। जर्मनी जैसे देशों ने तानाशाही का क्या खामियाजा भुगता है, यह दुनिया ने देखा है। अभी उत्तर कोरिया में सत्ता की यही सनक लोगों पर भारी पड़ रही है, जहां शासक किम जोंग ने 2 लाख से अधिक आबादी वाले शहर हेसन में सिर्फ इस बात के लिए कड़ा लॉकडाउन लगा दिया ताकि सैनिकों ने असॉल्ट राइफल की जो 653 गोलियां हाल ही में खोई हैं।

सत्य की शक्ति एवं ताकत अनंत, असत्य और दंभ मिथ्या क्षणभंगुर

संजीव ठाकुर

यह तो सच बात है कि मानव सभ्यता का सतत विकास उसकी अदम्य जिज्ञासा, उत्कट उत्साह, जिजीविषा, निरंतर उन्नति की भूख और आशावादिता का प्रतिफल है। सभ्यता और संस्कृति की सुविधा के विभिन्न सोपानो में समय-समय पर मूल्यों की स्थापना और पुराने मूल्यों का विस्थापन एक सास्वत सत्य की तरह है। परिवर्तन प्रकृति का आधारभूत नियम है। विकास में धन की आवश्यकता अवश्य होती है पर और धन का अतिरेक विकास की दिशा को दिग्भ्रमित भी कर सकता है। इसके अलावा परिस्थितियों, आवश्यकताओं, दर्शन तथा अर्थ एवं धार्मिक स्थापनाओं के अनुरूप ही समकालीन समाज का दृष्टिकोण और जीवन दर्शन निरंतर विकासवान होता है। आदिकाल से विकास के क्रम में धन के प्रयोग को बड़ा प्रबल माना गया है। शाश्वत मूल्य की मीमांसा एवं उसकी निरंतरता मानवी जीवन से जुड़े अंतरंग पहलुओं को उजागर करती है। सत्य को सिद्धांत के रूप में भी देखा गया है। मानवी जीवन दर्शन में धन और सत्य दोनों कारकों का प्राचीन काल से ही पर्याप्त महत्व रहा है। धन का महत्व है पर धनबल सब कुछ नहीं है। सत्य एक सार्वभौमिक जीवन दर्शन है, इसे धन बल की मिथ्या कभी नष्ट अथवा विलोपित नहीं कर सकती है। धन बहुत कुछ है पर सब कुछ नहीं। सत्य सिद्धांत के बिना धन की विवेचना में मीमांसा अधूरी तथा महत्वहीन है। गलत तरीके से कमाया गया धन मनुष्य के चरित्र में उजियारे दिन के बाद घनघोर तमस की तरह है। सत्य जीवन का सार्वकालिक उजाला है। यह बात भी महसूस की गई है कि निवृत्ति, त्याग, संयम,सन्यास के स्थान पर भोग विलास को प्राथमिकता दिए जाने के कारण धन पर सत्य व नैतिक मूल्यों को बरीयता दी जाने की परंपरा रही है। वेद तथा पुराणों पर भी सत्य एवं नैतिकता के व्यवहारिक पक्ष को उजागर करते हुए लिखा गया है कि 'सत्य का सुख सोने के पात्र से ढका हुआ है, धन जब मुखर होता है तो सत्य नेपथ्य में होता है। सत्य तब मुखर होता है जब धनबल का अतिरेक होने लगता है। धनबल मिथ्या है, सत्य शाश्वत और परंपरागत अनुवांशिक शक्ति है। भारतीय संस्कृति एवं परंपरा सत्य के मूल्य को सर्वोत्कृष्ट है उस सर्वोच्च मानती है। इसे मन वचन और कर्म में अद्वैत के स्तर तक निश्चित अकाट्य और सदैव अपरिवर्तनीय ही माना गया है।

राहुल के सवालों का जवाब क्यों नहीं दे रहे मोदी: कुशल

0 सत्ता पक्ष कह रहा अडानी पर हमला, देश पर हमला

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने संसद में तीन सवाल किये थे। एक का भी जवाब पीएम मोदी की ओर से नहीं आया। सत्ता पक्ष कह रहा है कि अडानी पर हमला देश पर हमला है। तानाशाह इस बात से डरता है कि कहीं लोग उससे डरना न छोड दें। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र का गला घोंटना और विपक्ष को डराना-धमकाना ये सब देश के लिए हानिकारक है।

शुक्रवार को कांग्रेस जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने पत्रकारों से कहा कि जनवरी में हिंडनबर्ग की घटना में पेपर जारी हुआ था। देश के सबसे अमीर और दुनिया के दूसरे सबसे अमीर अडानी का शेयर तेजी से गिरा। अडानी के खाते में बीस हजार करोड रुपये कैसे आये। इसका जवाब भाजपा नेता और प्रधानमंत्री नहीं दे रहे, बल्कि कह रहे हैं कि अडानी पर हमला भारत पर हमला है। उन्होंने कहा कि तानाशाह विरोधियों का मुंह बन्दकर

कुचल देना चाहते हैं। विरोधियों को रास्ते से हटाने को किसी स्तर तक जा सकते हैं। भाजपा लोकतंत्र की आवाज दबाने का प्रयास कर रही है। संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने आजादी और लोकतंत्र की रक्षा को कांग्रेस के पूर्वजों ने कुर्बानियां दी है। लोकतंत्र पर आंच आने पर कांग्रेसी खामोश नहीं बैठेंगे। राहुल गांधी ने प्रेस से सवाल पूंछा है कि बीस हजार करोड किसका है, सेल कम्पनियां किसकी थीं, लगातार शेयर किस कम्पनी के गिर रहे थे। एलआईसी और एसबीआई के पैसे किसके आदेश पर अडानी की कम्पनियों में लगाया जा रहा था। उन्होंने कहा कि पांच माह की भारत जोडो यात्रा में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने महंगाई, बेरोजगारी और समाज की खाई पाटने के लिए यात्रा की है।

कांग्रेस नेता कुशल पटेल ने कहा कि नीरव मोदी, ललित मोदी, मेहुल चैकसी पिछडी जाति से नहीं आते, सर नेम लिखने से किसी की जाति का पता नहीं चलता। भाजपा मुद्दे को भटकाने का काम न करे। पिछडों को लेकर भाजपा की सोंच जगजाहिर है। भाजपा पिछडों की हितैषी है तो जातीय जनगणना क्यों नहीं कराती। राजनीतिक लाभ लेने को अडानी के मुद्दे से जनता का ध्यान भटकाने को सारी कवायद की जा रही है। पत्रकार वार्ता में पीसीसी रंजना बरातीलाल पाण्डेय, विजयमणि त्रिपाठी, जगजाहिर सिंह, शिवगुलाम वर्मा, चुनबाद प्रसाद, ओमप्रकाश शुक्ला, कुलदीप मिश्रा आदि मौजूद रहे।

फटाफट खबरें

पांच-छह अप्रैल को होंगी छूटे छात्र-छात्राओं की प्रयोगात्मक परीक्षायें: डीआईओएस

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र स्वरूप ने बताया कि सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद उप्र प्रयागराज के 28 मार्च के अनुपालन में माध्यमिक शिक्षा परिषद ने पूर्व में आयोजित 2023 की इण्टरमीडिएट की प्रयोगात्मक परीक्षाओं के छूटे/वंचित रह गये छात्र-छात्राओं को अंतिम अवसर दिया है।

शुक्रवार को जिला विद्यालय निरीक्षक देवेन्द्र स्वरुप ने बताया कि छूटे छात्र-छात्राओं की प्रयोगात्मक परीक्षाएं पांच-छह अप्रैल के मध्य पुनः करायी जायेगी। यह प्रयोगात्मक परीक्षा मुख्य परीक्षा की भांति ही सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में परिषद् के क्षेत्रीय कार्यालय से नियुक्त परीक्षकों से कराई जायेगी। किसी विद्यालय के सभी परीक्षार्थियों की छूटी परीक्षा उनके विद्यालय में तथा एकल रूप से कहीं-कहीं छूटे हुये परीक्षार्थियों की परीक्षा क्षेत्रीय कार्यालय से जिला मुख्यालय स्तर पर निर्धारित केन्द्र पर करायी जायेगी। इस सन्दर्भ में छूटे छात्र-छात्राएं अपने पंजीकृत विद्यालय से सम्पर्क कर प्रयोगात्मक परीक्षाओं की बाबत निर्धारित केन्द्र की सूचना प्राप्त कर निर्धारित तिथि में परीक्षा में शामिल हों। इसके बाद प्रयोगात्मक परीक्षा का कोई अवसर नही दिया जायेगा।

मानिकपुर में निकला भव्य रामनवमी जुलूस

अखंड भारत संदेश

मानिकपुर/चित्रकूट। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मानिकपुर कस्बे में अजय तिवारी की अगुवाई में भरोसा मंदिर से लेकर कल्याण केंद्र होते हुए रेलवे स्टेशन मानिकपुर के रास्ते से ब्लॉक तिराहे तक रामनवमी का भव्य जुलूस निकला।

गुरुवार को समाजसेवी अजय तिवारी की अगुवाई में रामनवमी का भव्य जुलूस राम जानकी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। इस रामनवमी के जुलूस में मानिकपुर विधायक अविनाशचंद्र द्विवेदी समेत मानिकपुर के सभी नागरिकगण जुलूस में शामिल रहे। जुलूस दौरान मानिकपुर कस्बे को बहुत अच्छे ढंग से सजाया गया था। व्यापारियो ने जगह-जगह मिठाई, पूड़ी-सब्जी के लंगर लगाए थे। कस्बे के लोगों ने लंगर में बंट रहे प्रसाद का भी खूब बढ़-चढ़कर स्वाद चखा। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी यह जुलूस बड़े ही शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। जुलूस के साथ पुलिस की चैकस व्यवस्था रही।

लालपुर में विशाल दंगल व मेला का हुआ आयोजन

अवागढ़। गाँव लालपुर में श्रवण गंगा सेवा समिति के तत्वावधान में विशाल दंगल का आयोजन किया गया। दंगल मेला के आयोजक भीषम पाल सिंह प्रधान और श्रवण गंगा सेवा समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य ठाकुर सूर्य प्रताप सिंह सूरज भैया द्वारा श्रवण गंगा सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित किया गया। लालपुर में आयोजित दंगल मेला कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष एवं लोकसभा सांसद केसरगंज ब्रजभूषण शरण सिंह ने फीता काटकर दंगल कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विशिष्ट अतिथि भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा हृदय नाथ सिंह भी कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में प्रतिष्ठित अथितियों के तौर पर तिलकायत श्री महंत योगेशपुरी महाराज मनकामेश्वर आगरा ने भी कार्यक्रम में शिरकत की। सुरक्षा व्यवस्था के मदेनजर सकरौली थाना, जलेसर थाना, अवागढ़ थाना पुलिस के साथ काफी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया। उत्तर प्रदेश के अलावा राजस्थान, हरियाणा, मध्य प्रदेश के जाने माने पहलवानों ने लालपुर दंगल में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में पहुँचे सभी पत्रकार बंधुओ का भी स्वागत किया गया। भारत केसरी हरकेश पहलवान रवि राठी भारत केसरी हरियाणा नीलू अखाड़ा झज्जर के उमेश पहलवान सुमित पहलवान संजय पहलवान अंकित पहलवान के थलिया पहलवान गब्बर पहलवान कैप्टन रामकरण अखाड़ा रोहतक रामेश्वर पहलवान हाथरस कुबेर पहलवान जिला केसरी एटा पहलवान जिला केसरी एटा एवं अन्य कई पहलवानों ने दंगल में भाग लिया आखिरी कुश्ती भारत केसरी और हरियाणवी नीलू अखाड़ा झज्जर के उमेश पहलवान के बीच हुई यह आखिरी कुश्ती अखाड़ा झज्जर के उमेश पहलवान ने जीती आखिरी कुश्ती पर दो लाख एक हजार का इनाम घोषित किया गया था। आखिरी कुश्ती पर इनाम रखा गया था जो हरियाणा नीलू अखाड़ा झज्जर के उमेश पहलवान को राष्ट्र ऋषि विश्व बंधु जी महाराज गुजरात द्वारा प्रदान किया गया। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के हृदय नाथ सिंह, भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष ब्रजभूषण शरण सिंह, राष्ट्रऋषि विश्वबन्धु जी महाराज, अंतरराष्ट्रीय कथावाचक निर्मल शुक्ल जी महाराज, वरिष्ठ भाजपा नेता दुलारे सिंह भदौरिया, डीसीबी चेयरमैन भूपेन्द्र सिंह, भाजपा एमएलसी आशीष प्रताप सिंह आशू, ब्लॉक प्रमुख हसायन सुमंत प्रताप सिंह, समेत अन्य कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। मंच संचालन युवा भाजपा नेता राहुल बना द्वारा किया गया।

गेहूं खरीद का समर्थन मूल्य 2125 रुपये निर्धारित: अविनाश झां

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिला खाद्य विपणन अधिकारी अविनाश कुमार झा ने बताया कि जिले में गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2125 रुपया प्रति कुंतल जारी हो गया है। योजना के तहत किसानो से गेहूं खरीद 37 क्रय केन्द्रो पर एक अप्रैल से शुरू होगा। शुक्रवार को जिला खाद्य विपणन अधिकारी अविनाश कुमार झां ने बताया कि क्रय संस्था खाद्य विभाग के कर्वी मण्डी स्थल, पहाडी मण्डी स्थल, बरगढ़ मण्डी स्थल एवं मानिकपुर मण्डी परिसर तथा पीसीएफ के क्षेसस कर्वी, कृसेस पहाडी उत्तरी, कृसेसचकौंध, क्षेसस शिवरामपुर, कृसस इटखरी, कृसस भरतपुर, क्षेसस रसिन, पीसीएफ खोह, पीसीएफ कर्वी, ससस खोही, ससस परसीजा, ससस रूकमाखुर्द, ससस रैपुरा, क्षेसस ऐचवारा, ससस कल्याणपुर, सस किहुनिया, ससस विहरवा, ससस सरघुवा, पीसीएफ राजापुर, ससस हरदौली, ससस नादिन कुर्मियान, ससस छीबों, ससस रामपुर बाधी, ससस रामनगर, ससस पूरबपताई, ससस खण्डेहा, ससस मऊ, ससस खपटिहा, ससस गाहुर, ससस वियायल व ससस बरगढ़ एवं भारतीय खाद्य निगम का कय केन्द्र कर्वी व मण्डी समिति का कर्वी कय केन्द्र कुल 37 गेहूं क्रय केन्द्र बनाये गये हैं। उन्होंने बताया कि इन क्रय केन्द्रो में क्रय सम्बन्धित समस्त व्यवस्थाये पूरी कर ली गयी हैं। सरकारी गेहूं खरीद केन्द्रों पर गेहूं बेचने को किसानों को ऑनलाइन पंजीयन कराना आवश्यक है। जिले में अभी तक कुल 333 किसानो ने गेहूं विक्रय को पंजीकरण कराया है। पंजीकरण कराने को किसान भाई खाद्य विभाग की बेवसाइट पर जाकर ई-उपार्जन माड्यूल में नवीन पंजीकरण य पंजीकरण संशोधन करा सकते हैं। जिन किसानों भाइयों ने गत वर्षों में धान/गेहूं खरीद में पंजीकरण कराया था, उन्हें नवीन पंजीकरण कराने की आवश्यकता नहीं है। उन्हे इसके लिए अपने पुराने पंजीकरण में सूचनाओं को संशोधित करना होगा। किसान भाई इसे किसी भी जनसेवा केन्द्र साइबर कैफे में जाकर अथवा स्वयं मोबाइल से कर सकते है। वर्ष 2023-24 के लिए गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2125 रुपए प्रति कुन्तल है। गेहूं खरीद में गेहूं का भुगतान किसानों को उन्ही बैंक खातों में किया जाएगा, जो उनके आधार नंबर से लिंक है। इसलिए पंजीकरण कराने से पूर्व किसान भाई सुनिश्चित कर लें कि उनके आधार नंबर से लिंक मोबाइल नंबर अपडेट है।

भाजपा जिलाध्यक्ष भी हैं अध्यक्ष पद के दावेदार!

नरेन्द्र गुप्ता अपनी मुहिम में हुए सफल

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। निकाय चुनाव के लिए रणभेरी बजने के साथ ही चहल-पहल भी शुरू हो गई है। लोगों को सबसे ज्यादा उत्सुकता नगर पालिका चित्रकूटधाम कर्वी के अध्यक्ष पद के आरक्षण को लेकर थी। अनंतिम सूची में इसे सामान्य कर दिया गया है। ऐसे में सबसे ज्यादा मारामारी अब सत्ताधारी पार्टी के प्रत्याशी को लेकर होगी। पालिकाध्यक्ष की सीट पाने को आतुर लोग अपनी-अपनी पहुंच का इस्तेमाल करने, जुगत भिड़ाने में सूची आने के बाद से जुट गए हैं। शुक्रवार को आरक्षण की अनंतिम सूची जब जारी की गई थी तो यह पद पिछड़ा वर्ग (महिला) के लिए आरक्षित था। तब भी भाजपा से कई दावेदार सामने आए थे। सामान्य वर्ग के वे प्रत्याशी, जिनकी दावेदारी अन्य नेताओं से ज्यादा थी और ये लगभग तय मानकर चल रहे थे, वे मायूस हो गए थे। सामान्य वर्ग की सीट होने से अब फिर इनकी बाछें खिल गई हैं।

सबसे ज्यादा खुशी निर्वतमान पालिकाध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता के समर्थकों में है। सोशल मीडिया में इन लोगों ने रिपीट, फिर एक बार जैसे टाइटलों से नरेंद्र के पक्ष में हवा बांधनी भी शुरू कर दी है। अब देखना रोचक यह होगा कि यह मुहिम कितनी कामयाब होती है।

नरेंद्र गुप्ता पिछली बार सपा के समर्थित प्रत्याशी थे और पालिकाध्यक्षी की कुर्सी पाने के बाद हवा का रुख भांपकर भाजपा का दामन थाम लिया था। इनके विरोधी आरोप लगाते हैं कि खुद पर लगे गंभीर आरोपों से बचने को ही इन्होंने भाजपा के झंडे के नीचे आना मुफीद समझा और इनको उसका फायदा भी मिला।

नरेंद्र के अलावा भी कई दावेदार दौड़ में शामिल हैं। सबसे मजबूत दावेदारी की बात की जाए तो भाजपा उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल हैं। पंकज के समर्थक खुद भाजपा जिला इकाई में भी हैं। इसकी सबसे बड़ी वजह यह है कि तमाम बड़े नेताओं के संपर्क में रहने के बाद भी अब तक उन्होंने किसी पद के लिए दावेदारी नहीं की। आम से खास लोगों तक उनकी पहुंच और मिलनसार स्वभाव उनको टिकट दिला दे तो कोई आश्चर्य नहीं होना चाहिए। इसके अलावा युवा भाजपा नेता शानू गुप्ता के समर्थक भी कम नहीं हैं। एक व्यापारी संगठन के पदाधिकारी होने से व्यापारी समुदाय में इनकी अच्छी खासी पैठ है। पार्टी सूत्र बताते हैं कि खुद भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे भी टिकट की दावेदारी कर रहे हैं। इसके पीछे वह अपनी निर्विवाद छवि को ढाल बना रहे हैं और उनके कई समर्थक उनके नाम को आगे बढ़ा भी रहे हैं।

हाई सिक्योरिटी बैरक की सुरक्षा में न हो चूक: जिला जज

डीएम-एसपी ने किया मुआयना

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिला न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा, जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला ने संयुक्त रुप से जिला कारागार का औचक मुआयना किया।

शुक्रवार को जिला न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा, जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने संयुक्त रूप से जिला कारागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण में महिला बंदी गृह, हाई सिक्योरिटी बंदी गृह ए, बी, वैरक का निरीक्षण कर जेल में निरूद्ध

कैदियों की खाना तलाशी भी कराई। खानपान के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मुस्लिम कैदियों को रोजा व शहरी के लिए व्यवस्थाएं कराएं। अधीक्षक जिला कारागार को निर्देश दिए कि हाई सिक्योरिटी की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की चूक नहीं होनी चाहिए। लगातार सीसीटीवी कैमरे संचालित रहे। जिलाधिकारी ने जेल अधीक्षक से कहा कि निरूद्ध कैदियों के बच्चों के पढ़ाने को जिला कार्यक्रम अधिकारी से बात कर पढ़ाई का कार्य कराये।

उन्होंने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी जिला कारागार को निर्देश दिए की कारागार में निरुद्ध कैदियों के बीच-बीच में स्वास्थ्य परीक्षण करते रहें। दवाएं उपलब्ध है या नहीं, एक्सपायरी दवाएं को भी देखें ले कोई भी कैदी बीमार नहीं होना चाहिए। निरीक्षण दौरान अधीक्षक जिला कारागार शशांक पाण्डेय, जेलर राजीव कुमार सिंह, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ आशीष कंकोरिया समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

ओवरलोड तो कहीं नाबालिग चला रहे ई-रिक्शा

ई-रिक्शा पलटने से कॉलेज की छात्राएं हुई घायल

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। नियमों की अनदेखी कर संचालित हो रहे ई-रिक्शा पर प्रशासन सख्ती नहीं कर रहा है। कोई रूट तय नहीं होने से गलियों से लेकर हाईवे तक यह फरार्टा भरते हैं। क्षमता से अधिक सवारियां बैठाने के साथ ही नाबालिग भी ई रिक्शा चला रहे हैं। इनका प्रयोग माल वाहन के रूप में भी किया जा रहा है। शुक्रवार को पता चला कि जिला मुख्यालय में तकरीबन 27 सौ ई-रिक्शा संचालित हैं। इनके लिए कोई रूट और पार्किंग स्थल नहीं हैं। यह कहीं भी सवारियां बैठाने-उतारने लगते हैं। यह रिक्शा कहीं भी चलते हैं। पटेल तिराहे पर पुलिसकर्मी और यातायात पुलिस रहती है। इनके सामने से आठ

से नौ सवारियां बैठाकर ई-रिक्शा चालक गुजरते हैं। शुक्रवार को भी यही हाल रहा। चकरेही चैराहा, बस अड्डा, रेलवे स्टेशन आदि पहाडी चैराहे पर धड़ल्ले से ई-रिक्शा चलते हैं। चकरेही चैराहा से लेकर आरके सिंह हॉस्पिटल कालेज रगौली की छह छात्राएं ई-रिक्शा में बैठी आगे चलते हुये ज्ञान भारती स्कुल से दो बुजुर्ग मिलते है तो उनको भी बैठाने लगता है। छात्राओं के नाराज होने पर कि इसमें जगह नहीं है, अब कहां बैठाओगे। फिर भी ई-रिक्शा चालक उन दोनों बुजुर्गों को आगे बैठा लेता है। इस तरह से ई-रिक्शा चालक मनमानी करते हैं। ओवरलोड सवारी होने से आये दिन पलट जाते हैं। तेज रफ्तार से ई-रिक्शा दौड़ाने के साथ ही चालक मनमानी किराया भी वसूलते हैं। चालक 35 से 40 किमी प्रतिघंटा की गति से ई-रिक्शा को दौड़ाते हैं, जबकि इसकी गति 25 किमी प्रति घंटा तय है। एक किलोमीटर का दस रुपये लेते हैं। यातायात पुलिस योगेश यादव ने बताया कि प्रतिमाह चार से पांच किशोरों का चालान होता है। ई-रिक्शा किशोर भी चलाते हैं। कार्रवाई के बाद भी यह नहीं मान रहे हैं। जागरूकता अभियान भी चलाया गया है।

न्यूज झरोखा

तीन चोरों को दबोचकर चोरी का माल किया बरामद

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर सरैया चैकी प्रभारी ने मोबाइल व कपड़े की दुकान में हुई चोरी का खुलासा किया है। तीन अंतर्जनपदीय चोरों को दबोचकर चोरी का माल बरामद किया है।

शुक्रवार को चैकी प्रभारी सरैंया चन्द्रमणि पाण्डेय ने चोरों के कब्जे से चोरी के तीन मोबाइल फोन, चार मोबाइल कीपैड, चार मोबाइल चार्जर, एक ईयरफोन, कपड़े व बिक्री के 1150 रुपये तथा तमंचा व कारतूस बरामद किये हैं। ज्ञात है कि 24-25 मार्च की रात चैके मार्केट राजापुर तिराहा के पास सरैंया में अज्ञात चोरों ने मोबाइल व कपडे की दुकान में चोरी की थी। दुकानदार राघवेन्द्र कुमार व दुर्गा प्रसाद निवासी सरैंया ने चोरी की रिपोर्ट लिखाई थी। चैकी प्रभारी ने शुक्रवार को सवेरे पम्प हाउस के बगल में खाली प्लाट सरहट से अवधेश पुत्र मिठाईलाल मुसहर निवासी बैंदो थाना औद्योगिक क्षेत्र चैकी रामपुर जिला प्रयागराज हाल मुकाम अगरहुड़ा थाना रैपुरा, राजकुमार उर्फ जिलेदार उर्फ जिल्लू पुत्र चन्द्रिका निवासी बरहीकला चैकी कठिराव थाना फूलपुर जिला वाराणसी, हरिद्वार मुसहर पुत्र राजेंद्र निवासी ग्राम छाही सुल्तानपुर थाना सारनाथ जिला वाराणसी हाल मुकाम बहिलपुरवा को गिरफ्तार किया। चोरों के कब्जे से चोरी का माल व तमंचा, कारतूस बरामद किये। पुलिस टीम में चैकी प्रभारी सरैंया चन्द्रमणि पाण्डेय, सिपाही रोहित यादव, रवि कुमार, दशरथ राम शामिल रहे।

डॉ ऋषि एक माह में खाली करेंगे सरकारी आवास: सीएमओ

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिला अस्पताल में तैनात डॉ ऋषि कुमार ने सीएमओ को लिखे पत्र में कहा कि छह मार्च को त्याग पत्र मुख्य सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण को ई-मेल एवं पंजीकृत डाक से भेजा है। आवंटित आवास खाली करने को सीएमओ से नोटिस मांगा है। सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी ने इस बारे में बताया कि एक माह के भीतर डॉ ऋषि आवास खाली कर देंगे।

शुक्रवार को जानकारी मिली कि जिला अस्पताल में तैनात डॉ ऋषि कुमार जिलाधिकारी के निर्देश के बाद भी जिला अस्पताल में ज्वाइन नहीं कर रहे, जबकि वे सीएमओ की मिलीभगत से अपने आवास में निजी प्रैक्टिस कर रहे हैं। इस बाबत डॉ ऋषि कुमार ने सीएमओ को लिखे पत्र में कहा कि छह मार्च को उन्होंने अपना इस्तीफा मुख्य सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण को ई-मेल व पंजीकृत डाक से भेज दिया है। त्याग पत्र भेजे तकरीबन एक माह हो रहा है। शासन स्तर से अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया।

उन्होंने सीएमओ से मांग किया कि आवंटित सरकारी आवास का उपभोग नहीं करना चाहते। ऐसे में अपने स्तर से उन्हें नोटिस देकर एक माह का समय देकर आवास खाली करने का आदेश जारी करें। इस बाबत सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी ने बताया कि एक माह के भीतर डॉ ऋषि आवास खाली कर देंगे।

आबादी के चारों ओर घूम रहे गुलदार से क्षेत्र वासियों में दहशत ही दहशत

नगीना। आबादी के चारों ओर घूम रहे गुलदार से क्षेत्र वासियों में दहशत फैली, वन विभाग से शिकायत करने के बाद भी कताई मील लेवर कॉलोनी में फिर दिखा गुलदार। अधिकारी कोई भी कार्यवाही करने को तैयार नहीं, वन विभाग के प्रति लोगों में आक्रोश है। नगीना बिजनौर मार्ग स्थित कताई मिल लेवर कॉलोनी में बुधवार की रात 8:15 बजे आदमखोर गुलदार घूस आया कॉलोनी वासियों ने मकान की छत पर बैठा देख कॉलोनी वासियों में अफरा-तफरी बन गई और सभी हाथों में डंडे लेकर इकट्ठा हो गए उनमें से किसी युवक ने छत पर घूम रहे गुलदार की वीडियो बनाई शोर मचाने से गुलदार छतों से होता हुआ सूत मिल की दीवाल फांद कर जंगलों की ओर चला गया। गुलदार के चले जाने से कॉलोनी वासियों ने राहत भरी सांस तो ली लेकिन कॉलोनी वासियों को रात भर गुलदार के आने का डर भय सताता रहा, कॉलोनी वासियों ने जाग जाग कर रात गुजारी कॉलोनी वासियों ने रात को ही कॉलोनी में गुलदार होने की सूचना फोन द्वारा दी लेकिन वन विभाग का कोई भी अधिकारी अब तक मां नहीं पहुंच सका जिसको लेकर मिल कॉलोनी वासियों में आक्रोश फैला है। गुलदर आजकल नगर क्षेत्र की घनी आबादी की सीमाओं पर घूमता हुआ दिखाई दे रहा है कभी काला खेड़ी फाटक, एसडीएम कोर्ट की कुछ ही दूरी पर आपके बाग में, रामलीला बाग, नगीना हरेवली मार्ग, बढ़ापुर मार्ग, बाया वाला बाग, नहटोर रेलवे फाटक, सेवावाली गांवड़ी, आदि क्षेत्र आबादी से सटे हुए हैं उपरोक्त स्थानों पर दिन प्रतिदिन गुलजार कभी रात में तो कभी दिन में घूमता हुआ दिखाई दे रहा है जिसके डर से लोगों ने मॉर्निंग वॉक के लिए भी बंद कर दिया ।

पाकिस्तान में देशद्रोह कानून खत्म

लाहौर। पाकिस्तान के लाहौर हाई कोर्ट ने ऐतिहासिक फैसले में देशद्रोह कानून को खत्म कर दिया। लाहौर हाई कोर्ट के जस्टिस शाहिद करीम ने द्रेशद्रोह से संबंधित पाकिस्तान दंड संहिता की धारा 124-ए को रद कर दिया। इस कानून के खिलाफ देश के कई नागरिकों ने याचिका दायर की थीं। इन लोगों ने देशद्रोह कानून को इस आधार पर चुनौती दी थी कि हुकूमत ने इसका इस्तेमाल अपने विरोधियों के खिलाफ किया है। उल्लेखनीय है कि देशद्रोह के कानून को खत्म करने का फैसला देने वाले जस्टिस करीम वही हैं, जिन्होंने 2019 में पाकिस्तान के पूर्व तानाशाह जनरल परवेज मुशर्रफ को दोषी ठहराया था और 2007 में संविधान को पलटने के लिए राजद्रोह के मामले में उन्हें मौत की सजा सुनाई थी।

चैटबॉट 'एलिजा' से 6 हफ्ते बात कर की आत्महत्या:बेल्जियम में पत्नी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को ठहराया पति की मौत का जिम्मेदार

बेल्जियम। यूरोप के देश बेल्जियम से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां के एक आदमी ने 6 हफ्ते तक चैटबॉट से बात करने के बाद आत्महत्या कर ली। इसके बाद से बेल्जियम में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को लेकर सवाल उठने शुरू हो गए हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक चैटबॉट का नाम एलिजा है। आत्महत्या करने वाला व्यक्ति एलिजा से क्लाइमेट चेंज को लेकर बात करता था। चैटबॉट से कई हफ्तों तक बातें करने के बाद उसके दिमाग में आत्महत्या करने के विचार आने लगे थे।

दो साल पहले शुरू हुआ था बातचीत का सिलसिला

डेली मेल की रिपोर्ट के दो साल पहले बेल्जियम के युवक को क्लाइमेट चेंज को लेकर चिंता होनी शुरू हो गई थी। उसे डर लगने लगा था कि जिस तरह से दुनिया कोयले का इस्तेमाल कर रही है और प्रदूषण फैल रहा है। इससे जल्द ही धरती पर जहरीली गैसें फैलना शुरू हो जाएंगी।

यही वो समय था जब उस व्यक्ति ने चैटबॉट 'एलिजा' से बात करना शुरू कर दिया। आत्महत्या करने वाले युवक की पत्नी ला लिबर बताती हैं कि उसके पति को एलिजा से बात करने के कुछ ही हफ्तों में ही उसकी आदत पड़ गई थी। उनकी पत्नी कहती है कि एलिजा उनके लिए ड्रग्स की तरह हो गई थी। अगर उससे बातें नहीं की होती तो आज मेरे पति जिंदा होते।

जापानी विदेश मंत्री एक अप्रैल को दो दिवसीय दौरे पर जाएंगे चीन

टोक्यो। जापान के विदेश मंत्री योशहीमासा हायाशी 2 दिनी विदेशी दौरे पर चाइना आएंगे। विदेश मंत्री ने बताया कि एक अप्रैल को वे दो दिवसीय दौरे पर चीन जाएंगे। 2019 में विदेश मंत्री बने योशहीमासा पहली बार चीन जाएंगे।

चीनी विदेश मंत्री से करेंगे मुलाकात

लोकल न्यूज के मुताबिक, जापानी मंत्री चीन एक ऐसे समय पर जा रहे हैं, जब दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण संबंध हैं। क्षेत्रीय विवाद

के साथ-साथ हाल ही में जापानी व्यापारी के हिरासत में लेने से दोनों देशों के बीच स्थिति नाजुक है। हयाशी चीनी विदेश मंत्री किन गैंग से मिलेंगे। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, हयाशी चीन से जापानी व्यापारी को रिहा करने की मांग भी करेंगे। व्यापारी पर जासूसी के आरोप में मार्च की शुरुआत में गिरफ्तार किया गया था। चीनी तटरक्षक युद्धपोत अक्सर सेनकाकू द्वीपों के आसपास जापानी क्षेत्रीय जल का उल्लंघन करते हैं। जिस पर जापान का शासन है और द्वीप पूर्वी चीन सागर में स्थित है। लेकिन चीन उसे दियाओयू के रूप में दावा करता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने बैंकॉक में नवंबर में हुई बैठक में हयाशी की चीन यात्रा तय करने पर सहमति जताई थी।

भारतीय मूल के रिचर्ड वर्मा बने अमेरिकी विदेश विभाग के सीईओ

वाशिंगटन। भारतीय मूल के रिचर्ड वर्मा को अमेरिकी विदेश विभाग के मुख्य अधिशासी अधिकारी (सीईओ) जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। 54 साल के रिचर्ड भारत में अमेरिका के राजदूत भी रह चुके हैं। अमेरिकी सीनेट ने वर्मा को विदेश मंत्रालय में बड़ा दायित्व सौंपा है। रिचर्ड को अमेरिकी सीनेट ने विदेश विभाग में प्रबंधन व संसाधन मामलों का उपसचिव बनाया है। अमेरिकी सरकार के इस शक्तिशाली दायित्व को विदेश विभाग का सीईओ भी कहा जाता है। अमेरिकी सीनेट में रिचर्ड के चयन पर हुए मतदान में 67 सदस्यों ने उनके पक्ष में और 26 ने विरोध में मतदान किया। अंततः 67-26 मतों रिचर्ड की नियुक्ति का पथ प्रशस्त हुआ। रिचर्ड 16 जनवरी, 2015 से 20 जनवरी, 2017 तक भारत में अमेरिका के राजदूत के रूप में काम कर चुके हैं। वे इस समय मास्टरकार्ड में मुख्य कानूनी अधिकारी और वैश्विक सार्वजनिक नीति के प्रमुख हैं। पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के कार्यकाल में वर्मा ने

विधायी मामलों के राज्य के सहायक सचिव के रूप में कार्य किया। रिचर्ड वर्मा अमेरिका के सीनेटर हैरी रीड के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार भी रहे हैं। इसके अलावा वह डेमोक्रेटिक पार्टी के व्हिप, अल्पसंख्यक नेता और अमेरिकी सीनेट के तत्कालीन बहुमत के नेता रह चुके हैं। उन्होंने द एशिया ग्रुप के वाइस चेयरमैन, स्टेप्टो ऐंड जॉनसन एलएलपी में पार्टनर और सीनियर काउंसलर और अलब्राइट स्टोनब्रिज ग्रुप में सीनियर काउंसलर के रूप में भी काम किया है। उन्होंने अमेरिकी वायुसेना के जज एडवोकेट के रूप में सक्रिय ड्यूटी पर भी काम किया है। वर्मा को राष्ट्रपति के खुफिया सलाहकार बोर्ड में नियुक्त किया गया था और वे सामूहिक विनाश और आतंकवाद आयोग के हथियारों के पूर्व सदस्य हैं।

भारतीय अपराधी जयसुख रणपरिया के प्रत्यर्पण को ब्रिटेन की अदालत से मंजूरी

लंदन। ब्रिटेन की राजधानी लंदन की एक अदालत ने भारत के गुजरात में एक वकील की हत्या सहित कई मामलों में वांछित भारतीय अपराधी जयसुख रणपरिया के प्रत्यर्पण की मंजूरी प्रदान कर दी। जयसुख रणपरिया उर्फ जयेश पटेल पर एक वकील किरीट जोशी की हत्या का भी आरोप है। चार मामलों में गुजरात के जामनगर के भूखंडों की बिक्री से जुड़े मामले भी शामिल हैं। साथ ही लोगों से धन या संपत्ति उगाही के साथ हत्या की सुपारी देने का मामला भी भारत में दर्ज है। वर्ष 2018 में किरीट जोशी की हत्या के लिए तीन करोड़ की सुपारी देने वाला जयसुख इस हत्याकांड के बाद से फरार हो गया था। बाद में उसे ब्रिटेन में गिरफ्तार किया गया। भारत ने ब्रिटेन की अदालत के समक्ष जयसुख के प्रत्यर्पण के लिए आवेदन किया था। इस पर वेस्टमिंस्टर की जिला न्यायाधीश सारा जेन ग्रिफिथ्स ने फैसला सुनाते हुए जयसुख रणपरिया के प्रत्यर्पण की अनुमति दी। फैसले पर हस्ताक्षर के लिए

मामला गृह सचिव सुएला ब्रेवरमन को भेजा गया है। न्यायाधीश सारा ने फैसले में दो साल पहले के मामले को बेहद चुनौतीपूर्ण बताया। इस मामले में सुनवाई पिछले वर्ष दिसंबर में समाप्त हुई थी। न्यायाधीश ने कहा कि जरूरी मानकों के हिसाब से प्रत्यर्पण अनुरोध में प्रथम दृष्टया मामला स्थापित करने के लिए पर्याप्त साक्ष्य हैं और इस दृष्टि से वे संतुष्ट हैं।

लोकतंत्र शिखर सम्मेलन में पाकिस्तान के हिस्सा न लेने से अमेरिका दुखी

वाशिंगटन। अमेरिका की पहल पर आयोजित लोकतंत्र शिखर सम्मेलन में पाकिस्तान के हिस्सा न लेने से अमेरिका दुखी है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रधान सचिव वेदांत पटेल ने कहा है कि इससे पाकिस्तान और अमेरिका के रिश्तों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। भारतीय दूतावासों पर हमलों को लेकर उन्होंने कहा कि अमेरिका अपने देश में राजनयिकों की सुरक्षा को लेकर गंभीर है।

अमेरिका की पहल पर आयोजित लोकतंत्र शिखर सम्मेलन में चीन और तुर्किये को न्योता नहीं दिया गया था और ताइवान को बुलाया गया था। इस पर पाकिस्तान ने इस सम्मेलन में हिस्सा न लेने का फैसला किया था। इस पर वेदांत पटेल ने कहा कि लोकतंत्र शिखर सम्मेलन में पाकिस्तान के भाग न लेने से अमेरिका दुखी है किन्तु इससे पाकिस्तान के साथ अमेरिकी रिश्तों पर कोई

प्रतिकूल असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि एक देश के रूप में पाकिस्तान ऐसे सम्मेलन में भाग लेने या भाग न लेने का निर्णय करने को स्वतंत्र है। भारत और पाकिस्तान के साथ अमेरिकी रिश्तों पर पटेल ने कहा कि अमेरिका के रिश्ते दोनों देशों से अच्छे हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका अपने भारतीय भागीदारों के अलावा पाकिस्तान के साथ भी अपने महत्वपूर्ण संबंधों को महत्व देता है। उन्होंने कहा कि ये रिश्ते अपने दम पर खड़े होते हैं और उसमें किसी भी तरह की धनराशि के प्रस्ताव शामिल नहीं होते हैं।

अमेरिका में भारतीय दूतावासों पर हमले को लेकर वेदांत पटेल ने कहा कि राजनयिकों की सुरक्षा को लेकर अमेरिका गंभीर है। पिछले दिनों खालिस्तान समर्थकों ने अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन स्थित भारतीय दूतावास व सैन फ्रांसिस्को स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास पर हमले किए थे। वेदांत पटेल ने दावा कि संयुक्त राष्ट्र में जिन राजनयिक मिशनों की मेजबानी का जिम्मा अमेरिका पर है, उनकी चिंता करने का जिम्मा भी अमेरिका का है। उन्होंने बताया कि अमेरिकी विदेश मंत्रालय अपने भारतीय सहयोगियों के साथ निकट संपर्क में है। इसके अंतर्गत विभिन्न स्थानीय संस्थाओं के साथ निकट संपर्क में रहना सुनिश्चित किया जा रहा है। साथ ही यह भी देखा जा रहा है कि विभिन्न मिशन व वाणिज्य दूतावास कहां हैं, ताकि उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

अमेरिका का आरोप, चीन ने भारतीय सीमा पर उठाए उकसावे वाले कदम

वाशिंगटन। चीन के साथ रिश्तों की तनातनी के बीच अमेरिकी ने चीन पर भारतीय सीमा पर उकसावे वाले कदम उठाने का आरोप लगाया है। अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय के हिंद-प्रशांत मामलों के समन्वयक कर्ट कैंपबेल ने भारत के साथ निकटता के साथ काम करने की मंशा जाहिर करते हुए कहा कि दुनिया को वैश्विक मंच पर एक महान राष्ट्र के रूप में भारत की भूमिका को समझने की जरूरत है। अमेरिकी थिंक टैंक 'सेंटर फॉर ए न्यू अमेरिकन सिक्योरिटी' से कैंपबेल ने कहा कि वैश्विक स्तर पर भारत की बड़ी भूमिका को अमेरिका प्रोत्साहित करना चाहता है और इसका समर्थन करना चाहता है। भारत के साथ पहले से ही मजबूत रिश्ते को और गहरा करने की इच्छा जाहिर करते हुए उन्होंने

कहा कि दोनों देशों के लोगों के आपसी संबंध अमेरिकी लोगों के वैश्विक स्तर पर अन्य देशों के लोगों से संबंधों की तुलना में सबसे मजबूत हैं। थिंक टैंक 'सेंटर फॉर ए न्यू अमेरिकन सिक्योरिटी' ने एक रिपोर्ट में कहा कि भारत-चीन सीमा पर घुसपैठ तथा झड़पों की घटनाएं बढ़ गई हैं। रिपोर्ट के अनुसार, भारत एवं चीन के बीच सीमा को लेकर शत्रुता की बढ़ती आशंका का अमेरिका पर और इन दो एशियाई दिग्गजों के बीच उसकी हिंद-प्रशांत रणनीति पर असर पड़ता है। कैंपबेल ने कहा कि पांच हजार मील की विशाल सीमा पर चीन ने जो कुछ कदम उठाए हैं, वे भड़काने वाले तथा भारतीय भागीदारों व दोस्तों के लिए बेहद चिंताजनक है। कैंपबेल ने भारत-अमेरिका संबंधों को 21वीं सदी में अमेरिका के लिए सबसे महत्वपूर्ण द्विपक्षीय संबंध करार दिया।

नाटो सदस्यता: फिनलैंड की सभी बाधाएं दूर, तुर्किए की संसद ने दी मंजूरी

अंकारा। फिनलैंड को नाटो की सदस्यता मिलने की सभी बाधाएं दूर हो गयी हैं। तुर्किए की संसद ने फिनलैंड को नाटो का सदस्य बनाने के लिए सर्वसम्मति से मंजूरी दे दी है। अभी स्वीडन की नाटो सदस्यता की राह में तुर्किए और हंगरी की बाधा बनी हुई है।

नाटो की सदस्यता के लिए पूरी प्रक्रिया के साथ सभी सदस्य देशों की मंजूरी भी जरूरी होती है। फिनलैंड व स्वीडन ने नाटो सदस्यता के लिए आवेदन किया था। अब तक तुर्किए की संसद से दोनों देशों की सदस्यता को मंजूरी न मिलने के कारण इनकी नाटो सदस्यता अटकी हुई थी। अब तुर्किए की संसद ने एकमत से फिनलैंड को नाटो का सदस्य बनाने की मंजूरी दे दी है। नाटो के अन्य सदस्य देश पहले ही फिनलैंड को नाटो का सदस्य बनाने की मंजूरी दे चुके हैं। स्वीडन और फिनलैंड ने साल 2022 में नाटो का सदस्य बनने के लिए आवेदन किया था। इसके बाद अधिकतर देशों ने स्वीडन और फिनलैंड को नाटो का सदस्य बनाने की मंजूरी दे दी थी लेकिन हंगरी और तुर्किए इसके लिए तैयार नहीं थे। तुर्किए का आरोप था कि कुर्दिश आतंकी संगठन फिनलैंड और स्वीडन से तुर्किए के खिलाफ साजिश रच रहे हैं। हालांकि दोनों देशों ने तुर्किए के आरोपों से

इनकार किया था। वहीं हंगरी का आरोप है कि स्वीडन और फिनलैंड में कानून व्यवस्था की स्थिति ठीक नहीं है और दोनों देश इसके बारे में झूठ बोलते हैं। बाद में तुर्किए और हंगरी ने फिनलैंड के प्रति अपने रुख को नरम कर लिया था और फिनलैंड को नाटो में शामिल करने की मंजूरी दे दी। दोनों देश अभी भी स्वीडन की सदस्यता का विरोध कर रहे हैं। हंगरी का कहना है कि स्वीडन को सदस्यता पाने के लिए कई बड़े कदम उठाने होंगे। नाटो की सदस्यता की राह खुलने पर फिनलैंड ने खुशी जाहिर की है। फिनलैंड के राष्ट्रपति साउली निनिस्तो ने कहा कि हमारा देश नाटो में शामिल होने के लिए तैयार है। सभी 30 देशों ने उनकी सदस्यता को मंजूरी दे दी है और वह सभी सदस्य देशों को उनका समर्थन करने के लिए धन्यवाद देना चाहते हैं। निनिस्तो ने कहा कि फिनलैंड एक मजबूत और सक्षम सहयोगी बनेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि स्वीडन भी जल्द नाटो का सदस्य बनेगा। नाटो के महासचिव जेंस स्टोलटेनबर्ग ने भी फिनलैंड को नाटो का सदस्य बनाए जाने का स्वागत किया और कहा कि इससे नाटो और मजबूत होगा।

अमेरिका में एडल्ट स्टार से रिश्तों पर डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ चलेगा मुकदमा

वाशिंगटन। अगले साल एक बार फिर अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में किस्मत आजमाने का एलान कर चुके पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मुसीबतें बढ़ गई हैं। एडल्ट फिल्म स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स से रिश्तों पर उनके खिलाफ मुकदमा चलाने का फैसला हुआ है। अमेरिकी राष्ट्रपति पद के भारतीय मूल के दो दावेदारों निक्की हेली और

डेनियल जब ट्रंप से मिली थीं, तब उनकी उम्र 27 साल थी और ट्रंप की 60 साल। यह मामला संघीय चुनाव आयोग और न्यूयॉर्क प्रोसिक्यूटर, दोनों तक पहुंचा किन्तु कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब इस मामले में गठित ग्रांड ज्यूरी ने जांच के बाद ट्रंप के खिलाफ मुकदमा चलाने का फैसला लिया है। ट्रंप आपराधिक मुकदमे का सामना करने वाले अमेरिका के पहले पूर्व राष्ट्रपति बन गए हैं। हालांकि, आरोपों को सार्वजनिक नहीं किया गया है। अगर उन्हें इस मामले में गिरफ्तार किया जाता है या उन्हें सजा सुनाई जाती है तो भी इस तरह की कार्रवाई का सामना करने वाले पहले अमेरिकी पूर्व राष्ट्रपति होंगे। ट्रंप के वकील रहे माइकल कोहेन अगस्त 2018 में उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है। जुलाई 2007 में स्टॉर्मी ही राष्ट्रपति चुनाव के दौरान वित्तीय गड़बड़ी का आरोप स्वीकारकर चुके हैं। साथ ही उन्होंने स्टॉर्मी डेनियल को पैसे देने में मदद की बात भी स्वीकार की थी। साथ ही उन्होंने प्लेबॉय की एक पूर्व मॉडल को पैसे देने की बात भी कबूली थी ताकि ट्रंप के राष्ट्रपति चुनाव अभियान में मदद ली जा सके। कोहेन ने कहा था कि यह सब उन्होंने ट्रंप के कहने पर किया था।

पिछले दिनों ट्रंप ने अपनी गिरफ्तारी की भविष्यवाणी की थी। उनका दावा है कि उनके प्रतिद्वंद्वी उन्हें रोकने के लिए फर्जी मामलों का सहारा ले रहे हैं। इस बीच अगले साल होने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के भारतीय मूल के दो दावेदारों निक्की हेली और विवेक रामास्वामी ने ट्रंप के खिलाफ कार्रवाई को बदले की राजनीति करार दिया है। निक्की हेली ने इसे देश के इतिहास का काला दिन करार दिया है। वहीं रामास्वामी ने कहा है कि इससे लोगों का देश की न्याय प्रणाली में भरोसा घटेगा।

पाकिस्तान में तीन सप्ताह के भीतर दूसरे हिंदू डॉक्टर की हत्या, विरोध में प्रदर्शन

इस्लामाबाद। पाकिस्तान लगातार हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों के लिए असुरक्षित साबित हो रहा है। वहां तीन सप्ताह के भीतर दूसरे हिंदू डॉक्टर की हत्या कर दी गयी है। पाकिस्तान के अल्पसंख्यकों ने लगातार हत्याओं एवं जबरन धर्मांतरण के विरोध में प्रदर्शन किये हैं।

पाकिस्तान में हिंदुओं पर हमले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। अब कराची के प्रमुख नेत्ररोग विशेषज्ञ डॉ. बीरबल जेनानी की ल्यारी एक्सप्रेसवे के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई है। डॉ. बीरबर जेनानी पाकिस्तान के सबसे बड़े शहर में कराची महानगर निगम के पूर्व स्वास्थ्य निदेशक थे। जब वह रामस्वामी से अपने सहायक डॉक्टर के साथ गुलशन-ए-इकबाल जा रहे थे तभी कुछ अज्ञात हमलावरों ने उनकी कार को निशाना बनाया। डॉ. जेनानी की मौके पर मौत हो गई जबकि उनके सहायक को गोली लगी। स्थानीय पुलिस ने कहा कि डॉ.

जेनानी की हत्या एक 'टारगेट किलिंग' थी। हालांकि हत्या के पीछे की वजह अभी सामने नहीं आई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पिछले बीस दिन के भीतर पाकिस्तान में दूसरे हिंदू डॉक्टर डॉ. जेनानी की हत्या की गयी है। इससे पहले नौ मार्च को हैदराबाद में रहने वाले डॉ. धर्मदेव राठी की हत्या कर दी गयी थी। लगातार हिंदुओं की हत्याओं और हिंदू बेटियों के जबरन धर्मांतरण के विरोध में हिंदुओं ने प्रदर्शन किया। कराची में विरोध मार्च निकाला गया। सिंध विधानसभा भवन के प्रवेश द्वार पर भारी संख्या में जुटे लोगों ने नारेबाजी कर हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की।

अमेरिका में सैन्य प्रशिक्षण के दौरान आपस में टकराए लड़ाकू हेलीकॉप्टर, कई मौतों की आशंका

वाशिंगटन। अमेरिका में सैन्य प्रशिक्षण के दौरान दो लड़ाकू हेलीकॉप्टर आपस में टकरा गए। इस दुर्घटना में कई लोगों के मौत की आशंका है। फिलहाल, राहत और बचाव कार्य के साथ पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है।

जानकारी के मुताबिक अमेरिका के केंटुकी प्रांत में अत्याधुनिक लड़ाकू हेलीकॉप्टर ब्लैक हॉक सैन्य प्रशिक्षण के लिए उड़ान भरे। इस दौरान ही दोनों विमान आपस में टकरा गए। विमानों में आग लग गयी और जली हुई अवस्था में नीचे गिरे। ब्लैक हॉक

अमेरिका का प्रमुख और अत्याधुनिक लड़ाकू हेलीकॉप्टर है, जिसे अमेरिका ने वियतनाम युद्ध के बाद तैयार किया था। दुनियाभर में अमेरिका के कई मित्र देशों के विशेष बल इस तरह के हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल करते हैं। ये हेलीकॉप्टर खास मिशन को अंजाम देने में कारगर माने गए हैं। क्योंकि, इनकी गति तेज होती है और ये तकनीकी दृष्टि से भी अधिक उन्नत होते हैं।

केंटुकी के गवर्नर एंडी बेशियर ने ट्वीट कर बताया कि देर रात एक नियमित प्रशिक्षण अभियान के दौरान यह हादसा हुआ। फोर्ट कैंपबेल क्षेत्र से खबर आई है कि इसके घातक परिणाम होने की उम्मीद है। स्थानीय अधिकारी और आपातकालीन सेवाओं से जुड़े लोग बचाव और राहत कार्य में जुटे हैं। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही राहत और बचाव दल घटनास्थल पर भेज दिये गए थे। अमेरिकी सेना से जुड़े लोग भी मौके पर पहुंचे हैं। इस हादसे में कई लोगों की मौत की आशंका जताई जा रही है। अभी मौतों की संख्या की पुष्टि नहीं हुई है। सेना की ओर हादसे के कारणों की जांच भी शुरू कर दी गयी है।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।